

बीजेपी 18 साल से सत्ता में, 3 साल में मात्र... 12

वरुण गांधी ने सांसद निधि से पांच करोड़ के 91... 10




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 19
मूल्यः ₹3.00/-
12+1 (वेब संस्करण)

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 29 अक्टूबर, 2023


प्रधानमंत्री ने रोजगार मेला में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए

# नौकरी पाना अब आसानः मोदी

**हम न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं बल्कि एक पारदर्शी प्रणाली भी बनाए हुए हैंः प्रधानमंत्री**

## नौकरी पाने वाले परिवारों के लिए यह दिवाली से कम नहींः पीएम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 10वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को जॉइनिंग लेटर बांटे। ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। पीएम मोदी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। इस मौके पर पीएम ने कहा- दिवाली में अभी कुछ ही वक्त बाकी है, लेकिन नियुक्ति पत्र पाने वाले 50 हजार युवाओं के परिवार के लिए यह मौका दिवाली से जरा भी कम नहीं है, आपने कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। इसके लिए आप सभी नौजवान साथी और विशेष कर हमारी बेटियां बधाई की पात्र हैं। आपके परिवार को मेरी तरफ से बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

### पीएम बोले, भाजपा की केंद्र सरकार ने नए सेक्टर्स में नौकरी के मौके बढ़ाए

पीएम ने इस मौके पर कहा कि उनकी सरकार और भाजपा शासित प्रदेश पिछले साल अक्टूबर से ही रोजगार मेले का आयोजन कर रहे हैं। इन मेलों में लाखों की संख्या में युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर मिला है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला युवाओं के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है। उनकी सरकार ने पारंपरिक सेक्टर्स के साथ रिनुएबल एनर्जी, डिफेंस इंडस्ट्री और ऑटोमेशन जैसे नए सेक्टर्स में नौकरी पाने के मौके बढ़ाए हैं। पीएम ने कहा कि आज का भारत अपने युवाओं को स्किल और एजुकेशन से लैस कर रहा है ताकि नई मौकों का लाभ उठाया जा सके। भारत के विकास की दिशा और गति की वजह से सभी सेक्टर्स में नौकरियों के नई मौके पैदा हो रहे हैं।

### इन विभागों में मिली नौकरी

पीएम द्वारा युवाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र विभिन्न विभागों से हैं। देश भर से चुने गए ये कर्मचारी गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा, साक्षरता विभाग और मंत्रालय सहित सरकार के विभिन्न विभागों में शामिल होंगे।




### 10 महीने में 5 लाख को जॉइनिंग लेटर मिले

22 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। तब पीएम ने कहा था- हमारा लक्ष्य देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देना है। पीएम ने पिछले 11 महीनों में आयोजित 10 रोजगार मेलों में करीब 6 लाख से ज्यादा युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए हैं। ये रोजगार मेला देश की 37 लोकेशन पर आयोजित किया जाएगा। केंद्र सरकार के अलग-अलग डिपार्टमेंट्स में भर्तियां हो रही हैं। इसके अलावा राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश भी इस अभियान में साथ दे रहे हैं। नए भर्ती हुए कई मंत्रालय और विभाग जॉइन करेंगे। इनमें युवा रेल मंत्रालय, पोस्टल विभाग, गृह मंत्रालय, रेवेन्यू विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग शामिल हैं।

1

### युवाओं को रोजगार

केंद्र की मोदी सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन किया था, जिसमें युवाओं या फिर नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्त पत्र दिए गए। नियुक्ति पत्र देने के लिए पीएम मोदी वर्चुअल तरीके से सबके साथ जुड़े थे। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर नवनियुक्त लोगों से देश में रोजगार की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा भी की। केंद्र सरकार के इस रोजगार मेले के तहत अब तक लाखों के करीब युवाओं को सरकारी नौकरी मिल चुकी है।

2

### 6 लाख लोगों को रोजगार

बता दें कि 28 अगस्त तक 8 रोजगार मेला के तहत कुल 5.5 लाख से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे गए थे। वहीं, 26 सितंबर तक 6 लाख से ज्यादा युवाओं को ज्वाइंनिंग लेटर दिए जा चुके हैं। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 22 अक्टूबर, 2022 को रोजगार मेले की शुरूआत की थी। रोजगार मेले के जरिए सरकार का उद्देश्य 10 लाख लोगों को रोजगार देना है।

3

### प्रशिक्षित करने का मौका

नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है, जहां कहीं भी किसी भी डिवाइस सीखने के लिए 680 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

### पीएम बोले, यह मौका दिवाली से कम नहीं

इस मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, रोजगार मेला की शुरुआत पिछले साल अक्टूबर में हुई थी। केंद्र और एनडीए, बीजेपी शासित राज्यों में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। अब तक लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र दिये जा चुके हैं। आज 50 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गयी है। दिवाली में अभी कुछ समय है, लेकिन 50 हजार नियुक्ति पत्र पाने वालों के परिवारों के लिए यह मौका दिवाली से कम नहीं है। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग और स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय समेत विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में नियुक्त किए जायेंगे। कर्मयोगी पोर्टल पर एक मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा।

सीएम योगी ने औरैया को दी 688 करोड़ की सौगात, कहा

# डबल इंजन की सरकार बढ़ा रही विकास कार्य

जन एक्सप्रेस । औरैया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को औरैया पहुंचे। औरैया में उन्होंने 688 करोड़ रुपये की अलग-अलग परियोजनाओं का तोहफा दिया। इनमें से 438 करोड़ की 64 परियोजनाओं का शिलान्यास किया और साथ ही 238 अरब की 81 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। सीएम ने तीन बच्चों का अन्नप्राशन भी किया और उन्हें पायल पहनाईं। उन्होंने छात्राओं को फोन और टैबलेट दिए। सीएम ने तिरंगा मैदान में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित किया। सीएम योगी सुबह 11.10 पर औरैया पहुंचे। इसके बाद तिरंगा मैदान में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित किया। सीएम ने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में महिलाओं का सम्मान होता है। अन्य देशों जैसे ब्रिटेन की महिलाओं को बाद में सम्मान मिलना शुरू हुआ पहले ये भारत में हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है और बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम कर रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ भी जारी है। अब कहीं भी बेटियों को पेट में नहीं मारा जा सकेगा। प्रधानमंत्री जी के बनाए सख्त नियमों से अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने अपनी और मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

### आधी अधूरी योजनाओं का उद्घाटन!

तिरंगा मैदान से सीएम योगी आदित्यनाथ करोड़ों की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। स्पोर्ट्स स्टेडियम अभी बनकर तैयार नहीं हुआ। हाल में इसी को लेकर डीएम नेहा प्रकाश ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ एफआईआर का आदेश दिया था। समाधान का पुरवा में बने ड्रग वेयर हाउस भी बनकर तैयार नहीं हो पाया है। इसी तरह अन्य परियोजनाओं की भी स्थिति है।




### मुख्यमंत्री के भाषण के मुख्य अंश...

- भारत दुनिया का वह देश है, जहां आधी आबादी को वोट देने का अधिकार मिला। ब्रिटेन की महिलाओं को भारत के बाद सम्मान मिला है।
- डबल इंजन की सरकार विकास के कार्य आगे बढ़ाने का काम कर रही है। बेटियो और महिलाओं को सुरक्षा देने, शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उनके आगे का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है।
- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ में पहले जो आंकड़े आते थे। वो बेहद चौंकाने वाले होते थे। भ्रूण हत्या के आंकड़े भी भयभीत करने वाले आते थे।
- अब कहीं भी बेटियों को पेट में नहीं मारा जा सकेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री जी ने सख्त नियम बनाए हैं, जिससे आज अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।
- मुख्यमंत्री सुमंगला योजना में अगले सत्र में 25 हजार देने का प्रावधान किया जा रहा है। बेटी के जन्म लेते ही उसको योजना का लाभ दिया जाएगा। पहली क्लास में जाएगी, छटवीं क्लास और नौवीं क्लास में जाएगी, तो खाते में पैसा आएगा।
- मुख्यमंत्री वैवाहिक योजना में 51 हजार रुपए खाते में भेजे जाएंगे। 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद नंगे पैर स्कूल जाने वाली बच्चो को दो ड्रेस, जूता-मौजे आदि के लिए रजिस्ट्रेशन होते ही 12 सौ रुपये खाते में भेजे जाते हैं।
- जातिवाद और परिवारवाद को बढ़ावा देने वालो ने विकास से किनारा किया। आज इस सरकार में पूरे प्रदेश में विकास किया जा रहे है। मेडिकल कॉलेज दिया गया। सात सौ करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया गया है।
- सरकारी सेवाओं में डेढ़ लाख महिलाओ को प्रदेश में नौकरी दी गई है। बुंदेलखंड में 40 हजार महिलाएं स्वावलंबन की योजनाओं से जुड़कर करोड़ों रुपए का लाभ कमा रही हैं।

# गीता प्रेस के ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल का निधन

**90 साल की उम्र में गोरखपुर स्थित घर पर ली आखिरी सांस, सीएम योगी ने जताया शोक**

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गीता प्रेस के ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही गोरखपुर में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी गीता प्रेस, गोरखपुर के ट्रस्टी बैजनाथ अग्रवाल (90) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने उनके बेटे देवी दयाल अग्रवाल से बात कर सांत्वना दी। बैजनाथ अग्रवाल ने शुक्रवार की रात करीब 2.30 बजे गोरखपुर के हरिओम नगर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि विगत 40 वर्षों से गीता प्रेस के ट्रस्टी के रूप में बैजनाथ का जीवन सामाजिक जागरूकता और मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। वह ईश्वर के अनन्य भक्त थे। बैजनाथ के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। सीएम ने परिजनों से बातकर उन्हें ढांढस बंधाया है। बता दें कि बैजनाथ अग्रवाल समाजसेवी भी रहे हैं। गीता प्रेस के माध्यम से उनका धार्मिक एवं सामाजिक जुड़ाव भी रहा है। 1950 में गीता प्रेस में बतौर कर्मचारी आए थे। उस वक्त उनकी उम्र सिर्फ 17 साल थी। 40 साल पहले 1983 में गीता प्रेस के ट्रस्टी बनाए गए। इससे पहले वे यहां व्यवस्थापक का पद भी संभाल चुके हैं। खास बात यह है करीब 70 साल योगदान देने के अलावा उन्होंने कभी कोई अन्य काम या नौकरी के बारे में नहीं सोचा और अपना पूरा जीवन यहां समर्पित कर दिए। उनके पिता भी यहां कर्मचारी रहे हैं। जबकि, उनके बेटे देवी दयाल अग्रवाल अभी गीता प्रेस के ट्रस्टी हैं। वहीं, गीता प्रेस गांधी शांति पुरस्कार को तो स्वीकार कर लिया, लेकिन इसके साथ मिलने वाले एक करोड़ की सम्मान राशि को लेने से इनकार कर दिया था। केंद्र सरकार ने बीते 18 जून, 2023 को गीता प्रेस को 2021 का गांधी शांति पुरस्कार देने की घोषणा की थी। गीता प्रेस के प्रबंधक लाल मणि तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के ष्ट्ररू योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा था, यह सम्मान हमारे लिए हर्ष की बात है। गीता प्रेस ने 100 सालों में कभी कोई आर्थिक मदद या चंदा नहीं लिया।

# प्रदूषण नहीं, पराली से मिलेंगे सीएनजी और रोजगार

**सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में जैव ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए जैव ऊर्जा नीति 2022 जारी की थी**

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** सकारात्मक सोच और कम बदलाव की बयार लाने वाले होते हैं। उत्तर प्रदेश में पराली के संबंध में भी अब कुछ ऐसा ही होने वाला है। वैसे तो पराली जलाने से काफी प्रदूषण होता है लेकिन अब यही पराली कमाई का जरिया भी बनने वाली है। पराली के जलाने से कंप्रेस्ड गैस (सीएनजी) का उत्पादन किया जाएगा जिससे आय का रास्ता तो खुलेगा ही, बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मुहैया कराए जा सकेंगे। शुद्ध जैविक खाद यानी ग्रीन एनर्जी का उत्पादन किया जा सकेगा।

- यूपी शुरू होने वाले प्लांट में बुलंदशहर का बुलंद बायोगैस भी शामिल
- प्लांट अपना उत्पादन दिसंबर में शुरू करेगा जहां हर दिन तीन टन सीएनजी का उत्पादन हो सकेगा

शुरू होने वाले प्लांट में बुलंदशहर का बुलंद बायोगैस भी शामिल है। प्लांट अपना उत्पादन दिसंबर में शुरू करेगा जहां से हर दिन तीन टन सीएनजी का



उत्पादन हो सकेगा। पराली जलाने और उससे वातावरण में फैलने वाले प्रदूषण से उत्तर प्रदेश के लोगों को जल्दी ही निजात मिल सकती है। इस समस्या के लिए एक स्थाई निदान पर काम किया जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में जैव ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए जैव ऊर्जा नीति 2022 जारी की थी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इस बाबत कई बड़े निवेशकों ने प्रदेश सरकार के साथ एमओयू साइन किया था और अब उसी का असर दिखने लगा है।

### 21 करोड़ हो चुकी है प्लांट की लागत

बुलंदशहर का बुलंद बायोगैस भी शामिल है जिसने प्रदेश सरकार के साथ एमओयू साइन किया था जो कि 18.75 करोड़ रुपये का था। हालांकि, अब इसकी लागत बढ़कर 21 करोड़ हो चुकी है। प्लांट अपना उत्पादन दिसंबर में शुरू करेगा जहां से हर दिन तीन टन सीएनजी का उत्पादन हो सकेगा। दूसरी ओर 80 से 100 लोगों को नौकरी मिल पाएगी।

### पुआल, गोबर, भूसा, गन्ने की मैली से भी कंप्रेस्ड बायोगैस बनाई जाएगी

जानकारी के अनुसार बुलंद बायोगैस में केवल पराली ही नहीं है बल्कि पुआल, गोबर, भूसा, गन्ने की मैली के अलावा नगर निगमों का कबाड़ भी होगा जिससे कंप्रेस्ड बायोगैस बनाई जाएगी। इंडियन ऑयल से इस प्लांट के लिए लाइसेंस ले लिया गया है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# मैं आरएसएस का कार्यकर्ता हूं, संघ के आदेश को कभी नहीं टालताः रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का कार्यकर्ता हूं। मैं संघ के आदेश को कभी नहीं टालता। जब मुझे इस बात की सूचना दी गई कि ठाकुर संकठा प्रसाद के व्यक्तित्व पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन होना है तो मैं व्यस्तता के बावजूद आ गया। रक्षामंत्री आरएसएस के प्रचारक स्वर्गीय ठाकुर संकठा प्रसाद के जीवन पर आधारित पुस्तक के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ठाकुर संकठा प्रसाद अनुशासन के मामले में बेजोड़ हैं। पुस्तक का शीर्षक कर्मयोगी संकठा प्रसाद है लेकिन वह निष्काम कर्मयोगी थे। उनकी कड़क आवाज में भी अपनापन था। जो व्यक्ति मन का बड़ा होता है वह लोगों के दिल को जीत लेता है वह खुद भी आनंदित रहता है और लोगों को भी खुश रखता है। संकठा प्रसाद छोटे मन के नही थे। बड़े मन का व्यक्ति आध्यात्मिक होता है। इसका मतलब यह नहीं कि वह मंदिर या धर्मस्थल पर जाए। ठाकुर साहब का मन बड़ा था। मैं कह सकता हूं कि संकठा जी का पुनर्जन्म नही होगा, उन्हें मोक्ष प्राप्त होगा। उन्होंने राष्ट्रधर्म का पालन किया। वह संघ के स्वयंसेवक थे, किसान संघ में भी उन्होंने राष्ट्र के लिए काम किया। उन्होंने कहा था कि किसान खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा।



### 'महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर लिया था संकल्प'

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा हमने महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर संकल्प लिया था कि उनकी किसी न किसी प्रतिमा पर जाकर माल्यार्पण करेंगे। उन्होंने जिस तरीके से रामचरितमानस में राम जी के चरित्र का चित्रण किया, उसका हर जगह आज भी रामायण में मंचन हो रहा है। श्री राम और उनके इतिहास को आज लोग स्वीकार कर रहे हैं।

### आज भी कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे रक्षा मंत्री

29 अक्टूबर यानी रविवार को रक्षा मंत्री सुबह साढ़े 10 बजे आलमबाग गुरुद्वारा जाएंगे और गुरु ग्रंथ साहिब प्रकाश उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके बाद कालिदास मार्ग वापस जाएंगे और यहां से 03:30 बजे लखनऊ एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे फिर शाम 4 बजे इंदौर के लिए रवाना हों जायेंगे।

### किसानों को उपज का मूल्य दिलाने को लेकर थे चिंतित

मोहिनी मोहन मिश्र ने कहा कि स्वर्गीय ठाकुर संकठा प्रसाद के बारे में सोचते है तो लगता है उनकी यह यात्रा इतनी सहज नहीं होगी लेकिन वह बहुत सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी थे। कभी कठोर तो कभी नरम थे। नारियल की तरह बाहर से बहुत कठोर और अंदर से बहुत नरम थे। संघ से किसान संघ बनाने की राह में कितने कांटे उन्हें चुभे होंगे इसकी कल्पना की जा सकती है। उनके मन मे कष्ट था कि किसानों को लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है। मानस में ही नहीं है कि किसानों को अच्छा मूल्य मिल जाए। इस मानस को बदलने के लिए वह चिंतित थे। अक्तूबर 2017 में उनका निधन हुआ था। मैं निधन से कुछ दिन पहले उनके साथ तीन दिन रहने के लिए लखनऊ आया था। वह चलने में भी असमर्थ थे लेकिन मुझे स्टेशन तक छोड़ने गए। संकठा प्रसाद कैसे समस्या का समाधान निकालते थे वह समझ नहीं आता था। कार्यकर्ता और प्रचारक के नाते जो मानक तय किया वह कठिन है। किसान संघ के कार्यकर्ताओं के सामने वह मानक आज भी हमारे लिए प्रासंगिक है। राजनाथ सिंह तो साक्षात जय जवान जय किसान हैं। वो पहले कृषि मंत्री थे अब रक्षा मंत्री हैं।

### 'जो भी कार्य करें उसे व्यवस्थित करें यही उनका मूलमंत्र था'

आरएसएस के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख स्वात रंजन ने कहा कि हमने ठाकुर संकठा प्रसाद से बचपन से ही प्रेरणा ली है। वह स्वयं सेवक की मातृवत चिन्ता करते थे। वहीं उनका ऐसा व्यक्तित्व भी ऐसा था कि उनकी खड़ाऊ की आवाज से ही स्वयं सेवक सक्रिय हो जाते थे। ऐसे महापुरुष बाहर से बड़े रूखे दिखाई देते है लेकिन अंदर से बड़े कोमल होते हैं। ठाकुर साहब 1943 में प्रचारक बनकर निकले थे। जौनपुर की शाहगंज तहसील से उनकी प्रचारक की यात्रा शुरू हुई थी। जो कार्य करना है वह व्यवस्थित करना है यह उनका मूलमंत्र था। जीवन को कैसे व्यवस्थित रखना है यह उनसे सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के लिए जनजागरण 1986 में उनकी पहल पर ही शुरू हुआ। उन्होंने कहा था कि आंदोलन से संघ कार्य भी मजबूत होगा और जनजागरण होगा। अनुशासन बहुत था यदि प्रांत प्रचारक ने कहा है तो वह बात माननी है। ठाकुर संकठा प्रसाद अनुशासन की प्रतिमूर्ति थे। उनका जीवन प्रेरणा देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक संकठा प्रसाद सिंह के जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, आरएसएस के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख स्वात रंजन और मोहिनी मोहन मिश्र मौजूद हैं।

# एक बार फिर शुरु हुआ ओवर लोडिंग और अवैध खनन, प्रशासन बेखबर

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



ओवरलोडिंग और अवैध खनन रोकने को लेकर भले ही योगी सरकार द्वारा कोई भी गाइड लाइन जारी किया जा रह हो लेकिन जिले में खनन माफिया के सिस्टम के आगे सारी गाइड लाइनें बौनी साबित हो रही है इतना ही नही ओवरलोडिंग के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्यवाही भी सिर्फ और सिर्फ दिखावा ही साबित हो रही है।

खदानो मे सीसीटीवी कैमरे व तौले के लिए कॉटे आदि लगाकर ओवर लोडिंग पर रोक लगाने के उपक्रम किये गये लेकिन सभी प्रयास निष्फल ही साबित हो रहे है। विगत वर्ष की भॉति इस वर्ष मोरम खदाने संचालित हो रही है और ओवर लोडिंग व अबैध खनन का खेल शुरु हो गया। अभी हाल ही मे ओवर लोडिंग पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया गया और विभिन्न स्थानो मे जिम्मेदार अधिकारियो को लगाकर ओवर लोड वाहनो पर कार्यवाही का निर्देश जारी किया गया था लेकिन अभियान मात्र औपचारिक ही रहा और ओवर लोड वाहन सडको पर दौड रहे है। क्यो कि अगर ऐसा न होता तो मौरंग खदानों से होने वाली ओवर लोडिंग तो जरुर ही बन्द होती। ललौली थाना क्षेत्र के उरौली मौरंग खदान के खण्ड संख्या 7 के संचालित होते ही अबैध खनन और ओवर लोडिंग का खेल शुरु हो गया। जहाँ मानको को ताक पर रख कर एक दो नही बल्कि आधा दर्जन से अधिक बड़ी बूम वाली पोकलैंड मशीनों से जमकर अवैध खनन और मौरंग ओवरलोडिंग का काम बदस्तूर जारी है। सूत्रों की माने तो खनन माफिया ने खदान के शुरू होते ही कस्बे के कुछ वर्ग विशेष के दबंग लोगो को खदान की जिम्मेदारी दिया है। जिससे स्थानीय स्तर पर माफिया का दबदबा कायम रहे और वह अपने काम को बखूबी अंजाम देते रहे। अब देखना दिलचस्प यह होगा कि 24 घण्टे खदान से होने वाली ओवरलोडिंग की तस्वीरे सामने आने के बाद माफिया और उसके गुर्गो के सिस्टम का तिलिस्म टूटेगा या नही यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा, बहरहाल पूरे खेल से पर्दा उठाने के लिए तस्वीरें ही काफी है।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने शनिवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार में महिला बैरक में पाठशाला, सीसीटीवी कैमरा, हाई सिक्योरिटी ब्लॉक ए और बी का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों के लिए खेल के सामान, किताबें व पेंटिंग की बुक व पुस्तक एवं पुष्टाहार की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी से डेंगू के मरीजों के बारे में जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि इसके लिए तत्पर रहे। उन्होंने जेल में निरूद्ध कैदियों से खान पान के बारे में जानकारी ली एवं प्रभारी जिला कारागार को निर्देशित किया कि मीनू के हिसाब से खाना दिया जाए। उन्होंने अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए, लगातार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे। उन्होंने प्रभारी जिला कारागार को निर्देश दिए की कारागार में निरुद्ध कैदियों के बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक करें एवं दवाएं भी सुनिश्चित कराएं। साथ ही जो बाहर से कैदी चित्रकूट कारागार में स्थानांतरित किए गए हैं, उन सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य किया जाए। इस मौके पर अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष कंकोरिया, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने किया किसान कांग्रेस सेल के जिलाध्यक्ष का स्वागत

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला कांग्रेस कार्यालय चित्रकूट में नवनियुक्त किसान कांग्रेस सेल के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह का स्वागत जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने माला पहनकर किया। किसान कांग्रेस सेल के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुए पूरी निष्ठा के साथ संगठन को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे। इसके बाद मौजूद सभी कांग्रेसियों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, जिला सचिव विजय मणि त्रिपाठी, सेवादल जिलाध्यक्ष चुनवाद प्रसाद, मानवेंद्र सिंह पटेल, महेंद्र सिंह पटेल, तीरथ सिंह फौजी, उदय पाल, प्रदीप सिंह पटेल, दिवाकर सिंह, निशांत सिंह, उद्धव विश्वकर्मा, कंचन सिंह पटेल, लवकुश त्रिपाठी, प्रभात सिंह, कुंवर प्रताप सिंह, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे।

## विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एसडीएम ने ली बैठक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 चलाया जा रहा है जो गतिमान है। कार्यक्रम को सकुशल एवं आयोग के मनसा के अनुरूप सम्पन्न करने के लिए 237 मानिकपुर विधान सभा के ईआरओ उपजिलाधिकारी मऊ द्वारा सभी एईआरओ की बैठक की गयी। बैठक में महिला मतदाता, दिव्यांग मतदाता तथा 18 वर्ष के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सत प्रतिशत दर्ज करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा 80 वर्ष से अधिक के मतदाओ का सत्यापन और मतदाता सूची में दर्ज दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने जिससे मतदान के समय आवश्यकता अनुशार सुविधा उपलब्ध कराई जा सके के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, तहसीलदार विजय यादव, खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक दिनेश कुमार पाण्डेय व मुख्य आरक्षी अरविन्द्र सोनी, आरक्षी नरेन्द्र कुशवाहा द्वारा नंदकिशोर पुत्र भोला प्रसाद अहरापुरवा मजरा भानपुर को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी विरुद्ध थाना सरधुवा में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए करने होंगे सामूहिक प्रयास: मण्डलायुक्त

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, अपर मुख्य वन संरक्षक, फील्ड डायरेक्टर रानीपुर कार्तिक कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, विशेष सचिव वन एवं पर्यावरण लखनऊ आशीष तिवारी, मुख्य वन संरक्षक मिर्जापुर क्षेत्र वन संरक्षक बांदा मनीष मित्तल, पद्मश्री जल एवं वन सामाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर पांडेय, उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व चित्रकूट पीके त्रिपाठी, सीईओ वसुंधरा फाउंडेशन नई दिल्ली श्रीनिवासन कृष्ण स्वामी, वसुधा फाउंडेशन से डॉक्टर प्रीति की उपस्थिति में चित्रकूट जिला जलवायु परिवर्तन का कार्य योजना के लिए हितग्राही परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मंडला आयुक्त ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की कार्य योजना के लिए मंडल में जनपद चित्रकूट को चुना है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट आध्यात्मिक स्थल है, जहां हम कुछ कर सकते हैं हम लोग ऐसा प्लान बनाएं कि यहां का पर्यावरण संरक्षित रहे। कहा कि यहां पर शुद्ध जल, वातावरण, हवा भी है। शरीर पांच तत्व से मिलकर बना है जिसमें शरीर का 70फीसदी जल से बना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत से टॉयलेट बनाए हैं, उसका उपयोग करें। सीवेज का जो पानी आता है, ट्रीटमेंट करके उपयोग किया जाए। कहा कि मंदाकिनी नदी में वेस्ट वाटर आता है, इसमें संगठनों द्वारा कार्य कर रहे हैं। कहा कि ऐसे पार्ट को चिन्हित कर मशीनीकरण कराए जाएं।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक पर प्रतिबंध किया जाना चाहिए। रोजगार पर कार्य योजना बनानी चाहिए। उन्होंने किसान भाइयों से भी अपील किया कि केमिकल का इस्तेमाल न करें, नैनो खाद पर विशेष ध्यान दें व ऑर्गेनिक खेती करें। उन्होंने कहा कि मिलेट श्री अन्न के लिए किसान भाई उत्साहित हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी का अभाव है। इसमें सुधार भी हुआ है। केंद्र सरकार व राज्य सरकार दोनों ने कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य किया जा रहे हैं। खेती जो ग्राउंड वाटर पर




निर्भर है, खेती के लिए नदियों को जोडने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने श्री अन्न मिलेट पर ज्यादा प्रयास कर रहे हैं। ज्वार व बाजार पर कुछ केंद्र भी खोला गया है। जल संरक्षण के तालाब योजना चलाई जा रही है। हर साल तालाबों की खुदाई हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 4 साल में 1500 लगभग तालाब बनाए गए हैं। खेतों में पानी के लिए उद्यान विभाग द्वारा स्पिंगलर द्वारा खेतों की सिंचाई व 250 अमृत सरोवर तालाब की खुदाई के तालाब के तहत कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर अटल भूजल योजना के तहत खुदाई व इनलेट बनाए जा रहे हैं। लगभग 100 तालाब चिन्हित कर प्रस्ताव भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश का पहला रानीपुर टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है जो पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में हम लोगों का प्रयास जारी है। विकासखंड मऊ में 800 मेगावाट का सोलर पावर पर कार्य किया जा रहा है। कहां कि बुंदेलखंड में सोलर एनर्जी की संभावना है। उन्होंने कहा कि बिजली की खपत बढ रही है। जिसके रूफटप व पीएम कुसुम योजना भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग इसमें बढ-चढ कर भाग ले व अपने विचार रखें कि क्या बदलाव किया जा सकता है।

विशेष सचिव वन एवं पर्यावरण ने कहा कि सभी के प्रयास से जनपद में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं इसकी प्रशंसा भी हो रही है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में चित्रकूट बांदा व झांसी के क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन हुए हैं जो सराहनीय है। पानी कृषि मिलेट को बढावा देने पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जनपद को चुना गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बाद जिले में एक योजना बनाकर किया जाए। उन्होंने कहा कि क्लाइमेट एक्सपोर्ट से हम लोग इस योजना के लिए अनुमति लिए कहा कि बहुत ही क्रिटिकल कार्य हुआ। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के हिसाब से कृषि कार्य किया जा रहा है। कहा कि जनपद में रिसोर्स का इस्तेमाल करें। जिससे कि जनपद में पर्यावरण में बदलाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सम्मेलन दुबई में किया जा रहा है। जिसमें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्तर प्रदेश को चुना गया है। पदमश्री उमाशंकर पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक जिला चित्रकूट है। जिसमें सबसे ज्यादा 35: बनाछादित है। जलवायु परिवर्तन की अध्यक्षता कर रहे के के सिंह ने कहा कि जनपद चित्रकूट अन्य जनपदों से अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम अग्रणी है तो अग्रणी बने रहें। कहां की चाहे जो भी क्षेत्र हो पर्यटन स्वास्थ्य शिक्षा सडक हर क्षेत्र एक दूसरे से जुडा है। उन्होंने कहा कि जो सीवर का पानी बिना ट्रीटमेंट के नदियों में छोडा जाता है, ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंचाई के लिए लगातार पानी हम निकलते हैं जिससे कि पृथ्वी की ग्रेविटी में चेंजिंग हो सकता है। उन्होंने कहा कि ग्राउंड वाटर को बचाने की जरूरत है अगर हम निकालते हैं तो उसको रिचार्ज भी करना होगा। कहा कि प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें।

# धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र को लिपिबद्ध कर संपूर्ण सृष्टि को कालजई रचना रामायण का अनुपम उपहार देने वाले आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर बाल्मीकि रामायण पाठ, भजन कीर्तन, हवन पूजन, गौपूजन व पौधरोपण का आयोजन लालपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, उप जिलाधिकारी मानिकपुर रामजन्म यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति सिंह तोमर, आश्रम के महंत भरत दास की उपस्थिति में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का व्यक्तित्व अनुकरणीय है। उप जिलाधिकारी मानिकपुर रामजन्म यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि तपोस्थली आध्यात्मिक ऊर्जा का पावन स्थल है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि तपोस्थली सदियों से अपने आप में विशिष्ट स्थान रखती है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा इसका सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा स्टैचू भी मंगाया गया है, जिसका जल्द ही अनावरण किया जाएगा।

इस मौके पर डीआरआई संगठन सचिव अभय महाजन, महंत दिव्यजीवन दास, महंत रामजन्म दास, डॉ. संग्राम सिंह, आचार्य मानस मधुर, शशिकांत वाल्मीकि, सुमित कुमार वाल्मीकि, आकाश पुष्कर वाल्मीकि, अशोक मेढे, अर्जुन सिंह, धीरेंद्र कुमार, दीपक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## कृषि मंत्री ने किया जिले का दौरा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती, शरद पूर्णिमा व भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नाना जी देशमुख की जयंती पर चित्रकूट का दौरा किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी के नेतृत्व मे सांसद आर के सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, सांसद आर के सिंह पटेल ने दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन की उपस्थिति मे नाना जी देशमुख की मूर्ति पर पुष्पाजलि अर्पित की। कृषि मंत्री ने कहा कि नाना जी का जीवन प्रेरणा का अक्षय श्रोत है। नाना जी ने विचार को जीवन में जीकर दिखाया है।

# निविदा व संविदा कर्मियों ने सीएम को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौपा

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



विद्युत विभाग में कार्यरत निविदा व संविदा कर्मचारियों के शोषण, उत्पीड़न व आये दिन हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के पूर्वांचल महामंत्री दीपक देहाती ने डीएम के माध्यम से सीएम को भेजे गये ज्ञापन में विभिन्न मांगे उठाई। सीएम को भेजे गये ज्ञापन में मांग किया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों को मास्टर रोल व्यवस्था के तहत् समायोजित कार्य कराने तथा मास्टर रोल व्यवस्था के तहत् समायोजित करने तक, कार्य के अनुरूप अनुबंध करने, दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, मृतक कर्मचारियों के परिजनों को दस लाख दुर्घटना हित लाभ देने, विकलांग कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति एवं जीवन यापन भत्ता देने, ईपीएफ घोटाले की जांच कराने, वेतन भुगतान में भेदभाव न करने, वेतन रुपया 18000 निर्धारित कर प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर दिए जाने वाले हितलाभों को देने या सैनिक कल्याण निगम से तैनात कर्मचारियों की भांति वेतन का भुगतान करने या समान कार्य का समान वेतन देने, मार्च 2023 में आन्दोलन व अप्रैल 2023 में उपकेन्द्र परिचालक सहायक के नाम पर हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने, महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश देने, 55 वर्ष का हवाला देकर हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लेने, 60 वर्ष की अवस्था तक कार्य करने की अनुमति देने, कर्मचारियों को बिजली का विभागीय कनेक्शन देने, पेट्रोल व मोबाइल भत्ता देने सहित अन्य समस्याओं से संबंधित ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ज्ञापन को उचित माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। जनपद में निष्कासित कर्मचारियों के जीवन यापन हेतु अग्रिम कार्यवाही कराई जाएगी।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 28.11.2023** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | |
|---|---|
| | **निविदा सूचना संख्या :** 13902023 दिनांक 26.10.2023 |
| 1 | **कार्य का नाम : (01)** सहायक मण्डल इंजीनियर–मुख्यालय/उ.रे./लख. के अधीन वरि. खण्ड इंजीनियर/कार्य/आलमबाग–पश्चिम/लखनऊ के परिक्षेत्र में आर.पी.एस.एफ./तृतीय वाहिनी/लखनऊ में पुराने गोमती बैरक के प्रतिस्थापन में डाइनिंग हॉल तथा किचन/मेसिंग के साथ शौचालय स्नानागार सहित 80 बेड क्षमता वाले तीन मंजिला बैरक का निर्माण, पुराने एस.ओ. के बैरक के प्रतिस्थापन में डाइनिंग हॉल तथा किचन/मेसिंग के साथ शौचालय स्नानागार सहित 12 कमरे की क्षमता वाले एस.ओ. बैरक का निर्माण का कार्य तथा वरि. खण्ड इंजीनियर/कार्य/लोको/लखनऊ के परिक्षेत्र में उत्तर रेलवे मण्डल चिकित्सालय में कान्फ्रेंस हॉल का प्रावधान तथा वरि. खण्ड इंजीनियर/कार्य/आलमबाग–पूर्व/लखनऊ के परिक्षेत्र में डीजल शेड में 06x05 मी. आकार के 03 कमरों के निर्माण का कार्य। **(02)** सहायक मण्डल इंजीनियर–मुख्यालय/उ.रे./लख. के अधीन लखनऊ में संबंधित बुनियादी ढांचे के साथ क्षेत्रीय कर्षण वितरण अनुरक्षण प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना। **(03)** सहायक मण्डल इंजीनियर–मुख्यालय/उ.रे./लख. के अधीन वरि. खण्ड इंजीनियर/कार्य/चारबाग/लखनऊ के परिक्षेत्र में चारबाग स्टेशन पर चार स्केलेटर को प्रथम श्रेणी उपरिगामी पुल से लखनऊ मण्डल में किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरण का कार्य। |
| 2 | **अनुमानित लागत : (01)** रु. 4,04,94,143.77, **(02)** रु. 93,76,757.02, **(03)** रु. 95,85,001.61 |
| 3 | **धरोहर राशि : (01)** रु. 3,52,500.00, **(02)** रु. 1,87,500.00, **(03)** रु. 1,91,700.00 |
| 4 | **कार्य की समापन अवधि : क्रम सं. (01) के लिए :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ (08) माह। **क्रम सं. (02 से 03) तक के लिए :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छह (06) माह। |
| 5 | **निविदा डालने का प्रारंभ : क्रम सं. (01 से 03) तक के लिए :** 14.11.2023 |
| 6 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : क्रम सं. (01 से 03) तक के लिए :** 28.11.2023, 15:00 बजे |
| 7 | **बेबसाईट : www.ireps.gov.in** |

**नोटः- 1.** तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेगें। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015).

**3356/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नदियों, जलाशयों का संरक्षण–संवर्धन नितांत आवश्यक: प्रवीण

जन एक्सप्रेस। खागा/फतेहपुर

कानपुर प्रांत अंतर्गत गंगा समग्र की विशेष बैठक खागा मे सम्पन्न हुई। जिसमें जिले के कोने कोने से कार्यकर्ताओं का आगमन हुआ। गंगा समग्र की इस विशेष बैठक में कानपुर प्रांत से आए हुए माननीय प्रांतीय सह संयोजक शिवबोधन मिश्रा ने अपने विचारों के माध्यम से गंगा समग्र पर विभिन्न आयामों को लेकर चर्चा किया। कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि गंगा-यमुना नदी या सरोवर-तालाब आदि के तट पर जाना और जनसहयोग के माध्यम से आरती पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न करना है। जिससे लोगों की भावनाओं में विशेष परिवर्तन होगा। साथ ही जलाशयों की मर्यादा भी बचेगी। इस पुनीत कार्य से सनातन संस्कृति की रक्षा में बल मिलेगा। समाज में भारी बदलाव देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रवीण पाण्डेय ने अपने अंदाज में नदियों के संरक्षण की बात कहते हुए बताया कि हमारा ही नहीं अपितु सम्पूर्ण प्राणी जगत का जीना मुश्किल हो जाएगा यदि हम सभी लोगों ने मिलकर नदियों को बचाने का काम नहीं किया। नदियां हमारी जीवन दायिनी है। इस लिए इनका संरक्षण करना नितांत आवश्यक है। वही आर एस एस के जिला प्रचारक ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि गंगा मैया तो वैसे भी प्राणी मात्र के उद्धार हेतु अवतरित हुई है। गौ माता को मां कहा गया तो लोगों ने घरों से बेघर कर दिया। अपनी जन्म दात्री मां को मां कहा गया तो वृद्धाश्रम पहुंचा दिया गया। जिला संयोजक रामप्रसाद ने अपने विचारों से गंगा समग्र के विभिन्न आयामों शिक्षा आयाम ,स्वास्थ्य आयाम प्रचार प्रसार आयाम आदि को बढ़ाने की बात कही है। जिसके लिए गंगा समग्र की टीम गांव-गांव में जाकर चैपाल लगाएगी तथा साथ ही विभिन्न आयामों में लोगों की सदस्यता बढ़ा कर टीम को मजबूती प्रदान करेगी। जिला संयोजक ने बताया कि गंगा समग्र में सभी साथियों को सहयोगी की भूमिका में नदियों की स्वच्छता व संरक्षण अभियान में सहयोग देना है। वहीं नवनियुक्त जिला सह संयोजक श्रवण कुमार तिवारी ने अपने मुक्तक काव्य शैली में मां गंगा की विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहा कि मां गंगा हम सभी की मोक्षदायिनी हैं। हम सभी का प्रमुख कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर मां गंगा सहित सभी जलाशयों की मर्यादा को बचाने का काम करें। जिससे मानव जीवन धन्य हो सके। स्वच्छ भारत मिशन पर वर्तमान भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या फिर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरी निष्ठा के साथ अभियान को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उसी कड़ी में मां गंगा को बचाने के लिए गंगा समग्र के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में नदियों का जल संरक्षण करने तथा सम्बद्ध घाटों को स्वच्छ रखने पर जोर देने का काम तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है।

# अमृत कलश को डीएम ने दिखाई हरी झण्डी




जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत् मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 13 विकास खंडों, 10 नगरीय निकायों से एकत्र किये गये अमृत कलशों की अमृत कलश यात्रा की बस को जिलाधिकारी सी. इंदुमती, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने संयुक्त रूप से बैंड की धुन के साथ हरी झंडी दिखाकर बस को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए रवाना किया। यह अमृत कलश यात्रा लखनऊ से दिल्ली जायेगी। जहां अमृत वाटिका में रखी जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण सहित संबंधित उपस्थित रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 31.0 (+0.3)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 14.0 (-2.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 37 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# लोकसभा चुनाव के पहले अनुसूचित वर्ग सम्मेलन के बहाने बीएसपी के बचे दलित वोटों में सेंध मारने योगी आए कानपुर

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर/ विनीत सिन्हा






कानपुर नगर। शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ डॉक्टर चिरंजी लाल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित अनुसूचित वर्ग सम्मेलन में पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्जवलित किया।

उन्होंने कहा, आज शरद पूर्णिमा के पावन दिवस पर कालजयी रामायण से त्रिकालदर्शी वाल्मीकि जयंती है। इस अवसर पर कानपुर में मां गंगा के आशीर्वाद से सबको जोड़ने का मौका मिला रहा है। सीएम योगी बोले कि बाल्मीकि जयंती पर महापंचायत के माध्यम से संवाद करने का मौका मिला है। आज हर मंदिर में रामायण का पाठ किया जा रहा है। पिछली सरकारें जाती क्षेत्र व भाषाओं के नाम पर बटी थीं। पिछले सरकारें घबराती थीं कि उनका वोट बैंक न खिसक जाये। उनके नाम पर कार्यक्रम तक नहीं होने देते थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा बोलती कुछ है और करती कुछ है। कानपुर कभी देश का उभरता हुआ शहर था, देश के आर्थिक संपन्न शहरों के रूप में जाना जाता था। पिछली सरकारों ने उसे तहस-नहस कर दिया। आज कानपुर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का हब भी बन गया है। आज मेट्रो का सफल संचालन हो रहा है। इस दौरान उन्होंने शहर को 501 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी है। इसमें 260.92 करोड़ के 43 कार्यों का शिलान्यास व 240.08 करोड़ के 152 परियोजनाओं का शिलान्यास/ लोकार्पण किया गया। अनुसूचित वर्ग सम्मेलन में 501 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास करने के साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कानपुर नगर निगम में कूड़ा प्रबंधन को और मजबूत करने हेतु नए वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ODOP उद्यमियों को अनुदान धनराशि का चेक, मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी को प्रतीक स्वरूप आवास की चाबी, बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ की लाभार्थियों को लाभांश धनराशि का चेक तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट व स्मार्टफोन/टैबलेट भी वितरित किया गया। सीएम योगी के कहा, डबल इंजन की सरकार कानपुर को उसका वैभव फिर से उपलब्ध करवाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अनुसूचित वर्ग के सम्मेलन के जरिए जहां एक ओर योगी आदित्यनाथ समाजवादी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए नजर आए तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी की लीडर मायावती के बचे हुए वोटो में भी सेंध मारने का काम किया है।

### किन किन परियोजनाओं किया गया का लोकार्पण

- मंधना से गंगा बैराज होते हुए शुक्लागंज तक 4 लेन सड़क का निर्माण 15935.63 लाख,
- जीटी रोड से टौंस, नरवल, अखरी, कुड़नी मार्ग का चौड़ीकरण 2415.52100 लाख,
- विद्युत सबस्टेशनों का उच्चीकरण 1456.88 लाख,
- ग्रीनपार्क स्टेडियम में छात्रावास भवन का निर्माण 450.96 लाख, सकरापुर में 33 केवी का विद्युत उपकेंद्र का निर्माण 359.36 लाख, एनएच-27 एवं एनएच-19 जीटी रोड स्थित रामादेवी चौराहे का सुधार 389.74 लाख, चमनगंज में संपवेल का निर्माण 390 लाख,
- वाटर सप्लाई स्कॉडा 677 लाख कुल 43 शिलान्यास कार्य 26092.37 लाख रुपये की लागत से किये गये।

### 1001 बहनों को मिली सिलाई मशीनें

मुख्यमंत्री एशिया के चर्चित मंदिर जेके मंदिर पहुंचें जहां स्वयं सहायता समूह की 1001 बहनों को सिलाई मशीन वितरित की। जेके अर्बन स्केप्ड के एमडी अभिषेक सिंघानिया के साथ सीएम योगी ने विधिवत पूजन अर्चन किया। सीएम योगी ने आवाहन किया की आधी आबादी को स्वावलंबी बनाना काफी जरूरी है इसके लिए उन्हें स्केल के साथ स्किल से जोड़ना काफी महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा महिलाओं को कच्चा माल उपलब्ध कराते हुए मार्केट से जोड़ा जाए जिससे उनके स्वालंबन की राह को प्रशस्त किया जा सके। यूपी में मिशन शक्ति का चतुर्थ इसी को समर्पित है। सीएम योगी ने लाभार्थी महिलाओं को चेक और प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

### मायावती के बचे वोट बैंक में सेंध मारने के लिए यह कहा

नोएडा की तर्ज पर एक नए औद्योगिक विकास के केंद्र को विकसित करने की कार्यवाही को डबल इंजन की सरकार ने अपने हाथों में लिया है। 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर से सपाइयों को इतनी चिढ़ थी कि उन्होंने नाम ही बदल दिया, नाम बदला ही नहीं, शिलापट्ट को भी सपाई गुंडों ने तोड़ दिया। आज महर्षि वाल्मीकि जी के नाम पर उनके लिए पूरी एक टाउनशिप बसा दी गई है। याद करिए, उन गरीबों के लिए जिनके पास मकान ना हो, उन्हें एक मकान मिल जाए तो उनके सिर ढकने के लिए वही दुनिया है। 2017 के पहले प्रदेश के अंदर अनुसूचित जाति-जनजाति के उत्पीड़न की घटनाओं को जिस तरीके से नजर अंदाज किया जाता था। पिछली सरकारें आपको, समाज को जाति के नाम पर, क्षेत्र और भाषाई आधार पर बांटती थीं, सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य करती थीं। कौन ऐसा भारतीय होगा, जो महर्षि वाल्मीकि पर, संत रविदास पर, 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित ना करता होगा।

### मृतक परिवारों के आश्रितों को आवास की घोषणा

1 अक्टूबर 2022 को साढ़ थाना क्षेत्र के कोरथा गांव के पास मंदिर दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 19 परिवारों के 27 लोगों की मौत हो गई थी मृतक परिवारों के लिए सीएम ने आवास देने की घोषणा की थी। इसके लिए 19 आवास बनाए गए।

**कौन कौन रहा शामिल :** सतीश महाना अध्यक्ष विधानसभा उत्तर प्रदेश, भानु प्रताप सिंह वर्मा राज्य मंत्री, भूपेंद्र सिंह चौधरी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नंद गोपाल गुप्ता नंदी मंत्री, असीम अरुण राज्य मंत्री, मनोहर लाल मन्नू कोरी राज्य मंत्री, अनूप प्रधान वाल्मीकि राज्य मंत्री, डॉ राम शंकर कठेरिया सांसद इटावा, सत्यदेव पचौरी सांसद कानपुर, देवेंद्र सिंह भोले सांसद अकबरपुर, स्वप्निल वरुण अध्यक्ष जिला पंचायत कानपुर, पवन गौतम अध्यक्ष जिला पंचायत झांसी, अशोक जाटव अध्यक्ष जिला पंचायत चित्रकूट, जयप्रकाश अनुरागी अध्यक्ष जिला पंचायत महोबा, कमल सिंह दोहरे अध्यक्ष जिला पंचायत औरैया, घनश्याम अनुरागी अध्यक्ष जिला पंचायत जालौन, प्रमिला पांडे महापौर कानपुर, बिहारी लाल आर्य महापौर झांसी, विधायक मोहित सोनकर राहुल बच्चा पूनम शंखवार, सरोज कुरील, नीलिमा कटिहार, सुरेंद्र मथानी महेश त्रिवेदी अभिजीत सिंह सांगा, गौरीशंकर वर्मा विधायक उरई, कृष्णा पासवान विधायक खागा, ओममणि वर्मा विधायक नरैनी, डॉ सुरभि विधायक कायमगंज, रश्मि आर्या विधायक मऊरानीपुर, विधान परिषद सदस्य मानवेन्द्र सिंह, अरुण पाठक, सलिल बिश्नोई, अविनाश सिंह चौहान रहें।


# श्री जुगल किशोर ज्वैलर्स के शोरूम में दिखा ग्राहकों का जबरदस्त उत्साह



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बिरहाना रोड स्थित श्री जुगल किशोर के शोरूम में ग्राहकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अपनी उत्कृष्ट कलाकृति एवं अत्याधुनिक डिजाइनों के लिए सुप्रसिद्ध श्री जुगल किशोर ज्वैलर्स 15 अक्टूबर से 22 नवंबर तक चलने वाले विश्व के सबसे बड़े ज्वैलरी फेस्टिवल में अभूतपूर्व ज्वैलरी शो एवं आकर्षक ईनाम में प्रमुख भागीदार है जिसके अंतर्गत रु. 25000/- के आभूषण खरीदने पर ग्राहक कूपन के माध्यम से 1 किलो तक सोना, जड़ाऊ आभूषण, टेम्पल ज्वैलरी, हीरे तथा रत्न जड़ित आभूषण, सोने के आभूषण, हीरे जड़ित सोने के सिक्के इत्यादि कई ईनाम जीत सकते हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए शोरूम रविवार 29 अक्टूबर को भी खुला रहेगा।


# शोधरत छात्र छात्राओं का दल तीन दिवसीय प्रतियोगिता में शामिल होने लखनऊ पहुंचा



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के उपलक्ष्य पर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अध्यनरत व शोधरत छात्र छात्राओं का दल उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित तीन दिवसीय श्रीअन्न महोत्सव व राज्य स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला में शामिल हुआ। निदेशक प्रसार डॉ.आर.के.यादव ने छात्रों के दल को रवाना किया जिसमे एमएससी, पीएचडी एवं कृषि प्रबंधन के छात्र छात्राओं ने भागीदारी की। इस दल का नेतृत्व डॉ.राम जी गुप्ता, डॉ.सुनील पांडे, डॉ.खलील खान, डॉ.सोमवीर, डॉ.एन.लारी, डॉ.आर.पी. एन.सिंह, डॉ.अभिमन्यू, एवं डॉ.विनोद प्रकाश आदि ने किया।

# अध्यात्म और विज्ञान के परस्पर समावेश से शिक्षा प्रणाली को बनाया जा सकता है बेहतर : कुलपति




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में शनिवार को अधिगम अक्षमता की समझ रणनीतिक समीक्षा,व्यवहार एवं प्रक्रिया विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक,प्रति कुलपति प्रो.सुधीर अवस्थी ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि अध्यात्म और विज्ञान के परस्पर समावेश से शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया जा सकता है। हमें अपनी कक्षाओं में छात्र केंद्रित शिक्षा व्यवस्था बनाने के साथ इस बात पर भी जोर देना चाहिए कि अधिक से अधिक छात्रों का रूझान विषय के नए अनुंसधान पर हो सके। प्रति कुलपति ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था में नया परिवर्तन समय की मांग है। हमें विज्ञान की बेहतर समझ के साथ-साथ उसे मानव विकास और व्यक्तित्व विकास के साथ जोड़ना होगा। विषय विशेषज्ञ के रूप में मौजूद प्रोफेसर रजनी रंजन सिंह, डॉ.अभिषेक चौहान, डॉ.आराधना गुप्ता, बलविंदर सिंह ने अधिगम अक्षमता के विविध आयामों पर अपने अनुभव प्रतिभागियों के साथ साझा किए। इस अवसर पर डॉ.रश्मि गोरे, डॉ.विमल सिंह, डॉ गोपाल सिंह, डॉ.तनुजा भट्ट, डॉ प्रियंका मौर्य, डॉ.रत्नार्तुः मिश्र,डॉ.बद्री नारायण मिश्र उपस्थित रहे।

# अमिताभ बाजपेई के साथ कांग्रेस नेता विकास अवस्थी हाउस अरेस्ट

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर





बीते दिन शहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन से पहले ही कानपुर पुलिस ने दर्जनों राजनैतिक दलों के नेताओं को उनके घर में ही हाऊस अरेस्ट कर लिया। जब तक मुख्यमंत्री शहर में रहे तब तक उन्हें नहीं छोड़ा गया जैसे ही मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्रमों को पूरा कर शहर छोड़ा उसके बाद उन्हें भी पुलिस ने छोड़ दिया है। समाजवादी पार्टी के आर्य नगर विधानसभा से दूसरी बार विधायक बने अमिताभ बाजपेई को बीते दिन उनके काकादेव थाना क्षेत्र स्थित घर में स्थानीय पुलिस द्वारा हाऊस अरेस्ट कर लिया गया। जिस समय विधायक अमिताभ को हाउस अरेस्ट किया गया था उस समय लगभग आधा सैकड़ा से अधिक मात्रा में पुलिस बल भी मौजूद था। मिली जानकारी के अनुसार विधायक को पुलिस लाइन ले जाया गया था। वहीं दूसरी ओर थाना बर्रा क्षेत्र में रहने वाले कांग्रेस के कद्दावर नेता विकास अवस्थी को भी बर्रा पुलिस ने उन्हीं के आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया था। जैसे ही सीएम ने शहर छोड़ उनके घर से पुलिस ने पहरा हटा दिया।

# मुख्यमंत्री से विकलांगों के लिए मांगा रोजगार, सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने कल मुख्यमंत्री के नगर आगमन पर ज्ञापन सौंप कर प्रदेश के दिव्यांगजनो का सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा पूरा करवाने, दिव्यांग पेंशन बढ़ाने, नौकरी, रोजगार कि मांग की है। पुलिस प्रशासन ने राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी के किदवई नगर आवास पर घेरा बन्दी कर मुख्यमंत्री के सभा स्थल पर जाने से रोक लिया और ए0सी0पी0 संतोष कुमार सिंह ने ज्ञापन लेकर कार्यवाही का भरोसा दिया। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा की सरकार दिव्यांगजनो कि बराबर उपेक्षा कर रही है। मुख्यमंत्री से दिव्यांगजनो को मिलने न देना राजा और प्रजा के बीच दूरी बढ़ाने जैसा है। इससे दिव्यांगजनो मे रोष व्याप्त है। प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी ने कहा कि दिव्यांगजनो के अधिकार दिलाने कि लड़ाई जारी रहेगी। ज्ञापन पर जल्द कार्यवाही नहीं होती है तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा। जिला अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनो को सरकार कमजोर न समझे। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, अल्पना कुमारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अरविन्द सिंह, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार, गुड्डी दीक्षित, जितेन्द्र गुप्ता, रामकुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

# टीचर पर गोली चलाने वाले आरोपी और मददगार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के थाना चौबेपुर बंदी माता रोड पर स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान में अध्यापक के ऊपर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने वाले दो बाल अपचारियों समेत दो अन्य मददगारों को पुलिस ने शुक्रवार को ही देर रात गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए दो अन्य साथियों में एक आरोपी का चचेरा भाई है तथा दूसरा उसका बहनोई है इन दोनों पर बाल अपचारियों को देशी तमंचा मुहैया कराने तथा उन्हें भागने में मदद करने का आरोपी बनाया गया है। मालूम हो कि शुक्रवार सुबह चौबेपुर कस्बे के बंदी माता रोड पर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भजनलाल कोचिंग इंस्टिट्यूट में अध्यापक की डांट से क्षुब्द होकर अध्यापक विकाश तिवारी पर देशी तमंचे से दो गोलियां दाग दी थीं जिसमें अध्यापक समेत एक छात्रा मामूली रूप से घायल हो गए थे इसके बाद पुलिस आयुक्त कानपुर आरके स्वर्णकार और डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एसीपी बिल्हौर आईपी सिंह समेत तमाम आलाधिकारी मौके पर पहुंचे थे तथा पुलिस टीम बनाकर जल्द से जल्द सारे घटनाक्रम का अनावरण करने और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया था इसके बाद पुलिस और सर्विलांस टीम ने तत्काल प्रभाव से हरकत में आकर टीमें बनाकर छापेमारी शुरू कर दी और देर रात दोनों बाल अपचारियों समेत उनके चचेरे भाई विवेक यादव निवासी बदनपुर चौबेपुर और बहनोई इंद्रेश यादव निवासी हिम्मतपुर इंदरगढ़ कन्नौज को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए सभी आरोपियों को शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# गोल्डन गर्ल स्नेहा चौरसिया स्मृति संगीत समारोह का आयोजन संपन्न




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन शुक्रवार की शाम हरिहर नाथ शास्त्री प्रेक्षाग्रह में शास्त्रीय संगीत की महफिल कानपुर संगीतज्ञ परिवार द्वारा सजाई गई। विशेषतः यह एक स्मृति समारोह की शाम थी। गोल्डन गर्ल स्नेहा चौरसिया स्मृति संगीत समारोह में मुख्यतः नैनीताल से पधारे सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक रवि जोशी द्वारा राग शुद्ध कल्याण में विलम्बित और द्रुत वदिश प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात् राग बागेश्री फिर कुछ ठुमरी और भाषाम की मधुर प्रस्तुति की गई। दूसरी प्रस्तुति कथक नृत्य अंकिता के द्वारा हुई। इसमें दुर्गा स्तुति, थाट नृत्यांग तोड़े, कवित्त और अंत में अष्टपदी की रचना कथक नृत्य का समापन हुआ। वाण वेदना ईश्वरीस द्वारा प्रस्तुत की गई। सह-कलाकारों में कथक गुरु पं. शंकर लाले भट्ट, तबला वादक हरीश झा, हारमोनियम पर मनोज श्रीवास्तव, डॉ देवानन्द पाठक (वायलिन), साकेत तिवारी (गोयल), विशा कुमार सिंह (तबला) ने अपनी प्रस्तुतियाँ दी। मुख्य अतिथि के रूप में बनस्थली विद्यापीठ से पधारी.. डॉ चौबे (कथक श्रो नृत्यांगना) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। गुलशन मोर्गा ने सूत्रधार की भूमिका निभाई।

## पनकी रेलवे ट्रैक पर खून से लथपथ मिला मजदूर का शव

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

पनकी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर खून से लथपथ युवक का शव पड़ा मिला। राहगीरो ने शव मिलने की सूचना डायल 112 पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की जब तलाशी ली । जेब में बरामद आधार कार्ड से युवक की पहचान उन्नाव निवासी मयंक वर्मा उम्र 30 पुत्र दिलीप वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। पत्नी पूजा वर्मा ने बताया कि पति मयंक दादा नगर में एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था दोनों बर्रा में किराए के मकान में रहते थे। शुक्रवार सुबह 9 बजे मयंक कम पर निकला था देर रात तक घर न लौटने पर रिश्तेदारों के यहां पता किया जिसके बाद जब कोई जानकारी नहीं मिली तो बर्रा थाने जाकर सूचना दी। शनिवार सुबह 8 बजे पुलिस द्वारा सूचना मिली कि मयंक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना प्रभारी पनकी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों से बातचीत कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# कुढ़नी मंदिर दर्शन करने आई युवतियों और महिला को दबंगों ने पीटा



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

साढ़ थाना क्षेत्र के कुढ़नी चौराहा में उस वक्त हड़कम मच गया जब हिस्ट्रीशीटरो ने पिता , दो युवती व एक किशोरी को पीटना शुरू कर दिया। मामला शनिवार करीब 3 बजे का है जब मुसाफा गाँव निवासी सुरेश विश्वकर्मा अपने परिवार के संग कुढ़नी मन्दिर दर्शन करने आये हुए थे सभी लोग दर्शन करके एक साथ अपने निजी ई रिक्सा से वापस घर जा रहे थे तभी उनकी पुत्री कुढ़नी चौराहा पर रिक्शा से उतर कर खाने पीने का सामान लेने चली गई इतने में एक डग्गामार बस पीछे से आ गई और रिक्शा मालिक को बे-वजह तीन चार लोग उतर कर पीटने लगे जब तक में बैठे परिवारीजन कुछ समझ पाते तब तक दबंगो ने पिता का गला दबा कर रिक्शा से खीचते हुए पीटना शुरू कर दिया सभी दबंग अमित , गोलू व अन्य साथियों ने पिता ,माँ और बेटियो को जम कर पीटा । सभी दबंग घुरूवाखेड़ा गांव के रहने वाले बताए जा रहे जिससे सभी लोगो के शरीर मे गंभीर चोटें आई है ।लोगो की माने तो ये सभी हिस्ट्रीशीटर है और मामले को उल्टा बनाने के लिए बस में स्वम ईंट पत्थर चला कर बस के शीशे तोड़ दिया और मौके से फरार हो गए लेकिन पीड़ितों का आरोप है डायल 112 को सूचना देने के बावजूद पुलिस घटना स्थल पर नही पहुची ।फिर स्थानीय पुलिस को सूचित किया तब पुलिस मौके पर पहुच कर पीड़ित लोगों को थाने लेकर आई ।इसके बाद पीड़ित लोगों ने लिखित पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई।उधर पुलिस क्षतिग्रस्त बस को भी थाने ले आई । मामले पर साढ़ थाना प्रभारी सतीश राठौर से बात की गई तो उन्होंने बताया आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### सब इंस्पेक्टर अंकित खटाना पर महिला ने लगाया मारपीट का आरोप

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** एक बार फिर से कानपुर कमिश्नरेट पुलिस में तैनात एक खाकीधारी पर अधेड़ उम्र की महिला को पीटने का आरोप लगा है। जिस खाकीधारी पर महिला से मारपीट का आरोप लगा है वह थाना बादशाही नाका की एक चौकी का प्रभारी बताया जा रहा है। बीते दिन शनिवार को जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर नगर में 1001 महिलाओं के अंदर स्वालंबन की भावना जगाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन बांटने आए हुए थे। उसी समय दूसरी ओर नवीन मार्केट स्थित कानपुर प्रेस क्लब में एक महिला चिल्ला चिल्लाकर न्याय की गुहार लगा रही थी और उसका आरोप था कि उसे थाना बादशाही नाका में तैनात अंकित खटाना नाम के एक सब इंस्पेक्टर ने बुरी तरह से मारा पीटा है। प्रेस वार्ता में थाना बादशाही नाका के कुली बाजार में निवास करने वाली मक्की फातिमा ने आरोप लगाते हुए बताया है कि बीती 17 अक्टूबर को समय रात्रि लगभग 9 बजे करीब उप-निरीक्षक अंकित खटाना, कांस्टेबिल बब्लू कुमार, कास्टेबिल पवन कुमार, महिला कां0 रीमा पाल, महिला का0 शालिनी मौर्या, उसके के घर में तीसरी मंजिल में जबरन घुस आए उस समय वह नमाज पढ़ रही थी। उप निरीक्षक अंकित खटाना ने अर्मादित आचरण के साथ भद्दी-भद्दी गालियां बकते हुए अकेले कमरे में घुस आए और एक तमाचा मार दिया। , जिससे उसके कान के पर्दे पर सूजन आ गई व कान बहने लगा है। मक्की फातिमा का कहना है कि उसने सभी अधिकारियों के चक्कर काट लिए लेकिन उसकी फरियाद किसी ने नहीं सुनी।

तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# दुनिया ने देखी भारत की ताकत 2047 तक विकसित देश बनेगा: सीएम योगी



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह आजादी के अमृत काल का पहला वर्ष है। भारत विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है और जल्द ही दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनेगा। 2047 में जब हम आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएंगे तब तक भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन चुका होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश और अमृत कलश यात्रा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में हुए जी 20 सम्मेलन में हमने इसकी झलक देखी है। जब 40 देश के राष्ट्राध्यक्ष और दुनिया की अर्थव्यवस्था पर एकाधिकार रखने वाले देशों के सम्मेलन का नेतृत्व भारत ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने वीरों और शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि देश की आजादी के अमृत काल में देश के बलिदानियों को याद करने का कार्यक्रम है। सभी गांव व शहर में अमृत वाटिका व शिला फलकम स्थापित कर उनका सम्मान किया गया है। इस कार्यक्रम में काफी जन भागीदारी रही है। कार्यक्रम के जरिए देश के लिए बलिदान करने वाले और भूल चुके बलिदानियों को याद करने का अवसर मिला है। देश और राष्ट्र की अखंडता के लिए सार्थक पहल की गई है। राष्ट्रीय स्तर पर बनने वाली वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत को बढ़ावा देगी। देश की एकता और अखंडता तो अक्षुण बनाए रखने का काम करेगी।

### कार्यक्रम में कई कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे


कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दोनो उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव,महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा और डा. अशोक बाजपेयी भी मौजूद रहे।

### सफल अभियान के लिए सभी का धन्यवाद: पर्यटन मंत्री

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में मैं सीएम योगी सहित सभी लोगों का स्वागत करता हूं। देश के जिन वीर जवानों बलिदान दिया उन अमर शहीदों की भूमि से मिट्टी लेकर आए सभी लोगों का भी मैं अभिनंदन करता हूं। हर घर तिरंगा अभियान के तहत साल 2022 और 2023 में करोड़ों लोगों ने सहयोग करके अभियान को सफल बनाया।

# ग्रामीण महिलाओं को नए बिजली कनेक्शन पर मिलेगी 33 फीसदी छूट, नई दरों पर भी होगी चर्चा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन की दरों, उपभोक्ता सामग्री की दरों आदि को लेकर बनने वाली नई कॉस्ट डाटा बुक को अंतिम रूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर 30 अक्तूबर को इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक होगी। ग्रामीण महिलाओं के नया कनेक्शन लेने पर 33 फीसदी और शहरी महिलाओं को 15 फीसदी छूट देने का मामला भी बैठक के एजेंडे में शामिल किया गया है। नई कॉस्ट डाटा बुक तैयार करने से पहले रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाती है। इसमें उपभोक्ता परिषद व पावर कॉरपोरेशन सहित सभी अपना-अपना पक्ष रखते हैं। 30 अक्तूबर को होने वाली बैठक में अभी तक नए बिजली कनेक्शन को लेकर बनने बाले एस्टीमेट, नए बिजली कनेक्शन शुल्क, उपभोक्ता सामग्री की दरों आदि का मुद्दा ही रखा गया था। अब उपभोक्ता परिषद की मांग को देखते हुए ग्रामीण महिलाओं के नया कनेक्शन लेने पर 33 फीसदी और शहरी महिलाओं को 15 फीसदी छूट देने का मुद्दा भी एजेंडे में शामिल कर लिया गया है। विद्युत नियामक आयोग सभागार में होने वाली बैठक की अध्यक्षता विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार करेंगे। सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशकों, पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक, राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड रिव्यू पैनल सब कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा, नोएडा पावर कंपनी के प्रबंध निदेशक, विद्युत सुरक्षा निदेशक को बैठक में भाग लेने के लिए पत्र जारी कर दिया गया है।

### नहीं होने दी जाएगी मनमानी बढ़ोत्तरी

पावर कॉरपोरेशन की ओर से नई कॉस्ट डाटा बुक में नए बिजली कनेक्शन की दरों में 30 से 35 फीसदी बढ़ोत्तरी, उद्योगों की सिक्योरिटी राशि में भारी वृद्धि के चलते उनके नए बिजली कनेक्शन की दरों में 100 प्रतिशत बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव दिया गया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि उनकी कोशिश होगी कि दरों में बढ़ोतरी न होने पाए। प्रस्तावित बढ़ोत्तरी में काफी विसंगतियां हैं। पावर कॉरपोरेशन ने मनमाने तरीके से आयोग को प्रस्ताव दिया है, जिसे किसी भी स्तर पर लागू नहीं होने दिया जाएगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### युवक का शव बंद कमरे में मिला,लगाई फांसी मौत

**जन एक्सप्रेस/बीकेटी,लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के बख्शी का तालाब थाना अन्तर्गत मोबाइल दुकानदार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे लटका हुआ पाया गया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था, पुलिस घटना की जांच करने मे जुट गई। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के रुदही गांव निवासी मोबाईल दुकानदार अनिल कुमार गुप्ता (35)वर्ष पुत्र सुंदर लाल गुप्ता बीकेटी एयरफोर्स रोड़ पर मोबाईल की दुकान चलाता था और आराम करने के लिए वहीं दुकान के पास ही किराए का कमरा भी ले रखा था,मिली जानकारी के अनुसार अनिल गुप्ता शुक्रवार शाम लगभग 6 बजे दुकान से आराम करने के लिए कमरे पर गया था और रात को जब परिजन उसके कमरे पर गए तो उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में रस्सी के सहारे कमरे में लटका हुआ पाया गया। वहीं आननफानन में परिजनों ने फंदे से उतारकर तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले गए,जहां डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।? वहीं इस मामले को लेकर थाना प्रभारी बीकेटी राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रहीं है,पोस्टमॉर्टम के बाद जो भी रिपोर्ट आयेगी उसी के आधार पर आगे की कारवाई अमल में लाई जाएगी।

### इटौंजा पुलिस ने फरियादियों की सुनी फरियाद

**जन एक्सप्रेस/बीकेटी,लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना अध्यक्ष सर्वेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। बता दें कि इस थाना समाधान दिवस में मात्र तीन राजस्व संबंधी शिकायतें आई जिसका समाधान तत्काल नहीं हो सका। कुंम्हरावां के पैरू ने जमीन कब्जे की शिकायत की और नगर चौगवां प्रधान प्रतिनिधि योगेश शुक्ला ने श्मशान की जमीन पर कब्जा हटाने की शिकायत की। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला,ओम प्रकाश तिवारी, राघवेंद्र पांडेय दरोगा, पंकज मिश्रा दरोगा, बजरंगी गौतम दरोगा,कानूनगो राजेंद्र प्रसाद, लेखपाल सत्यपाल, अन्य फरियादी मौजूद रहे।



### इटौंजा दशहरा मेला में रामलीला कर किया गया रावण दहन

**जन एक्सप्रेस/बीकेटी,लखनऊ।** नगर पंचायत इटौंजा के दशहरा मेला में शनिवार को रावण का पुतला जलाया गया। बता दें कि नगर पंचायत इटौंजा मेला में सीता हरण, सीता की खोज हनुमान द्वारा सीता का पता लगाना तथा अन्य लीलाओं के मंचन के बाद रावण का पुतला दहन किया गया। वहीं इटौंजा के नगर वासी एवं क्षेत्रीय गांवों के लोगों ने इटौंजा मेले का आनंद लिया। वहीं इटौंजा दशहरा मेले में रंग बिरंगी दुकान व मिठाई , चाट, खिलौने की दुकान एवं बड़े-बड़े झूलों का लोगों ने आनंद लिया। वहीं इस मेले में स्थानीय विधायक योगेश शुक्ला, भाजपा के जिलाअध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, नगर पंचायत इटौंजा के अध्यक्ष अवधेश अवस्थी कमल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अतुल मिश्रा, मेला समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा अन्य भाजपा, सपा के नेतागण तथा अन्य गणमान्य नागरिकों ने इटौंजा मेला में शिरक़त की।



### लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रही बीजेपी: रालोद

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व राजस्थान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी विधानसभा चुनाव में अपनी सुनिश्चित हार को देखते हुए भाजपा की हताशा और निराशा का परिचायक है।श्री राय ने कहा कि ईडी ,सीबीआई जैसी प्रशासनिक मशीनरियों का दुरुपयोग करके भारतीय जनता पार्टी तानाशाही रवैये का परिचय दे रही है और लोकतंत्र तथा संवैधानिक व्यवस्थाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। विधानसभा चुनाव के समय ईडी द्वारा छत्तीसगढ़ के बाद राजस्थान में विपक्षी नेताओं के यहां जो छापेमारी की है उसका राष्ट्रीय लोकदल घोर विरोध करता है क्योंकि चुनाव के दौरान उक्त कार्यवाही लोकतंत्र पर प्रहार एवं चुनावी कार्यक्रम में बाधा डालने की साजिश है, जिसकी रालोद कड़ी भर्त्सना करता है और निर्वाचन आयोग से निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराये जाने की मांग करता है।रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश एवं प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी के बहकावे में आने वाली नहीं है। इनके कुचक्र को को जनता भली भांति समझ चुकी है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम भाजपा को आईना दिखाने वाले होंगे एवं इन राज्यों में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जायेगा।

### 31 अक्टूबर को मनायेगा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पार्टी पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में मनाई जाएगी। पार्टी के पदाधिकारी अपने-अपने संबंधित जिलों में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर 31 अक्टूबर को देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को प्रदेश स्तर पर मनाया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में जिलाध्यक्षों की अध्यक्षता में सभी राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीगण सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे एवं उनके जीवन पर प्रकाश डालेंगे। इस अवसर पर प्रत्येक जनपद में पार्टी पदाधिकारी जनपद के किसी सम्मानित व्यक्ति डॉक्टर इंजीनियर अध्यापक समाजसेवी को लौह पुरुष की तस्वीर भेंटकर सम्मानित करेंगे।

# 30 अक्तूबर को होगा ब्लैकआउट मॉकड्रिल, बचाव की आपातकाल विधियों का भी होगा प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



उत्तर प्रदेश में नागरिक सुरक्षा और आपातकाल परिस्थितियों में लोगों के बचाव के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने ब्लैक आउट मॉकड्रिल करने का निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश नागरिक सुरक्षा विभाग 30 लखनऊ- 30 अक्तूबर को होगा ब्लैकआउट मॉकड्रिल, बचाव की आपातकाल विधियों का भी होगा प्रदर्शन 2023 को साय 6:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक राजकीय जुबली इंटर कॉलेज, सिटी स्टेशन, लखनऊ में वृहद स्तर पर ब्लैक आउट/मॉकड्रिल का प्रदर्शन करेगा।

### बचाव की आपातकाल विधियों का भी होगा प्रदर्शन

उत्तर प्रदेश के नागरिक सुरक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव रजनीश गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में इस मॉकड्रिल के तहत ब्लैक आउट का प्रदर्शन किया जाएगा। ब्लैक आउट युद्ध के समय जनधन की क्षति को कम करने हेतु क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बंद करके किया जाता है। इसके अतिरिक्त आग बुझाने के तरीके, घायलों को प्राथमिक उपचार देना, भवनों में फंसे लोगों के बचाव के तरीके का प्रदर्शन भी किया जाएगा। बचाव की आपातकाल विधियों में fore and aft method, two handed seat, फायरमैन लिफ्ट, human crutch, human cradle इत्यादि तरीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह ब्लैक आउट मॉकड्रिल लखनऊ में पहली बार नागरिक सुरक्षा द्वारा आयोजित की जा रही है।

### स्वयंसेवकों और नागरिकों को किया जाएगा जागरूक

अपर मुख्य सचिव रजनीश गुप्ता ने बताया कि विभाग द्वारा नागरिक सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाती हैं। विभाग द्वारा नागरिकों की सुरक्षा का दृढ़ संकल्प लिया गया है, उसे पूर्ण करने की दिशा में ब्लैकआउट और मॉकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि स्वयंसेवक और प्रशिक्षित हो सके और अधिक से अधिक आम नागरिकों को भी जागरूक किया जा सके।

# मछुआ एससी आरक्षण कें मुद्दे पर अडिग है निषाद पार्टी: संजय

**✻ मछुआ समाज को मिल रहा मत्स्य विभाग की योजनाओं का समुचित लाभ**

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद आज प्रयागराज की तहसील हंडिया पहुंचे। श्री निषाद ने निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल ÷निषाद पार्टी÷ द्वारा आयोजित मछुआ एससी संवैधानिक आरक्षण महाजनसंपर्क अभियान के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि निषाद पार्टी का गठन मछुआ समाज के संवैधानिक,राजनीतिक एवं राजनीतिक आरक्षण के अधिकार को पाने के लिए हुआ है। निषाद पार्टी आज भी मछुआ एससी आरक्षण के मुद्दे पर अडिग है। श्री निषाद ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार मछुआ एससी आरक्षण को लेकर गंभीर है जल्दी सुखद परिणाम सबके सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्रार जनरल ऑफ़ इंडिया को पत्र लिखकर मछुआ एससी आरक्षण के संबंध में जानकारी मांगी थी जिसपर आरजीआई ने मुख्यमंत्री को स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश में मछुआ समाज आजादी के बाद 1991 तक अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र मिलता आया है।श्री निषाद ने कहा कि पूर्व की सपा बसपा और कांग्रेस की सरकारों ने मछुआ समाज को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया और आरक्षण के नाम पर केवल झूठे वादे किए। निषाद पार्टी के गठन के बाद से मछुआ समाज को उनके आरक्षण के मुद्दे पर जागरूक किया गया है मत्स्य विभाग के मंत्री होने के नाते एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मछुआ समाज के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को का लाभ देने का कार्य किया है। पूर्व की सरकारों ने मत्स्य विभाग की किसी भी योजना का लाभ मछुआ समाज को नहीं होने दिया था। प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज बोट योजना, प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए और मछुआ कल्याण कोष जैसी जनकल्याकारी योजनाए संचालित की जा रही है।

# उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

**✻ महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचनाकर दिया सत्य के रास्ते पर चलने का सन्देश: केशव**

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र के आदर्श चरित्र को लिपिबद्ध कर सम्पूर्ण विश्व को कालजयी महाकाव्य रामायण की रचना करने वाले आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर उनकी स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।उन्होंने देश व प्रदेशवासियों को महर्षि बाल्मीकि जयन्ती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचनाकर देश और दुनियां को सत्य के रास्ते पर चलने का महत्वपूर्ण सन्देश दिया। भगवान श्रीराम की गौरवगाथा को जन -जन तक पहुंचाने मे महर्षि वाल्मीकि ने प्रज्ञा के आलोक से सबको आलोकित किया था। भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन को रेखांकित कर उन्होने सामाजिक जीवन मूल्यो व आदर्शो को चिर स्थायित्व प्रदान करने का जो कार्य किया वह आज भी हम सबके लिएअनुकरणीय और प्रेरणादायक है। भगवान श्री राम से हमें सदैव धर्म का अनुसरण करते हुए सदाचारपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और आदर्शों को अपनाकर सबको समरसता व समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगी बाराबंकी की भगहर झील

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ के सबसे करीबी जिला बाराबंकी के विश्वविख्यात महादेवा मंदिर के नजदीक स्थित भगहर झील को पर्यटन विभाग ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जा रहा है। झील 84 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है। इसका सौन्दर्यीकरण कराकर आगंतुकों के लिए उपयोगी बनाया जायेगा। 5 करोड़ रुपये का डीपीआर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। यह झील अत्यधिक प्राचीन है, इसमें विभिन्न प्रजाति के जलीय जीव के अलावा देशी-विदेशी दुर्लभ प्रजाति के पक्षी भ्रमण करते रहते हैं। इसके आसपास बुनियादी सुविधाओं के विकास किये जाने से झील का संरक्षण भी होगा तथा पक्षी प्रेमियों एवं पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा स्थल भी उपलब्ध होगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रसिद्ध महादेवा मंदिर लखनऊ व बाराबंकी के करीब है। भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर के दर्शन एवं पूजन के लिए आते हैं। पर्यटन विभाग अब इस झील को ईको पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए तैयार है। यहां पहले से बागवानी है, इसके पास से पाथवे बनाया जाएगा। झील के भीतर और किनारे वाक वे बनाया जाएगा। बच्चों के लिए खेल स्थल बनेगा। झूले लगाए जाएंगे। पर्यटक आएंगे तो उनके लिए खाने-पीने की सुविधा होगी, इसके लिए पर्यटन विभाग कैंटीन बनायेगा। झील में विदेशी पक्षी खूब आते हैं, इसलिए मिट्टी का टिला भी बनाया जायेगा। झील के किनारे सीढ़ियां बनी हैं, इंटरप्रेटेशन सेंटर, गजिबो, वाच टावर समेत अन्य सुविधाएं हैं।

### जूनियर बेसिक शिक्षकों को मिलेगी पदोन्नति

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** जूनियर बेसिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों एवं शिक्षिकाओं की पदोन्नति के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने समय सारिणी जारी की है।पोर्टल पर अपलोड ज्येष्ठता सूची के सापेक्ष शिक्षक एवं शिक्षिका द्वारा प्राप्त आपत्ति का निस्तारण कर 30 अक्टूबर तक पोर्टल पर अंतिम ज्येष्ठता सूची अपलोड करने के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पात्रता सूची और उसके अनुरूप पदोन्नति की कार्यवाही करने की तिथि आठ नवंबर तय की गई है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने पोर्टल पर अपलोड अंतिम ज्येष्ठता और पात्रता सूची के संबंध में सभी बीएसए से इस आशय का प्रमाणपत्र भी मांगा है कि सहायक शिक्षक और शिक्षिकाओं द्वारा अनंतिम ज्येष्ठता सूची के सापेक्ष आपत्तियों का निस्तारण नियमानुसार करते हुए अंतिम ज्येष्ठता एवं पात्रता सूची तैयार की गई है। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं है। इधर उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव का कहना है कि बार-बार शिक्षकों की पदोन्नति के लिए विभाग समय सारणी जारी करके गुमराह कर रहा है। वर्षों से शिक्षकों की पदोन्नति रोककर कम वेतन देकर सहायक शिक्षकों से प्रधानाध्यापक के कार्य लिए जा रहे हैं, जो शिक्षकों के साथ अन्याय है।

# नगर विकास मंत्री ने वाल्मीकि जयंती पर सफाई मित्रों का किया सम्मान

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

**✻ सफाई मित्रों को दिया शाल, वर्दी और सुरक्षा किट**

**✻ महर्षि वाल्मीकि का सनातन संस्कृति, विरासत को संजोने में बड़ा योगदान**

साफ-सफाई, स्वच्छता समाज व राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य - शर्मा

लखनऊ 28 अक्टूबर। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार सफाई कर्मियों के सशक्तीकरण और कल्याण के लिए कार्य कर रही। उनके सुख-सुविधाओं, सुरक्षा का ख्याल रख रही तथा समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सफाई कर्मियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शीघ्र ही नगरीय निकायों में सेल गठित किया जायेगा और योजनाओं की पात्रता के अनुरूप उन्हें इनका लाभ दिलाने में मदद की जायेगी। सफाई कार्मिकों को अब गन्दगी फैलाने वाले लोगों को रोकने-टोकने का अधिकार दिया जायेगा और ये यह भी देखेंगे कि ठेला-खोंमचा वाले, सब्जी विक्रेता, गुमटी, दुकानों व रेस्टोरेन्ट के पास डस्टबिन है कि नहीं। नगरीय व्यवस्थापन, कूड़ा-कचरे के निपटान और सफाई के स्थायी समाधान के लिए इनके सुझाव भी लिए जायेंगे। नगरों की साफ-सफाई का कार्य बहुत चुनौतीपूर्ण है, फिर भी इसे पूरी तत्परता और निरन्तरता के साथ किया जा रहा। इसके लिए अब लोगों को भी जागरूक होना होगा, सफाई के महत्व को समझना होगा, बिना साफ-सफाई और स्वच्छता के जीवन का पूर्ण आनन्द नहीं लिया जा सकता। श्री शर्मा ने आज शनिवार को नगरीय निकाय निदेशालय में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती और सफाई मित्रों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और कार्यक्रम को सम्बोधित किया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जयंती और शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रदेश वासियों और सफाई मित्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ब्रह्म ऋषि महर्षि वाल्मीकि का सनातन संस्कृति, विरासत को संजोने में सबसे बड़ा योगदान रहा। सनातन संस्कृति में महर्षि वाल्मीकि को ब्रह्म के समान माना गया। केन्द्र व प्रदेश की वर्तमान सरकार में किसी को भी छोटा-बड़ा नहीं माना जाता, सबके साथ समान व्यवहार किया जाता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुम्भ में सफाई कार्य को सबसे महत्वपूर्ण मानते हुए वाल्मीकि समाज के लोगों के पैर धुले थे और यह विश्वास दिलाया था कि ''क्लीनलीनेस इज़ नेक्स्ट टू गॉडलीनेस'। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक कर समाज में बदलाव लाना है, जिससे कि स्वच्छता को स्थायी रूप से बनाये रखा जा सके। प्रदेश में पहली बार प्रातः 05 बजे से सफाई की शुरूआत हो जाती है। सफाई मित्रों की लगन और मेहनत का ही परिणाम रहा कि जी-20 की बैठकों में आगरा, लखनऊ और बनारस की सुन्दरता का विदेशी राष्ट्राध्यक्षों और शासकों के प्रतिनिधियों ने प्रसंशा की। सफाई एवं स्वच्छता के लिए मानवीय प्रयास और पुरूषार्थ के साथ मशीनों का भी प्रयोग किया जाए, इसके लिए निकाय आवश्यक मशीनों का प्रबंध जरूर करें। सभी अनुपयोगी मशीनों की रिपेयरिंग कर उपयोग में लाया जाए, जिससे कि सफाई व्यवस्था को और आगे तक ले जाया जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से सीवर सफाई का कार्य अब मशीनों के द्वारा ही कराया जायेगा। इस अवसर पर मंत्री ने 100 सफाई मित्रों को सुरक्षा किट, वर्दी, शाल एवं पुष्प देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि सभी निकायों में आज सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। सफाई आयोग के अध्यक्ष राहुल कुमार वाल्मीकि और सफाई मित्र संगठनों के प्रतिनिधियों को भी पुष्प एवं शाल देकर सम्मानित किया। निदेशालय परिसर में ही 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सैण्ड मूर्ति बनाने पर वाराणसी के फाइन आर्ट कलाकर रूपेश सिंह को भी शाल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उसके सैण्ड आर्ट कला की प्रसंशा भी की। उन्होंने आईएएस सुहास एलवाई के पैरा एशियाई खेल में स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा के बल पर कई अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं, इसके लिए उन्होंने ताली बजवाकर उनके खेल प्रतिभा की प्रसंशा की। इस अवसर पर निदेशक नगरीय निकाय नितिन बंशल, विशेष सचिव नगर विकास डीपी सिंह, अपर निदेशक ऋतु सुहास, डॉ असलम अंसारी, उपनिदेशक डॉ सुनील कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मी उपस्थित थे।

# जन एक्सप्रेस

## सम्पादकीय

# नशे के कैंसर से देश को बचाने का दायित्व किसका

**पुलिस प्रशासन के लोग अकसर यह शिकायत करते हैं कि हम तो केस पकड़ते हैं लेकिन अदालत से लोग छूट जाते हैं क्योंकि पकड़ी गई नशे की खेप की मात्रा कम होती है। तो क्या अपराधी इतनी कम मात्रा में लाते हैं या पकड़ने वाले पकड़ी गई खेप की मात्रा कम दिखाते हैं। इसलिए सख्त कानून की आवश्यकता केवल धन के लालच में लगे समाज विरोधी ड्रग तस्करों के लिए नहीं अपितु इसे बनाने वालों, तस्करी करने वालों, नशा फैलाने वालों, प्रयोग करने वालों और पुलिस प्रशासन तथा राजनीतिक संरक्षण देने वालों समेत सब के लिये सख्त कानून की आवश्यकता है।**

*आज हमारे सामने नशे की सबसे बड़ी गम्भीर समस्या है। नशे का यह कैंसर जिस तीव्रता से समाज में फैल रहा है उसे देखकर, सुनकर आदमी सिहर उठता है और लगता है जिस गति से नशा समाज को विनाश की गर्त में ले जा रहा है उससे तो समाज का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। प्रतिदिन नशे से होने वाली युवाओं की मौतों की खबरें और नशे की बड़ी खेप पकड़े जाने के समाचार डराते हैं। मानव समाज के अस्तित्व को खतरे में डालने वाला स्वयं मानव समाज ही है। आदमी पैसे के लालच में अंधा होता जा रहा है। एक समय था जब तम्बाकू, सिगरेट, बीड़ी और अधिक से अधिक शराब को नशा माना जाता था। आज अफीम, चरस, गांजा, कोकीन, चिट्टा और न जाने कौन-कौन से नए नामों के साथ नशा समाज में तबाही मचा रहा है। इस धंधे से होने वाली बेपनाह कमाई के लालच में लोग इस दलदल में फंसते हैं और जो फंस गये वे फिर निकल नहीं पाते। वैसे ही बेईमानी का धन कमाने में पुलिस प्रशासन और अन्य एजेंसियां, जिन को इस पर नियंत्रण करना है, वो भी रिश्वत के चक्कर में आंखें मूंद लेते हैं। इसका भयंकर परिणाम यह हो रहा है कि छोटे बच्चे, विद्यार्थी और युवा नशेड़ी बन जाते हैं। परिवार नियोजन के कारण बहुत सारे परिवारों में एक ही बच्चा, लड़का या लड़की होती है और वह मासूम जब नशे की लत का शिकार हो जाते हैं तो मां-बाप की जिंदगी वैसे ही नरक बन जाती है। यदि युवा पीढ़ी नशेड़ी होगी तो न सेना के लिये न वीर सैनिक मिलेंगे। न पुलिस प्रशासन में स्वस्थ जागरूक कर्मचारी, अधिकारी मिल पाएंगे। इससे कृषि क्षेत्र, उद्योग का क्षेत्र और सेवाओं का क्षेत्र भी अछूता नहीं बचेगा। नशे का यह जहर सारे समाज को खोखला करके समाप्त कर देगा। ऐसे में प्रश्न उठता है कि करें क्या ? इस संकट को दूर करने के लिए कोई बाहर से आकर समाधान नहीं निकालेगा। हमें यानी हर नागरिक को अपने परिवार के प्रति, समाज के प्रति और राष्ट्र के प्रति दायित्व निभाना होगा। कुछ समय से मैं देख रहा हूं कि परिवार की परिभाषा पति, पत्नी और बच्चों तक ही सीमित हो गई है। समाज के अन्य लोगों का सुख-दुख हमारा अपना नहीं होता। इसी प्रकार से हमारा सुख-दुख समाज के लोगों का नहीं होता। इसी कारण मनुष्य कष्ट या समस्या के समय सामाजिक प्राणी होते हुए भी अपने आप को अकेला पाता है। कुछ समय पहले तक किसी का भी बच्चा अगर सिगरेट, बीड़ी या शराब आदि का नशा करते किसी को मिलता था तो प्रत्येक व्यक्ति अपना सामाजिक दायित्व समझते हुए उसे रोकता था। उसके परिवारजनों को सूचना देता था तो एक प्रकार से कुरीतियों पर दुष्प्रभावों पर पारिवारिक नियंत्रण के साथ सामाजिक नियंत्रण भी होता था। नशे की बात हो, महिलाओं से छेड़छाड़ की बात हो या कोई दुर्घटना हो जाए तो आंख बचाकर निकलने में ही भलाई समझी जाती है। इसलिए पहले तो सभी अपना पारिवारिक दायित्व निभाएं केवल बच्चे पैदा करना ही अपना दायित्व न समझें बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार देना, बच्चों को समय देना और समाज को सुसंस्कृत, सभ्य नागरिक देना भी सभी का दायित्व है। सामाजिक दायित्व को समझते हुए उसके खिलाफ खड़े होने का नैतिक साहस अपने अंदर पैदा करें और सामाजिक दायित्व को निभाएं। गलत किसी के साथ भी हो रहा है तो उसके खिलाफ आवाज उठाएं। परिवार और समाज के साथ सरकार पर भी बहुत बड़ा दायित्व आता है। इन बुराइयों को कुचलने के लिए सरकार को सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है। इसमें वर्तमान कानूनों में अगर किसी संशोधन की आवश्यकता हो तो केंद्र और प्रदेश की सरकारें मिलकर सख्त कानून बनाएं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**यह वास्तव में बेहद दुखद स्थिति है। आप कभी राजधानी में देश के चोटी के राममनोहर लोहिया अस्पताल यानी आरएमएल में जाइये। वहां की इमरजेंसी सेवाओं में हर समय करीब एक दर्जन बलिष्ठ भुजाओं वाले बाउंसर तैनात मिलते हैं। यहां पर मरीजों के दोस्तों और रिश्तेदारों के डाक्टरों के साथ कई बार हाथापाई करने के बाद अस्पताल मैनेजमेंट ने बाउंसरों को तैनात कर दिया है। जब से यहां पर बाउंसर रहने लगे हैं तब से अस्पताल में शांति है। वर्ना तो लगातार डॉक्टरों के साथ बदसलूकी और मारपीट के मामले सामने आते थे। कई बार डॉक्टरों को इलाज में कथित देरी या किसी अन्य कारण के चलते कुछ सिरफिरे लोग मारने-पीटने भी लगते थे।**

# डॉक्टरों पर हमला करने वालों को भेजो जेल



आर.के. सिन्हा

**राममनोहर लोहिया अस्पताल यानी आरएमएल में जाइये। वहां की इमरजेंसी सेवाओं में हर समय करीब एक दर्जन बलिष्ठ भुजाओं वाले बाउंसर तैनात मिलते हैं। यहां पर मरीजों के दोस्तों और रिश्तेदारों के डाक्टरों के साथ कई बार हाथापाई करने के बाद मैनेजमेंट ने बाउंसरों को तैनात कर दिया है।**

पिछले दिनों राजधानी में सैकड़ों डॉक्टर राजघाट पर एकत्र हुए। ये वही डॉक्टर हैं, जो जानलेवा कोरोना की दूसरी लहर के समय भगवान के दूत बनकर रोगियों का इलाज कर रहे थे। लेकिन, अब ये डरे-सहमे हुए हैं। इनकी डर की वजह यह है कि इन पर होने वाले हमलों और दुर्व्यवहार के मामलों की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है । केन्द्र सरकार से यह मांग कर रहे हैं कि वो तुरंत ही कोई सख्त कानून लेकर आए ताकि डॉक्टर बिना किसी भय भाव के काम सकें। फिलहाल तो डॉक्टरों पर हमले लगातार बढ़ते ही चले जा रहे हैं। आप स्वयं गूगल करके देख लें। आपको डॉक्टरों पर हमलों के अनगिनत मामले मिलेंगे। बेशक, डाक्टरों के साथ बदतमीजी या मारपीट करना किसी भी सभ्य समाज में सही नहीं माना जा सकता। इसकी भरपूर निंदा तो होनी ही चाहिए और जो इस तरह की अक्षम्य हरकतें करते हैं, उन्हें कठोर दंड भी मिलना चाहिए। बेशक, देशभर में हजारों-लाखों निष्ठावान डॉक्टर हैं। वे रोगी का पूरे मन से इलाज करके उन्हें स्वस्थ करते हैं। आपको पटना से लेकर लखनऊ और दिल्ली से मुंबई समेत देश के हरेक शहर और गांव में सुबह से देर रात तक कड़ी मेहनत करते ए हजारों डाक्टर बंधु मिल जाएंगे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे डॉ. विनय अग्रवाल भी उस मार्च में शामिल थे जो राजघाट पर पहुंची थी। उनकी मांग है कि डॉक्टरों पर हमले करने वालों पर 5 लाख रुपये तक का जुर्माना और तीन साल तक की कैद हो। ये सारे कदम इसलिए उठाए जाने की जरूरत है ताकि डॉक्टरों पर हमले करने के बारे में कोई सपने में भी न सोचे। डॉ. विनय अग्रावल कोरोना काल में किसी फरिश्ते की तरह कोरोना की चपेट में आए लोगों को अस्पताल में बेड दिलवा रहे थे। यह उन दिनों की बातें हैं जब कोरोना के रोगियों के संबंधी अस्पतालों में बेड तलाश रहे थे। निश्चय ही उस डरावने दौर को याद करते ही दिल बैठने लगता है जब कोरोना के कारण प्रलय वाली स्थिति बन गई थी। तब कोरोना के रोगियों के इलाज करने के लिए सिर्फ डॉक्टर और उनका स्टाफ ही सामने आ रहे थे। उस भयानक दौर में डॉ. विनय अग्रवाल और उनके साथी डॉक्टर दिन-रात रोगियों का इलाज कर रहे थे। उन्होंने उस दौरान सैकड़ों कोरोना रोगियों के लिए बेड की व्यवस्था करवाई थी। आज वे ही डॉक्टर अपनी जान की रक्षा करने के लिए सरकार से गुजारिश कर रहे हैं। यह वास्तव में बेहद दुखद स्थिति है। आप कभी राजधानी में देश के चोटी के राममनोहर लोहिया अस्पताल यानी आरएमएल में जाइये। वहां की इमरजेंसी सेवाओं में हर समय करीब एक दर्जन बलिष्ठ भुजाओं वाले बाउंसर तैनात मिलते हैं। यहां पर मरीजों के दोस्तों और रिश्तेदारों के डाक्टरों के साथ कई बार हाथापाई करने के बाद अस्पताल मैनेजमेंट ने बाउंसरों को तैनात कर दिया है। जब से यहां पर बाउंसर रहने लगे हैं तब से अस्पताल में शांति है। वर्ना तो लगातार डॉक्टरों के साथ बदसलूकी और मारपीट के मामले सामने आते थे। कई बार डॉक्टरों को इलाज में कथित देरी या किसी अन्य कारण के चलते कुछ सिरफिरे लोग मारने-पीटने भी लगते थे। यहां पर कुछ महिला बाउंसर भी हैं। याद रख लें कि अगर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भी डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं तो फिर बाकी जगहों की बात करना बेकार है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में सरकारी बाबुओं से लेकर देश के सांसदों और मंत्रियों तक का इलाज होता है।



**यह कोई बहुत पुरानी बात नहीं है जब देशभर के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य मेडिकल स्टाफ ने कोरोना वायरस को मात देने के लिए अपने प्राणों को भी दाव पर लगा दिया था। जरा सोचिए कि उस भयावह दौर में अगर यह भी हमारे साथ न होते तो क्या होता। अब हम उन्हीं डॉक्टरों के साथ मारपीट कर रहे हैं। इतनी एहसान फरामोशी कहां से कुछ लोगों में आ जाती है।**

कोरोना काल में यहां के डॉक्टरों ने अनगिनत लोगों की जानें बचाईं थीं। राजधानी के ही लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल ने भी अपने डॉक्टरों को बचाने के लिए बाउंसर रख दिए हैं। करीब दो साल लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में गार्ड की तीमारदारों ने मारपीट की थी। दिल्ली पुलिस के जवान जब तक बचाने आते तब तक सुरक्षाकर्मी को तीमारदार मारपीट कर चुके थे। यह हाल उस सुरक्षाकर्मी का था जिसके कंधे पर डॉक्टरों को बचाने की जिम्मेदारी थी। उसका हाथ तक टूट गया था। इस घटना के बाद लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल ने बाउंसरों को लगाया। इन दोनों अस्पतालों में सारे देश से रोगी पहुंचते हैं। आपको पिछले कुछ महीने पहले राजस्थान के दौसा जिले की उस घटना की याद होगी जब एक महिला डॉक्टर डॉ. अर्चना शर्मा ने आत्महत्या कर ली थी। उस घटना से देशभर के डॉक्टर सहम गए थे। वह घटना चीख-चीख कर इस चिंता की पुष्टि कर रही थी कि वक्त आ गया है कि देश के डॉक्टरों को पर्याप्त सुरक्षा दी जाए। अगर यह नहीं किया गया तो डॉक्टर बनने से पहले नौजवान कई-कई बार सोचेंगे। बता दें दौसा में डॉ.अर्चना शर्मा का एक अस्पताल था। उनके पास लालूराम बैरवा नाम का एक शख्स अपनी पत्नी आशा देवी को डिलीवरी के लिए लेकर आया। डिलीवरी के दौरान प्रसूता (आशा देवी) की मौत हो गई, वहीं नवजात सकुशल है। आशा देवी के निधन के बाद शुरू हो गया हंगामा। आशा देवी की मौत के बाद उसके घरवालों ने मुआवजे की मांग को लेकर अस्पताल के बाहर जमकर बवाल काटा। उन्होंने डॉ. अर्चना शर्मा के खिलाफ हत्या का मामला पुलिस में दर्ज करवा दिया। पुलिस ने इस केस को हत्या के मामले के रूप में दर्ज कर लिया। इससे डॉ. अर्चना बुरी तरह से घबरा गई और उन्होंने आत्मग्लानि से पीड़ित होकर खुदकुशी ही कर ली। महिला डॉक्टर की आत्महत्या के मामले को लेकर राजस्थान के सभी डॉक्टरों ने हड़ताल भी की थी। डॉ.अर्चना शर्मा गांधीनगर मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर भी रही थीं। पर वह मानती थी हरेक डॉक्टर की जिम्मेदारी है कि वह देश के ग्रामीण इलाकों में रहने वालों की सेवा करे। दरअसल यह समझने की जरूरत है कि डॉक्टर सिर्फ रोगी को ठीक करने का ईमानदारी प्रयास भर ही कर सकता है। वह कोई भगवान तो नहीं है। इसलिए उसकी सीमाओं को भी समझना होगा।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | प्रतिपदा 23:53 तक |
| नक्षत्र: | भरणी 28:41 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | रविवार |
| योग: | सिद्ध, 20:00 |
| सूर्योदय: | 06:31 |
| सूर्यास्त: | 17:38 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 16:14-17:38 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्त: | 11:42-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### चर्चा में इस बार !

*प्याज़ की अब कीमतें ।*
*चर्चा में इस बार ।।*
*कौन ज़िम्मेदार है ।*
*शुरू हुई तकरार ।।*
*हुई आवक कम ।*
*है अब काफी देर ।।*
*दरें आसमान में ।*
*जेब हो रही ढ़ेर ।।*
*आनी थी पर जिसकी ।*
*है आई बहार ।।*
*देखते हैं कब तक ।*
*होता चमत्कार ।।*
*जाते ही बरसात ये ।*
*है होता हर साल ।।*
*तड़का राजनीति का ।*
*होता फिर कमाल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*हाँ मेरा शहर दिन के उजालों का शहर है,*
*ये मस्जिदों और शिवालों का शहर है ।*
*नाजुक मिजाज लोग आशिक मिजाज भी,*
*तस्किने दिल को चाहने वालों का शहर है ।*
*लोगों के लिए जन्नत से कम नहीं ,*
*चांदी की थाली,सोने के प्यालों का शहर है ।*

*वो चाहतें है हथियारों की फसलें बोना मगर,*
*ये आज भी मोहब्बत के रिसालों का शहर है।*
*बेलोस मोहब्बत यहाँ हर एक गली में,*
*ये मोहब्बत की लाजवाब मिसालों का शहर है।*
*यहाँ हर आँख में मेहनत की धनक है संजीव,*
*अख्लाक की चमकती मशालों का शहर है।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*आप अपने जीवन में अच्छे काम करते रहें, दुनिया तारीफ करे या ना करे क्योंकि जब आधी दुनिया सोती है तो भी सूरज निकलता है।*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बंद धमनियों को खोलने के लिए करें दालचीनी का सेवन, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

**बीते** कुछ सालों में दिल से जुड़ी बीमारियों के मरीज तेजी से बढ़े हैं। पूरी दुनिया में हार्ट की बीमारियों के कारण होने वाली मौतें प्रमुख स्थान पर हैं। हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट जैसी समस्याएं अब कम उम्र के लोगों में भी देखी जा रही हैं। असंतुलित खानपान, अनियमित दिनचर्या और काम-काज का बोझ या तनाव के कारण लोग दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा असंतुलित खानपान और अनियंत्रित जीवनशैली के कारण धमनियों में ब्लॉकेज की समस्या भी होती है। धमनियों में ब्लॉकेज होने की वजह से आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन ठीक ढंग से नहीं हो पाता है और इसकी वजह से हार्ट अटैक जैसी गंभीर समस्या का खतरा बढ़ जाता है। धमनियों में ब्लॉकेज को खोलने के लिए कुछ औषधियों का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। बंद धमनियों को खोलने के लिए आप दालचीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसका सेवन करने से दिल से जुड़ी बीमारियों का जोखिम भी कम करने में बहुत फायदा मिलता है।



**धमनियों में ब्लॉकेज खोलने के लिए दालचीनी के फायदे:** धमनियों में कोलेस्ट्रॉल या प्लाक जमा होने कारण इसमें ब्लॉकेज की समस्या होती है। ब्लॉकेज की वजह से हेरत को पर्याप्त मात्रा में खून नहीं मिल पाता है और इसकी वजह से हार्ट अटैक और हार्ट से जुड़ी दूसरी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के आयुर्वेदिक डॉ. एसके पांडेय कहते हैं कि, दालचीनी में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी जैसे कई गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन आमतौर पर भोजन बनाने में मसाले के रूप में किया जाता है, लेकिन औषधीय गुणों से भरपूर होने की वजह से इसका प्रयोग आयुर्वेद में औषधि के रूप में करते हैं।÷ दालचीनी में मौजूद गुण न सिर्फ धमनियों में ब्लॉकेज को कम करने का काम करते हैं साथ ही हार्ट से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम करने में भी उपयोगी होते हैं। दालचीनी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने और ऑक्सीडेटिव डैमेज को कम करने का काम करते हैं। इसके अलावा दालचीनी में मौजूद गुण शरीर में मौजूद बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने का काम करते हैं। धमनियों में ज्यादातर ब्लॉकेज प्लाक जमने या हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से होता है। इसके अलावा दालचीनी में पॉलीफेनोल्स नामक एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर को कई दूसरी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में बहुत फायदेमंद हैं।

**धमनियों में ब्लॉकेज हटाने के लिए कैसे करें दालचीनी का सेवन?:** धमनियों में ब्लॉकेज दूर करने के लिए दालचीनी का सेवन कई तरह से किया जा सकता है। धमनियों में जमा प्लाक और कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए रोजाना सुबह दालचीनी का पानी पीना फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा दूध में दालचीनी का पाउडर डालकर पीने से भी आप इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। यही नहीं सब्जी और खाना बनाने में भी आप दालचीनी के पाउडर का इस्तेमाल करें। धमनियों में ब्लॉकेज की समस्या बहुत गंभीर होती है और इसके लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। धमनियों का ब्लॉकेज हटाने के लिए दालचीनी का इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर से संपर्क जरूर करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# खतरनाक ही नहीं, मानवता पर बड़ा कुठाराघात भी है इस्लामिक आतंकवाद



ललित गर्ग

**हमास द्वारा इजरायल के निर्दोषों का नरसंहार भारत के कथित धर्मनिरपेक्ष तत्वों को दिखाई नहीं दिया, वे तथा सत्ता विरोधी गठबंधन से जुड़े दल मुस्लिम वोटों की संकीर्ण राजनीति के चलते आतंकियों के विरुद्ध एक भी शब्द बोलने की हिम्मत नहीं जुटा सके।**

**पूरे देश में इस्लामिक कट्टरता एवं जिहादी सोच के चलते मानवीय मूल्यों एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का ह्रास हुआ है। हिंसा, आतंक, उन्माद पनपे हैं। इस्लामिक कट्टरता एवं उन्माद से जुड़ी समस्याओं ने नये सन्दर्भों में पंख फैलाये हैं। मानवीय संबंधों के बीच एकता, अखण्डता, सहयोगिता, सह-अस्तित्व, प्रेम, आपसी सौहार्द, करुणा, अहिंसा एवं उदारता की पहचान घटी है।**

**समूची** दुनिया मजहबी कट्टरता, अमानवीय अत्याचार एवं उन्मादी आतंकवाद के चलते विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी है। हमास के आतंकवादियों ने किस तरह की हैवानियत की थी, छोटे छोटे बच्चों एवं महिलाओं के साथ घर में घुसकर हिंसा, अनाचार किया, गोली मारी, जिंदा जला दिया। पकड़े गये सैनिकों को बारूद में लपेट कर जीवित जला देना, अपने ही हिमायती लोगों को अपने लिए मानव ढाल बनने के लिए मजबूर करना, उन्हें युद्ध क्षेत्र में रोकना, जिससे अधिक से अधिक लोगों की जान जा सके यह किसी युद्ध की स्थिति नहीं है, यह इस्लामी कट्टरवादी सोच है। यह सारी मानवता को चुनौती है, विश्वशांति को खतरा है, उसके लिए अस्तित्व रक्षा का प्रश्न है। अब सवाल ये है कि गाजा के आम लोगों का इसमें क्या कसूर? क्या हमास की दरिंदगी का बदला गाजा के आम लोगों के खून से चुकाया जाएगा? आखिर कब तक निर्दोष, मासूम एवं आमजन उन्माद एवं आतंक की भेंट चढ़ते रहेंगे? इस्लामी कट्टरता एवं उन्माद के काले दंश केवल गाजा पट्टी में ही नहीं, भारत में भी कहर बरपाते रहे हैं, लम्बे समय से जम्मू-कश्मीर हो या, हाल ही में मणिपुर-मेवात में हुई हिंसा, उन्माद एवं वहशियाना हरकतें चिन्ता का सबब बनती रही है। इस्लामी आतंकवाद खतरनाक है, मानवता पर कुठाराघात है। इस तरह के आतंक से दुनिया को डराना एवं भयभीत करना मुख्य लक्ष्य है। हमास के आतंकवादियों ने जब इजरायल के मासूम नागरिकों पर बेरहमी से हमला किया तो वो हथियारों के साथ-साथ कैमरों से भी लैस थे, अपनी वहशियाना हरकतों को कैमरे में कैद कर रहे थे। आज जब इसके सबूत सामने आए तो साफ हो गया कि इरादा सिर्फ मारकाट मचाना नहीं था, इरादा सिर्फ इजरायल को नुकसान पहुंचाने का भी नहीं था, इरादा तो ये था कि ये हैवानियत दुनिया को दिखाई जाए, दुनिया को इस्लाम एवं उसकी आतंकी सोच के सामने झुकने को विवश करना इरादा था, इरादा इजरायल के आत्मसम्मान पर चोट पहुंचाना भी था। इजरायल दुनिया को हमास के जुल्मों की तस्वीरें दिखाकर पूछ रहा है कि इस पर दुनिया के इस्लामिक देश खामोश क्यों हैं? जो आज इजरायल से जंग रोकने के लिए कह रहे हैं उन्होंने हमास की अमानवीय कार्रवाई की निंदा क्यों नहीं की? अगर कैमरों पर सबूत न होते तो कुछ लोग शायद ये कह देते कि इजरायल की फौज और मोसाद ने खुद ही अपने लोगों को मरवाया ताकि उन्हें हमास पर हमला करने का बहाना मिल सके। लेकिन इस बात के पुख्ता सबूत हैं और दावे भी कि हमास के आतंकवादियों ने मासूम और बेकसूर लोगों के साथ वहशियाना तरीके से जुल्म किया, हत्या की और आज भी अगवा किए गए लोगों को इंसानी ढाल बनाकर अपने आप को बचाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन फिलिस्तीन का समर्थन एवं मानवाधिकार की बातें करने वाले इन हरकतों को नजरअंदाज करने में लगे हैं। दुनिया के कई मुल्कों में प्रदर्शन हुए हैं, लोग इजरायल पर दबाव बनाना चाहते हैं ताकि वो गाजा पर किए जा रहे हमलों को रोके। इजरायल के कड़े रुख को देखते हुए अब हमारे देश में भी फिलिस्तीन और हमास के समर्थन में मुस्लिम संगठनों और मुस्लिम नेताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। ये वे ही लोग एवं संगठन हैं जो भारत में होने वाली आतंकवादी घटनाओं, उन्मादी सोच एवं हिंसा एवं पाकिस्तानी हरकतों का समर्थन करने से बाज नहीं आते। हमास के दहशतगर्दों ने महिलाओं के कपड़े उतारकर उन पर जुल्म करके, उनकी नुमाइश करते वक्त कैमरों के सामने अल्लाहु अकबर के नारे लगाए। गौर करने की बात ये भी है कि सऊदी अरब और यूनिइटेड अरब अमीरत के मुल्कों में कोई विरोध प्रदर्शन के लिए सड़कों पर नहीं उतरा लेकिन हमारे देश में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिनके बारे में कुछ लोग कह रहे हैं-बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना। असदुद्दीन ओवैसी खुलकर इजरायल का विरोध कर रहे हैं। इजरायल का समर्थन करने के भारत सरकार के फैसले को गलत बता रहे हैं। पिछले दिनों मेवात में बरपी इस्लामिक कट्टरता में भी गाजापट्टी जैसे ही दृश्य देखने को मिले। जिहादियों ने हिन्दुओं पर हमला करने की पहले से पूरी तैयारी कर रखी थी। यहां तक कि उन्होंने मन्दिर में फंसे हिन्दू महिलाओं, बच्चों एवं निर्दोषों को निकालने के लिये गुरुग्राम से आने वाले पुलिसकर्मियों पर भी हमले किये। पुलिस थाने को भी जला दिया गया, ताकि पुलिसकर्मी रक्षा एवं बचाव कार्य न कर सके। उस समय मेवात मानो मिनी पाकिस्तान बन गया था। मेवात में अल्पसंख्यक हिन्दुओं का कब्रिस्तान बनाने का एक षडयंत्र एवं साजिश थी। मेवात के सभी सैंकड़ों गांव हिन्दू-विहीन हो चुके हैं। मेवात के हालात आज के गाजा पट्टी जैसे ही बने हुए थे। भारत में ऐसे अनेक गाजा पट्टी हैं।

# खीरी में धूमधाम से मनी महर्षि वाल्मीकि जयंती

* मंदिरों में दीपदान के साथ हुआ वाल्मीकि रामायण का पाठ
* सीडीओ ने किया महर्षि वाल्मीकी जी की प्रतिमा का माल्यार्पण



जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को गत वर्षो की भांति खीरी में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ-साथ वाल्मीकि रामायण का पाठ हुआ। इस अवसर पर जिले की सभी तहसील, विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर विभिन्न मंदिरों में भजन कीर्तन एवं रामायण पाठ भी भजन मंडलियों ने किया गया। वाल्मीकी जंयती पर श्री वाल्मीकी मंदिर, गुटैय्या बाग, लखीमपुर में पूजा-प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ, जिसमें सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने महार्षि वाल्मीकी जी की प्रतिमा का माल्यार्पण किया तथा रामायण पाठ का आयोजन हुआ। जिसमें मंदिर प्रशासन के सहयोग से भजन-कीर्तन मण्डली द्वारा भजन-कीर्तन किया तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया। साथ ही महर्षि वाल्मीकी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को महर्षि वाल्मीकी जी के पद चिन्हों पर चलने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही जनपद के विभिन्न वाल्मीकी मंदिरों में प्रतिमा का माल्यापर्ण, भजन-कीर्तन तथा प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि वैदिक काल में महान ऋषियों में आते हैं। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि के नाम से भी जाना जाता है, उनके द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध कालजयी कृति रामायण महाकाव्य सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। कहा कि वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्य एवं राष्ट्रीय मूल्यों से जन सामान्य को जोड़ना है। इस मौके पर नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जिलेभर में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ-साथ भजन मंडलियों द्वारा वाल्मीकि रामायण का पाठ भी हुआ। स्थानीय कलाकारों, भजन मंडलियों द्वारा वाल्मीकि रामायण का पाठ किया।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल मे वार्षिकोत्सव 'कारवां' उत्सवपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




अपनी भव्यता एवं गरिमा के अनुरूप लखनऊ पब्लिक स्कूल, शाखा लखीमपुर के प्रांगण में वार्षिकोत्सव कारवां उत्सवपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि श्री दीपेंद्र कुमार सिंह, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज, लखीमपुर के द्वारा हुआ। उपस्थित मुख्य अतिथि, गेस्ट ऑफ़ ऑनर श्री अनिल कुमार यादव, डिप्टी कमांडेड, एस.एस.बी., स्पेशल गेस्ट डॉ. ईश्वर कुमार रामचंदानी, चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, एजुकेशनल मोटीवेटर श्री विजय तोलानी सहित सभी सम्मानित गणमान्यो का स्वागत प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने अंकुर-वृक्ष देकर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्व धर्म सद्भाव से युक्त प्रार्थना, शिक्षाप्रद विजयी भव, जल संरक्षण का संदेश देता वंडर्स ऑफ वाटर, कव्वाली महफिले एल.पी.एस., बच्चों में रचनात्मक प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने वाला हैपिएस्ट डे ऑफ़ लाइफ, समूह गान कॉलेज क्वायर, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित स्वाभिमान, नृत्य इंडीज हिप हॉप, पुरानी यादों को संजोता दूरदर्शन की दुनिया, स्ट्रेडॉग की दुखभरी दुनिया को दर्शाता फैमिली फरएवर, पौराणिक दृष्टांत को रेखांकित करता हनुमंत-वंदन, फुलझड़ियों से युक्त रंगारंग कार्यक्रम ग्रैंड फिनाले जैसी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों द्वारा छात्र-छात्राओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि श्री दीपेंद्र कुमार सिंह ने सभी कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ प्रशंसा की। उन्होंने गत वर्ष की आई.सी.एस.ई., आई.एस.सी. के 85 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांको वाले बारह छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांको वाले प्रतिभावान आठ छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र देकर तथा उनके माता-पिता को शाल व अंकुर-वृक्ष देकर सम्मानित किया। विद्यालय के पूर्व छात्र गुरपेज सिंह संधू, चयनित असिस्टेंट कमांडेंट स्पेशल फोर्स अंडर होम मिनिस्ट्री ऑफ़ इंडिया को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेस के संस्थापक-महाप्रबंधक डॉ. एस.पी.सिंह एवं पूर्व एम.एल.सी. कांति सिंह ने विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति एवं विगत सत्र के आये परीक्षा परिणामो की अत्यंत सराहना की। डायरेक्टर एकेडमिक्स एंड इनोवेशन लखनऊ पब्लिक स्कूल नेहा सिंह ने सभी कार्यक्रमों के लिए छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की एवं उन्हें संदेशपूर्ण प्रेरणात्मक बताया। उन्होंने मुख्य अतिथि, सम्मानित गणमान्यो एवं सभी उपस्थित अभिभावकों को अपना अमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने प्रधानाचार्य सहित सभी इनचार्जस, शिक्षक-शिक्षिकाओ, कर्मचारियों को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए भी आभार व्यक्त किया।

# खीरी में सभी 16 परीक्षा केंद्रों पर हुई नकलविहीन, शान्तिपूर्ण पीईटी परीक्षा

* पीईटी परीक्षा: 8212 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 6236 ने छोड़ी परीक्षा
* डीएम–एसपी ने भ्रमणशील रहकर देखे परीक्षा केंद्र, दिए निर्देश
* सेक्टर मजिस्ट्रेट रहे भ्रमणशील, केंद्रों पर मुस्तैद दिखे स्टेटिक मजिस्ट्रेट



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शनिवार को जनपद खीरी में शनिवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2023 दो पालियों में 16 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 8212 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 6236 ने परीक्षा छोड़ी। नोडल अधिकारी/एडीएम संजय सिंह ने बताया कि शनिवार को 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में 7224 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4100 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 3124 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में 7224 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 4112 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 3112 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। डीएम-एसपी, एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ, डीआईओएस सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भ्रमणसील एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद रहकर अपनी देखरेख एवं निगरानी में प्रथम दिन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा-2023 की दोनों पारियों की परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराया। रविवार को भी सभी 16 परीक्षा केंद्रों में 02 शिफ्टों में परीक्षा आयोजित होगी। शनिवार की सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज सहित विभिन्न स्कूलों का भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापको से नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या जानी। एवं कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा के सभी कायदे कानून का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। परीक्षा की दोनों पालियों में एडीएम संजय कुमार सिंह ने भ्रमणसील रहकर सभी परीक्षा केंद्रों का सघन भ्रमण किया। स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान सभी गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा को संपन्न कराएं। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने सीओ सदर संदीप सिंह के संग भ्रमणसील रहकर सभी परीक्षा केंद्रों के स्टैटिक मजिस्ट्रेट से निरंतर संवाद बनाए रखते हुए परीक्षा संपन्न कराई।

## क्षतिग्रस्त सड़क दें रही दुर्घटनाओं को दावत



जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी पुवाया रोड ग्राम मगरेना के पास पुवायां जाने वाला मार्ग जो राज्य मार्ग से संबंध है ग्राम मगरेना में रोड कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे आए दिन ग्राम मगरेना के पास मोटरसाइकिल ,साइकिल ,ऑटो रिक्शा गढ्ढों की वजह से गिर व पलट जाते हैं लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है बरसात होने पर इन गड्ढों में जल भराव होने के कारण उनकी गहराई का राहगीरों को अनुमान लगा पाना बहुत कठिन हो जाता है जिस कारण बेतरतीव होकर निकालने की कोशिश करते हैं और उन गढ़ों की वजह से गिर जाते हैं कई लोग इन गढ़ों की वजह से गंभीर घायल भी हो चुके हैं स्थानीय प्रशासन इन गड्ढे युक्त सड़कों पर कोई विशेष ध्यान नहीं दे रहा है।

# थाना समाधान दिवस: डीएम ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शनिवार को जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस थाना कोतवाली सदर में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मगरमच्छ को रेस्क्यू करने पहुँची वन विभाग की टीम बैरंग लौटी वापस



जन एक्सप्रेस/ मनोज कुमार मिश्रा/ बिजुआ-खीरी। कस्बा बिजुआ के अमृत सरोवर तालाब में मगरमच्छ की चहल कदमी ग्रामीणों द्वारा काफी दिन से देखी जा रही थी। जिसको लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उत्कर्ष दिक्षित को ग्रामीणों ने सूचित किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कोई अप्रिय घटना न घटित हो जिसको लेकर इसकी सूचना भीरा वन रेंज को दी। मौके पर रेस्क्यू करने पहुंची वन विभाग टीम ने सरोवर में जाल डलवाकर मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास किया पर पानी अधिक गहरा होने के कारण मगरमच्छ जाल में नहीं आया। वैरंग वन विभाग की टीम लौट गई। इस दौरान देखने वालों की काफी भीड़ इकट्ठा रही।

### उप जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस/रिजवान खान/पलिया कलां खीरी। गत दिवस दिनांक 28 अक्टूबर 2023 को उप जिलाधिकारी कार्तिकय सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से वार्ता की गई तथा उनसे उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सीय सुविधा एवम दवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वर्तमान में डेंगू मलेरिया आदि संक्रामक रोगों से प्रभावित मरीजों को निर्धारित मानक के अनुसार चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा मरीजों की स्थिति की सतत निगरानी की जाए आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए समस्त तैयारियां ससमय पूर्ण कराई जाएं।

### विवेक कुमार ने संभाली पलिया कोतवाली की कमान



जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी। कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए शासन के निर्देशन में पुलिस अधिक्षक खीरी ने जिले कई प्रभारी निरीक्षकों स्थांतरण किया जिसके फलस्वरुप मैगलगंज से स्थांतरित नवांगत पलिया कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के रुप में विवेक कुमार उपाध्याय ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सहित नगर वासियों ने प्रभारी निरीक्षक का माल्यार्पण कर हर्धीक शुभ कामनाएं दी।

### सम्पूर्णानगर में नमामि जल जीवन योजना जागरूकता अभियान की शुरुआत



जन एक्सप्रेस/रिजवान खान/सम्पूर्णानगर खीरी। जल जीवन मिशन के ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों ने सम्पूर्णानगर में पहुँचकर ग्रामीणों को नमामि जल जीवन योजना के बारे में जानकारी साझा कर नए कनेक्शन करवाने व पानी की शुद्धता से संबंधित महत्पूर्ण योजनाओं के बारे मे बताया! इस आयोजन के दौरान सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे! विकासखण्ड पलिया के सम्पूर्णानगर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में पलिया ब्लॉक के कर्मचारी नगर के बिहारी कालोनी में वार्ड मेम्बर वीर कुमार के निवास पर पहुँचकर सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में नमामि जल जीवन योजना की महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर जल संरक्षण करने व पानी की शुद्धता के बारे मे अवगत कराया! जिसमें मुख्य रूप से प्रधान प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह,क्षेत्र पंचायत सदस्य राजन यादव,वीर कुमार, चंद्रकली,मंगूलाल,विश्राम,शिवम कुमार,संगीता देवी अन्य रहे।

# पिपरिया कप्तान में ड़ेंगू बुखार ने पसारे पैर, स्वास्थ विभाग मौन

* ग्रामीणो के मुताबिक ग्राम पंचायत में हुई 8 वी मौत

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी




तहसील मोहम्मदी क्षेत्र में डेंगू बुखार ने मचाया तांडव आए प्रतिदिन मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है उसी क्रम में तहसील मोहम्मदी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया कप्तान भी इस भयानक बीमारी की चपेट में आ चुका है ग्रामीणों के मुताबिक ड़ेंगू बुखार के चलते 8 मौतों का होना बड़ा चिंतित करने वाला विषय है वहीं ग्राम पंचायत के लोगों ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से डीएम,एसडीएम, सीएमओं व अधीक्षक से गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाकर जांच एवं दवा मुहैया कराने के लिए गुहार लगायी है वहीं अगर बात साफ सफाई की करी जाए तो वो भी खाना पूर्ति लग रही है लेकिन जिम्मेदार गांव के प्रतिनिधि द्वारा साफ सफाई को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है गांव के अंदर गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है जिससे ग्रामीणों के चेहरों पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं दबी जवान में ग्रामीणों का आरोप है क्या ग्राम प्रधान द्वारा गांव पंचायत की साफ सफाई नहीं कराई जा सकती क्या ग्राम प्रधान की कोई जिम्मेदारी नही बनती की वह समस्त पंचायत में दवा का छिड़काव कराएं और साफ सफाई की जिम्मेदारी उठाएँ लेकिन नही,उधर ग्रामीणों का कहना है आला अधिकारियों को चाहिए कि ग्राम पंचायत में जल्द से जल्द स्वास्थ विभाग की और से कैंप लगाकर जाँच व दवाओं को मुहैया कराया जाए ताकि ये सुविधा उन गरीब तबके के लोगों को मिल सके जो इलाज करवाने में असमर्थ हैं नही तो वो दिन दूर नही जो पड़ोस के ग्राम कैहमरिया में हुआ और जनता गाँव छोड़ने पर मजबूर हो गईं है।

## पाली में हर्षोल्लास से मनाई गई वाल्मीकि जयंती

जन एक्सप्रेस। हरदोई

कस्बा के मोहल्ला काजीसराय में महर्षि गुरु बाल्मीकि मंदिर पर शनिवार को महर्षि बाल्मीकि जयंती श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि इमरान खां ने महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही सफाई योद्धा सम्मान समारोह के तहत 5 दर्जन सफाई कर्मियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के धर्मगुरुओं ने हमेशा हमे सच्चाई के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। धर्मगुरुओं की शिक्षाओं का ही यह असर है कि आज हमारा देश विविधताओं से भरा होने के बाद भी एकता के सूत्र में बंधा हुआ हैं। बाल्मीकि समाज के द्वारा प्रसाद का वितरण भी हुआ। वहीं नगर पंचायत कार्यलय पर चेयरमैन प्रतिनिध ने 5 दर्जन सफाई कर्मचारियों को शाल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा नगर को स्वच्छ रखने में सफाई का विशेष योगदान है।

## बाल्मीकि जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा



जन एक्सप्रेस। हरदोई

शाहाबाद नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बाल्मीकि जयंती हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस मौके पर वाल्मीकि समाज की ओर से एक विशाल शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई जिसे देखने के लिए सड़कों पर काफी भीड़ दिखाई दी। बस स्टैंड स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से वाल्मीकि जी की जयंती पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यहां पर प्रदेश सरकार की मंत्री रजनी तिवारी के पुत्र आदि तिवारी ने फीता काटकर एवं झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया। तत्पश्चात यह शोभायात्रा नगर के ब्लाक चौराहा, नवीन मंडी, अल्लाहपुर तिराहा, सरांय दरवाजा, नगर पालिका, स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, घास मंडी, सदर बाजार, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक, सरदारगंज, कटरा होते हुए सीधे महर्षि मंदिर बस स्टैंड पहुंची। जहां पर शोभा यात्रा का समापन किया गया। यह शोभायात्रा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई। शोभा यात्रा में तमाम देवी देवताओं की झांकियों का प्रदर्शन किया गया । महर्षि वाल्मीकि की झांकी काफी आकर्षक का केंद्र रही । इस मौके पर सफाई मजदूर संघ यूनियन के जिला अध्यक्ष बीएम सिंह, महेंद्र बाल्मीकि, सुभाष चंद्र रस्तोगी, पिंटू पांडे, अमित मिश्रा, अंकित गुप्ता, कुलदीप श्रीवास्तव, कमलेश कश्यप मौजूद रहे।

# उच्च शिक्षामंत्री रजनी तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव का किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। हरदोई

* स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने अपनी कला का किया प्रदर्शन

स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल, हरदोई के वार्षिकोत्सव में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न थीम्स पर गीत-संगीत के साथ अपनी कला का प्रदर्शन कर प्रतिभा के रंग बिखेरे। बच्चों के मंचन में पर्यावरण संरक्षण सहित राष्ट्रीय एवं सामाजिक चेतना जगा गये। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने आध्यात्मिक गुरु डा. राजेन्द्र दत्त मिश्र और नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विभिन्न प्रस्तुतियों के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रगान के साथ वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ।समारोह की मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने बच्चों की राष्ट्रप्रेम, योगभ्यास, पर्यावरण चेतना की प्रस्तुति देखकर विद्यालय और शिक्षकों के प्रयासों को सराहा। कहा विद्यालयों में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। इसकी पृष्ठभूमि में प्रिंसिपल और विद्यालय परिवार का परिश्रम भी सराहनीय है। राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य भी बच्चों के व्यक्तित्व विकास के साथ ही उनके कला- कौशल को निखारना और अपनी संस्कृति और संस्कारों से परिचित कराना है। आध्यात्मिक गुरु डा. राजेन्द्र दत्त मिश्र ने कहा कि शिक्षा से तात्पर्य रोजगार से कहीं अधिक गुणवत्तापूर्ण और संस्कार युक्त व्यक्तित्व निर्माण होना चाहिए। आध्यात्मिक गुरु डा. मिश्र ने कहा बच्चों के बहुआयामी व्यक्तित्व विकास में स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल की तीन दशक की शिक्षा साधना है। डा. मिश्र ने कहा बच्चों को अच्छा बनाने में शिक्षकों के साथ अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद हरदोई के अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर ने मातृपितृ वन्दना और भारत वन्देमातरम आराधना से लेकर योगाभ्यास आदि बच्चों की प्रस्तुतियों को कौशल विकास से जोड़ा और कहा कि इस तरह ही सभी विद्यालय शिक्षा दान के साथ सांस्कृतिक योगदान की जिम्मेदारी निभाएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बच्चों के विकास में विद्यालय के प्रयासों को सराहा। डा. अमित शर्मा ने भी विचार व्यक्त किये। विद्यालय की प्रिंसिपल अदिति गौड़ ने पौधे भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। संचालन उच्चतम न्यायालय की अधिवक्ता आस्था गौड़ ने किया।

# सीता वनवास देख कर दर्शकों की आंखें हुई नम

जन एक्सप्रेस। हरदोई

श्री रामलीला मेला पठकाना में राजगद्दी, सीतावनवास,सांस्कृतिक नृत्य संध्या,लकी ड्रा के साथ रामलीला मेला समापन की घोषणा समिति अध्यक्ष संजय मिश्रा बबलू ने की। मनमोहक आतिशबाजी के बीच रावण के पुतला दहन के साथ मेला मैदान में अगली रात राजगद्दी सीता बनवास नाटक स्थानीय कलाकारों द्वारा खेला गया। दर्शकों ने खूब सराहा वहीं सीतावनवास नाटक देख रहे दर्शकों की आंखों से आंसू छलकते दिखाई दिए। हालांकि उसकी अगली रात में सांस्कृतिक नृत्य संध्या के साथ लकी ड्रा का ड्रामा देख सभी दर्शक खुश नजर आए। राजगद्दी नाटक और सीतावनवास नाटक स्थानीय कलाकारों ने परंपरानुसार खेला। जिसकी भूरि भूरि प्रसंशा की गई।अभी तक वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला खेली जा रही थी। अंतिम नाटक स्थानीय कलाकारों ने खेला। दर्शकों ने अपने पसंदीदा स्थानीय कलाकारों का अविस्मरणीय अभिनय देखा। बीच में भी दहेज की ज्वाला नाटक खेलकर मोहल्ला चौक के कलाकारों ने समाज को अच्छा संदेश दिया। राजगद्दी और सीतावनवास नाटक लालू राय, अभय खत्री, मनोज मिश्रा की भुमिका सराही गई। रत्नेश चंद्र मिश्रा, राजीव अग्निहोत्री, मधुप मिश्रा आदि का अभिनय देखकर दर्शक हतप्रभ रह गए। पुष्पेंद्र मिश्रा, मुनीश शुक्ला, ध्रुब शुक्ला, मनोज मिश्रा, शोभित त्रिपाठी, तुषार शुक्ला, आनन्द मिश्रा, विवेक शुक्ला के अभिनय की सराहना हुई। अनुराग मिश्रा मधुप, ऋषि कुमार मिश्र, आशीष मोहन तिवारी राजू का कार्य सराहा गया। समिति द्वारा गोलोकवासी हो चुके कलाकारों की कलाकारी को भी याद किया गया। पंडित चतुर्भुज, पंडित चुन्नी बाबू, पंडित गंगा प्रसाद मिश्रा, पंडित मुरारी लाल त्रिपाठी, पंडित राम प्रसाद मिश्रा आदि के साथ स्वर्गीय राधेश्याम भाई साहब का स्मरण कर मेला समिति अंततः अश्रुपूरित हो गई। मेला समापन की घोषणा से पूर्व लकी ड्रा योजना के फाइनल का रिजल्ट के क्रम में पहले दूसरे और तीसरे विजेता के अलावा शेष 12 बच्चों को भी समिति के द्वारा सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। फाइनल विजेताओं के नाम क्रमशः गौरव गुप्ता, नीलू ज्ञानी, अविरल मराठा, आशुतोष रस्तोगी, मयूरी सिंह, अपूर्वा,कमल किशोर तिवारी, सुमित कुमार, अनंत,श्याम बिहारी, अभिमन्यु, बताए गए हैं। इससे पूर्व प्रतिदिन लकी ड्रा योजनांतर्गत मोबाइल जीतने बाली विजेताओं में स्नेहा राठौर, सोनिका सिंह, नीरजा, तथा रमन मिश्रा, सिजल बाजपेई, आदि रस्तोगी, आर्य अवस्थी, अनिल, अंकुश गुप्ता के नाम सामने आए। अंततः ब्रिटिश हुकूमत से अब तक 87वर्ष पूर्ण कर चुकी ऐतिहासिक रामलीला के समापन की घोषणा कर दी गई है। समिति के मीडिया प्रभारी ओम देव दीक्षित ने मेला कवरेज करने के लिए मीडिया कर्मियों को बधाई दी।

# समाधान दिवस में कुल 7 राजस्व के मामले आए, एक का हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस। मईल/देवरिया



जनपद के मईल थाने पर समाधान दिवस में कुल सात मामले राजस्व के उपस्थित अधिकारी और कर्मचारियों के समक्ष आए जिसमें एक का हुआ निस्तारण थाना प्रभारी /थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने बताया कि सभी मामले राज्यों के थे जिसमें राजस्व टीम की उपस्थिति में मामले को देखा गया जिसमें निस्तारण योग्य एक ही मामला रहा जो थाने पर निस्तारित कर दिया गया ।शेष मामले मौका देखकर राजस्व प्रशासन की उपस्थिति में निस्तारित करने योग्य है इसलिए वह मामले संबंधित राजस्व टीम तथा बीट के अधिकारियों को अग्रसरित कर दिया गया। राजस्व टीम में सलेमपुर तहसील से राजस्व कर्मचारी और बरहज तहसील से राजस्व के कर्मचारी उपस्थित रहे। तहसील प्रशासन से कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं आया आज के समाधान दिवस में थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहे जिसके देखरेख में समाधान दिवस संपन्न हुआ।

जिसमें लेखपाल सबदयाल राजित रामप्रीत राम नारायण कृष्ण मोहन रामप्रीत ज्ञान जी सूरज प्रशांत मुन्ना राय अजय चौधरी अर्जुन परदेसी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे समाधान दिवस में यह देखा गया कि मामले का निस्तारण हो या ना हो लेकिन पुलिसिया कार्रवाई जरूर हो जाएगी जैसे में अगर आपने राजस्व से संबंधित कोई प्रार्थना पत्र प्रेषित किया तो मामले का निस्तारण हो या ना हो आपके ऊपर 107/ 16 की कार्रवाई करके वंचित धाराओं से संबंधित कारवाई करके पुलिस अपना गला बचाकर पल्ला झाड़ देगी। और अपने आप को सुरक्षित महसूस करेगी। आपके मामले निस्तारित हो या ना हो पुलिस सुरक्षित जनता असुरक्षित जिम्मेदार होगा कौन राजस्व टीम या पुलिस टीम या पीड़ित यह कैसे पता चलेगा कुछ तो प्रकरण आईजीआरएस से संबंधित ऐसे थाने पर आते हैं जिसकी जानकारी यह हुई की आईजीआरएस में प्रार्थना पत्र देने वाले को जानकारी भी नहीं संबंधित पुलिस का अधिकारी और पुलिस बीट अधिकारी उसपर रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर देते हैं। पीड़ित प्रार्थना पत्र देता रहे एक बार दे दो बार दे तीन बार दे चार बार देते रहे लेकिन उसे प्रार्थना पत्र देने वाले को यह जानकारी भी नहीं होगा कि हमारे प्रार्थना पत्र में क्या रिपोर्ट लग गई है पुलिस अपना रिपोर्ट राजस्व टीम पर निशाना साधकर, राजस्व टीम अपना रिपोर्ट पुलिस टीम पर निशाना साधकर लगाते हुए मामले का निस्तारित कर देते हैं प्रार्थना पत्र देने वाला थक जाता है आराम से घर बैठ जाता है उक्त मामले की जानकारी एक व्यक्ति ने थाने पर बताया और यह भी बताया कि अन्य प्रदेशों में प्रार्थना पत्र रिसीव करने का व्यवस्था है जिससे यह पता चलता है कि उक्त बात को लिखते हुए पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया है।

उसे प्रार्थना पत्र की छाया प्रति पर संबंधित थाने की मोहर लगाकर दिनांक और प्रार्थना पत्र का क्रमांक दर्ज कर पीड़ित प्रार्थी को दे दिया जाता है जिससे यह पीड़ित कहीं भी यह प्रमाणित कर सकता है कि उक्त बातों से संबंधित प्रार्थना पत्र उत्त तिथि को दिया था और यह कार्रवाई मेरे प्रार्थना पत्र पर हुई है लेकिन यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश में नहीं है समस्या समाधान दिवस ही उत्तर प्रदेश का उत्तम जनता समाधान है।

# खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया टैबलेट का वितरण

जन एक्सप्रेस। भागलपुर/देवरिया



विकासखंड भागलपुर के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश एफसी कुशवाहा द्वारा प्राथमिक विद्यालयों की शिक्षा में सुधार लाने की दृष्टिकोण से शासन के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक को एक तथा इसी विद्यालय के सहायक अध्यापक को एक टैबलेट का वितरण किया गया।

टैबलेट की सूची में परिषद के जूनियर स्कूल शामिल नहीं है परिषद द्वारा संचालित कंपोजिट विद्यालय व परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालय सूची में दर्ज है ब्लॉक संसाधन केंद्र भागलपुर के मईल केंद्र से विकासखंड भागलपुर के प्राथमिक विद्यालय मोना बरेजी बकूची भागलपुर दिवसीय पिपराबाद बगहा बगही बाकूची मईल गोहरिया सोनबरशा बिसौली पाठक पिपरा सहित लगभग सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को खंड शिक्षा अधिकारी भागलपुर सत्य प्रकाश कुशवाहा की देखरेख में लैपटॉप का वितरण किया गया जिसमें आलोक कुमार रामानुज यादव रत्नेश मिश्रा महंत कुशवाहा राम निरंजन तेज नारायण कुशवाहा लगभग प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक उपस्थित रहे जबरदस्त उपस्थिति के साथ टैबलेट का किया गया वितरण जिसमें अध्यापकों की उपस्थिति बच्चों का डाटा प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचते ही अध्यापक अपनी उपस्थिति लैपटॉप के द्वारा दर्ज करा करेंगे दोपहर में दर्द करेंगे अवकाश के समय दर्ज करेंगे शिक्षा विभाग की सूचना भी इसी के माध्यम से शासन से चलकर विकास खंड और ग्रामीण अंचलों तक पहुंचेंगी जो शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा को निखारने में अहम भूमिका होगा ।

टैबलेट का वितरण सरकार द्वारा किया जाता है तो बच्चों के चेहरे खिले लेकिन टैबलेट के वितरण से अध्यापक अनुशासन में बधे इससे अध्यापकों में बहुत अधिक हरसोलश नहीं देखा गया क्योंकि नियम को पारदर्शी बनाने में शिक्षा को पारदर्शी बनाने में इस लैपटॉप की हम भूमिका होगी जो शिक्षा विभाग का दर्पण होगा।

## युवक ने खौफनाक वारदात को दिया अंजाम, किशोरी पर डाला ज्वलनशील पदार्थ

जन एक्सप्रेस/उरई। डकोर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने किशोरी पर ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वही घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी के ऊपर एक युवक ने ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया। जिससे वह झुलस गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फ़ैल गई और मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है और चिकित्सकों द्वारा उसकी हालत सही बताई जा रही है। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही रहने वाला मुन्ना राजपूत पुत्र शेष सिंह राजपूत ने ज्वलनशील पदार्थ डाला था। फिलहाल मामले में डकोर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र का कहना है, कि मामला आपसी विवाद को लेकर है। दोनों परिवार एक दूसरे के आमने सामने रहते हैं। जिसमें मुन्ना राजपूत शराब पीकर गाली गलौज कर रहा था, जिस पर 16 वर्षीय किशोरी ने विरोध किया, तभी उसने घर से बोतल में मिट्टी का तेल लेकर आया और किशोरी पर डाल दिया।

# कालपी थाना समाधान दिवस में 7 मामले आए, चार का हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस। कालपी



क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी की अध्यक्षता में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व संबंधी 7 प्रकरण फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिसमें 4 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। तय रोस्टर के मुताबिक थाना समाधान दिवस प्रभारी अधिकारी यानी खंड विकास अधिकारी कदौरा इस बार भी नदारद रहे। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि खंड विकास अधिकारी कदौरा के द्वारा कभी भी कालपी थाना समाधान दिवस में प्रभारी अधिकारी के तौर पर उपस्थिती ही नहीं दी है।

कोतवाली कालपी के सभागार में सुबह 10 बजे से शुरू हुए थाना समाधान दिवस में शेखपुरा गुड़गांव पूर्व प्रधान सिद्धनाथ, गंगावती, बलवीर, राजू, ज्ञानवती आदि ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गाटा संख्या 86 की भूमि पर खाद गड्ढा बनाकर सड़क को अवरोध किया जा रहा है। वहीं सियावती पत्नी श्रीराम निवासी ग्राम गिरधरपुर कानपुर देहात ने शिकायत की है कि मंगरौल स्थित जमीन गाटा संख्या 447 की पैमाइश की जा चुकी है, लेकिन विपक्षी लोग जुताई नहीं करने दे रहे हैं। विमला देवी पत्नी स्व. ओमप्रकाश ने बताया कि गांव के दबंग व्यक्ति पैमाइश की गई जमीन को जबरन जोत रहे हैं उक्त लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर ने बताया कि 7 मामले प्रस्तुत किए गए थे। जिनमें 4 प्रकरणों का मौके पर निस्तारित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य मामलों को निपटने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम को शिकायतों को निपटने के लिए मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर लेखपाल प्रमोद दुबे, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार सिंह, राहुल कुमार, अभिषेक यादव, सुमित यादव, रवि कुमार, संजय, प्रमोद कुमार, विजय आनंद, सचिन गुप्ता, प्रशांत गौतम के अलावा सिपाही अनुराग कुमार, महाराज सिंह एवं राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम 31 जुलाई को

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने बताया है कि जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 4.0 कार्यक्रम के अंतर्गत 31 अक्टूबर को अपराह्न 2 बजे विकास भवन के गांधी सभागार में ÷हक की बात जिलाधिकारी के साथ÷ कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित है, जिसमें यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा तथा दहेज हिंसा आदि के संबंध में संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझावों, सहायताओं हेतु न्यूनतम 02 घंटे के लिये पारस्परिक संवाद किया जायेगा।

# मंडल अध्यक्ष अमित नीखरा का निष्कासन न्यायोचित नहीं: डॉ. सुमंत गुप्ता



जन एक्सप्रेस। उरई

विगत दिनों कालपी में हुए घटनाक्रम के संदर्भ में जिसमें कुठौंद मंडल अध्यक्ष अमित नीखरा की भूमिका गलत प्रतीत नहीं होती है। जिसमे एक कर्मठ निष्ठावान लगनशील नेता को कुछ गहरे षड्यंत्र के तहत निष्कासित कर दिया है। यह बात शुक्रवार को देर रात स्टेशन रोड स्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के आवास पर वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमंत गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा की अमित नीखरा कुठौंद में पिछले 9 वर्षों से भाजपा मंडल अध्यक्ष के रूप में समाज व पार्टी की सेवा कर रहे हैं। वह पार्टी के लोकप्रिय नेता है, यह भाजपा पार्टी का निर्णय ठीक नहीं रहा है। हम संगठन के लोग इसकी घोर निंदा करते हैं। वैश्य समाज हमेशा निष्ठा पूर्वक भाजपा पार्टी के साथ जुड़ा रहा है। ऐसे गलत निर्णय से समाज आहत है। नीखरा परिवार की चार पीढ़ियां संघ व भाजपा परिवार से जुड़कर प्रत्येक कार्यक्रम में जन सेवा करते हैं। पार्टी अमित नीखरा के निष्कासन पर पुनः विचार कर, इसको रद्द करे। पुनः पार्टी में वापसी करा कर ससम्मान पद वापसी कराए व उनसे जन सेवा करवायें। हम यही भाजपा के शीर्ष नेत्रत्व से आशा व अपेक्षा रखते है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, युद्धवीर कंथारिया, संजय गेड़ा, प्रमोद शिवहरे, जितेंद्र कंथारिया आदि लोग मौजूद रहे।

# बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का करें निस्तारण: जिलाधिकारी

* बालिकाओं व महिलाओं की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारण: एसपी

जन एक्सप्रेस। उरई



डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी ईरज राजा ने संपूर्ण समाधान थाना दिवस आटा में शिकायत कर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा के अंतर्गत उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।

शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता परखने के लिए फरियादियों के मोबाइल पर बात की जाएगी। निस्तारण में असन्तोषजनक फीडबैक मिलने पर निस्तारण करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। डीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान थाना दिवस में आई जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठिति टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। एसपी ने कहा कि समाधान दिवस में छोटी बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका गुडदोष के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुर्नावृति न होने पाए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं व महिलाओं की शिकायतों को मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# एंटी रोमियो टीम ने तीन शोहदे किए गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। सिरसा कलार

थाना पुलिस ने शनिवार को कस्बे के आसपास चौराहे पर एंटी रोमियो अभियान चलाया। जिसमें तीन सोहदों को गिरफ्तार कर लिया,वऔर उनका शांतिभंग में चालान कर दिया। एसपी डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील एंटी रोमियो टीम सहित क्षेत्र में सोहदों के खिलाफ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्होंने कस्बे में स्थित जनता इंटर कॉलेज की छुट्टी होने के बाद कालेज के समीप तीन लोग अनावश्यक रूप से खड़े हुए थे। जिन्हें अनावश्यक रूप से खड़ा होने पर मिशन शक्ति टीम ने गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि पकड़े गए लोगों में अरुण कुमार, प्रशांत कुमार, सचिन चौरसिया शामिल है। फिलहाल पुलिस ने तीनों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# डीएम-एसपी ने 102 ग्रामों के चौकीदारों को बांटी साइकिलें

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने पुलिस लाइन में 102 ग्रामों के चौकीदारों को साइकिल वितरण की। जिससे वे सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुगमता से कर सकें।

डीएम ने कहा कि चौकीदार ग्राम की पुलिस की प्रथम कड़ी है। चौकीदारों को ग्राम पंचायतों की हर गतिविधियों की खबर थाने तक पहुंचाने का कार्य ईमानदारी से करना होगा। उन्होंने कहा कि ग्राम चौकीदार पुलिस का प्रथम श्रेणी का सहयोगी है। इनके द्वारा गांव की हर गतिविधि की जानकारी उनके पास रहती है।

इनके द्वारा पुलिस को सूचना मिलती है। उन्होंने कहा कि समस्त चौकीदार अवैध पटाखे व शराब बनाने वालों पर पैनी नज़र रखें। ऐसी सूचना मिलने पर संबंधित थाना व उच्च अधिकारियों को जरूर अवगत कराएं। एसपी ने कहा कि ग्राम चौकीदार पुलिस की एक महत्वपूर्ण कड़ी है जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना तंत्र को मजबूत करने व पुलिस विभाग को बेहतर पुलिसिंग में योगदान करते हैं। पुलिस तंत्र को मजबूत करने के लिए समय-समय पर पुलिस विभाग द्वारा ग्राम प्रहरियों चौकीदारों के साथ गोष्ठी कर उनके दायित्व एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट दिनेश सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नकल विहीन संपन्न हुई पीईटी परीक्षा डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने प्रारंभिक अर्हता (पीईटी) को सकुशल नकल विहीन संपन्न कराने हेतु आरएस पब्लिक स्कूल उरई व बंशीधर महाविद्यालय उरई का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष तथा सीसीटीवी कैमरे, पेयजल की व्यवस्था एवं सुरक्षा के इंतजाम आदि को देखा। साथ ही केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बंशीधर महाविद्यालय में प्रकाश के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। जिससे छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न आने पाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए परीक्षा केंद्रो भ्रमणशील रहें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट दिनेश सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक आदि मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष बने नमन अग्रवाल, व्यापारियों ने दी बधाई

जन एक्सप्रेस। कालपी




शनिवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में व्यापारियों की बैठक उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनिल यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें संगठन को मजबूत करने तथा ऑनलाइन सामान ना खरीदने के लिए नागरिकों को जागरूक करते हुए स्थानीय व्यापारियों से सामान लेने पर जोर दिया गया।

बैठक के दौरान सर्व सम्मत से प्रमुख व्यवसाय नमन अग्रवाल को कालपी नगर उद्योग व्यापार मंडल का नगर अध्यक्ष घोषित किया गया। जबकि महामंत्री के पद पर कुलदीप यादव, उपाध्यक्ष के पद पर अमित गुप्ता व राहत रहमान, कोषाध्यक्ष पद पर श्रवण गुप्ता तथा संरक्षक की जिम्मेदारी जय खत्री को सौंपी गई है। पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश चौधरी को प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा जिला संयोजक के पद पर सुनील पटवा सभासद को दायित्व सौंपा गया है। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारीयों को जिम्मेदारी सौंपकर संगठन के मजबूत बनाने पर बल दिया गया है। बैठक में बुंदेलखंड प्रभारी डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने व्यापारियों से समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि व्यापारी समुदाय का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा संगठन पूरी ताकत से पीड़ित व्यापारी के साथ में खड़ा रहेगा। उन्होंने बताया कि व्यापारियों क़ी जो भी समस्याएं हैं संगठन स्तर पर निपटने की पहल की जाएगी। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष नमन अग्रवाल ने कहा कि संगठन की जो जिम्मेदारी मिली है मैं पूरी ताकत ईमानदारी तथा लग्नशीलता से निर्वाह करुंगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महासचिव गोपाल जी गहोई समेत भारी संख्या में व्यापारियों की मौजूदगी रही।

# नवागत एडीओ ने ग्रहण किया कार्यभार

जन एक्सप्रेस। भटनी/देवरिया

विकासखंड भटनी के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पद पर शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपने सहयोगी कर्मचारियों से बात किया कि सरकार की सभी नीतियों को निष्पक्ष रूप से पूर्ण करना प्राथमिकता होगी। इस मौके पर रेहाना खातून खण्ड प्रेरक, गोपाल, मनोज राजभर, रामचंद्र प्रसाद, श्रीकांत यादव, रमेश यादव, सुजीत कुमार, बृजेश तिवारी, शैलेश गिरि, दिलीप कुशवाहा, विजय कुमार रहमत अंसारी, कंप्यूटर आपरेटर नवनीत मिश्र आदि ने कार्यालय में फूल माला से स्वागत किया।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 27.11.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नही किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 013802023 दिनांक 26.10.2023 | |
| निविदा संख्या | 1. 49/Sr.DEN-IV/LKO/2023-24 | 2. 50/Sr.DEN-IV/LKO/2023-24 |
| कार्य का नाम | 1. वरि0 मंडल इंजी/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहा0 मंडल इंजी/प्रथम/सुल्तानपुर खंड में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार अपनी मिट्टी का उपयोग करते हुए सेस मरम्मत और किनारों को मजबूतीकरण का कार्य। 2. वरि0 मंडल इंजी/चतुर्थ के क्षेत्राधिकार में सहा0 मंडल इंजी/द्वितीय/सुल्तानपुर खंड में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार अपनी मिट्टी का उपयोग करते हुए सेस मरम्मत और किनारों को मजबूतीकरण का कार्य। | |
| अनुमानित लागत | 1. Rs. 5,61,96.283.69 | 2. Rs. 4,43,40,119.73 |
| धरोहर राशि | 1. Rs. 4,31,000.00 | 2. Rs. 3,71,700.00 |
| कार्य की समापन अवधि | क्र.सं 01 से 02 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | |

निविदा डालने का प्रारंभ : 13.11.2023, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 27.11.2023 15.00 बजे, बेवसाईट : www.ireps.gov.in
नोट: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3376/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राममंदिर मुक्ति के लिए 500 वर्षो तक हुआ संघर्ष: डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या

### राममंदिर राष्ट्र की एकता व अखंडता का प्रतीक होगा: डिप्टी सीएम

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



भाजपा महानगर का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन देवकाली स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार में बेईमान आदमी डरने लगा है। ईमानदार आदमी सिर उठा कर घूम रहा है। सरकार किसी भी बेईमान को छोड़ने वाली नही है।

उन्होनें कहा कि कांग्रेस सपा बसपा शासन काल में जब 100 रूपये शासन से भेजे जाते थे तो 15 ही लाभार्थी तक पहुंच पाते थे। बाकी बीच के दलाल खा जाते थे। 53 करोड़ बैंक खाते खुलवा कर अब डीबीटी के माध्यम से योजना के लाभार्थीयों के खातों में सीधे योजनाओं का लाभ दिया जाता है। सरकार ने योजनाओं का 30 लाख करोड़ सीधे बैंक खाते में पहुंचाने का कार्य किया।

उन्होनें कहा कि राममंदिर मुक्ति के लिए 500 वर्षो तक संघर्ष हुआ। अयोध्या में रामभक्तों का खून बहाया गया। रामलला का मंदिर बन रहा है। 22 जनवरी को रामलला के जन्मस्थान पर नूतन विग्रह विराजमान होने वाला है। अभी और बहुत सारे मंदिर बनने वाले है। राममंदिर राष्ट्र की एकता व अखंडता का प्रतीक होगा। अभी तक दस हजार लोग आते थे। अब 1.5 लाख से ज्यादा लोग अयोध्या आ रहे है। जिससे रोजगार बढ़ेगा।

उन्होने कहा कि नये संसद भवन में पहला कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित हुआ। यह प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण सम्पन्न हुआ। बेटी व बेटे की खाई को पाटने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं की प्रधानमंत्री ने शुरुआत किया। आज बेटे व बेटी में अंतर समाप्त हो गया। आज बेटी बोझ नहीं है। पहले गरीब के घर बेटी होती थी तो पढ़ाई व विवाह की चिंता होती थी। अब बेटियां पैदा होती है तो वह लक्ष्मी का रूप होती है। किसी को चिंता करने की जरुरत नहीं। डबल इंजन की सरकार इनकी व्यवस्था कर रही है। लाड़ली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री सुमंगला, सामूहिक विवाह योजनाएं चलायी जा रही है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12.5 करोड़ शौचालय, 15 करोड़ गैस कनेक्शन, हर घर नल पानी देने का कार्य किया गया।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद निरंतर बहुप्रतिक्षित कार्यो को करने का कार्य किया। धारा 370 हटाना व राम मंदिर निमार्ण का मार्ग प्रशस्त किया। बहुत दिनां से प्रतिक्षित नारी शक्ति अधिनियम मोदी सरकार ने पास किया । जिससे देश की आधी आबादी को उनकी हिस्सेदारी देने का कार्य किया।क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य अधिनियम नही है। इससे लोकसभा व विधानसभा में महिला की सहभागिता सुनिश्चित होगी। अधिनियम के पास होने पर केन्द्र की मोदी सरकार को धन्यवाद। महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री व सम्मेलन की प्रदेश प्रभारी डा. ममता पाण्डेय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने पर मोदी सरकार के लिए धन्यवाद प्रस्ताव को पढ़ा। जिसे उपस्थित महिलाओं ने दोहराया।इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री ने रामलला, हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया। सभा स्थल पर पहुंचने पर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। डिप्टी सीएम को 51 किलो का माला पहनाई गई। सम्मेलन की शुरूवात वंदे मातरम् के गायन व दीप प्रज्जवलन से से हुई।सम्मेलन का संचालन नेहा तिवारी ने किया। इस अवसर पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचंदर यादव, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महानगर अध्यक्ष आशा गौड़, शकुंतला गौतम, अशोका द्विवेदी, शकुंतला त्रिपाठी, स्वाती सिंह, गीता मिश्रा, प्रतिमा शुक्ला, लक्ष्मी सिंह, अनिता सिंह, भारती सिंह, गीता मिश्रा, बिन्दु सिंह, शकुतंला गौतम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनायी गई महर्षि वाल्मीकि जयंती



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

समाजवादी पार्टी कार्यालय गुलाब बाड़ी पर महर्षि वाल्मीकी जी की जयंती मनायी गई, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि वाल्मीकि जी को श्रेष्ठ गुरु माना जाता है, उन्होंने भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित रामायण लिखी. महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन बहुत ही संघर्षो से भरा रहा है। महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी को श्रेष्ठ गुरु माना जाता है, वैसे तो शरद पूर्णिमा के दिन मां लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा होती है लेकिन इस दिन महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती का भी विशेष महत्व होता है महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि इस मौके पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ नाथ यादव, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, जिला सचिव अंसार अहमद बब्बन, जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा दान बहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव, सुनील तिवारी, जगन्नाथ यादव, वीरेन्द्र गौतम, इत्यादि लोग मौजूद थे।

## मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों पर पेश 27 मामलों के सापेक्ष मात्र 06 का निस्तारण

### साहब दबंगों से हमारी भूमि को बचाइए, आप ही भगवान हो

जन एक्सप्रेस। मिल्कीपुर-अयोध्या




मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों कुमारगंज, खंडासा और इनायतनगर पर आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 27 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें मात्र 06 मामले का निस्तारण मौके पर थाना प्रभारियों द्वारा करा दिया गया। शनिवार को इनायत नगर थाने पर नायब तहसीलदार अमानीगंज आनंद प्रकाश राय की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में थाना क्षेत्र के परसवां गांव निवासी नीलम सिंह पत्नी अकबाल बहादुर पुत्री शिव बदल ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि साहब मेरी खतौनी गाटा संख्या 158 पर अहिरौली सलोनी गांव निवासी सुशीला पत्नी अवधेश प्रताप, अवधेश प्रताप पुत्र राम अभिलाख व राहुल उर्फ अमर सिंह पुत्र अवधेश प्रताप द्वारा दबंगई के बल पर कब्जा किया जा रहा है। साहब आप ही हमारे नाम दर्ज खतौनी को बचाकर हमारी मदद कर सकते हैं। जिस पर नायब तहसीलदार ने यह कहकर उसे दिवस से भगा दिया कि एसडीएम साहब ही तुम्हारी मदद कर सकते हैं। दिवस में फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की जिनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया। कुमारगंज थाने पर एसडीएम राजीव रत्न सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 09 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। वही खंडासा थाने पर थानाध्यक्ष राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में क्षेत्र से 12 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें 01 मामले का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। थाना समाधान दिवस में प्रस्तुत राजस्व व पुलिस विभाग से संबंधित जिन मामलों का त्वरित निस्तारण नहीं हो सका उन्हें निस्तारित किए जाने हेतु राजस्व एवं पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीमें गठित कर समयावधि के भीतर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया गया।

## विद्युत कनेक्शन के लिए दर-दर भटक रहा कृषक

**जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर - अयोध्या।** जहां एक ओर देश की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए संकल्पित है, वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी किसानो की भलाई के लिए बनाई कल्याणकारी योजनाओं पर पानी फेर रहे हैं।

हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत हरीरामपुर गांव के किसान द्वारा विभाग की ओर से बनाए गए इस्टीमेट व एग्रीमेन्ट का पैसा जमा करवाने के बाद भी विद्युत विभाग की जिम्मेदार अधिकारी किसान को विद्युत कनेक्शन नहीं आवंटित कर सके हैं। व्यक्तिगत ट्यूबवैल कनेक्शन के लिए कृषक दर-दर भटक रहा है। हरीरामपुर गांव निवासी किसान घनश्याम तिवारी ने कनेक्शन के लिए बिजली मंत्री, मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल, समाधान दिवस को भेजी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसने ट्यूबवैल बिजली कनेक्शन के लिए 2021 में सिक्योरिटी व एर्गीमेन्ट राशि जमा करवा दिया था।

# दीपोत्सव को लेकर दीपक बना रहे कुम्हारों के चाक की तेज हुई रफ्तार

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



जैसे-जैसे दीपोत्सव करीब आ रहा है, वैसे-वैसे अयोध्या जनपद के जयसिंहपुर गांव के कुम्हारों के चाक की गति तेज हो गई है। दीपोत्सव को विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने इस वर्ष 24 लाख दिए जलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए जयसिंहपुर गांव के 40 घर के कुम्हार रात दिन एक करने में लगे हैं। वैसे अब तक कुम्हार 12 लाख दीपक बना चुके हैं। जिसमें से उन्होंने 7 लाख दीपक डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को बेच दिए हैं। 20 लाख दीपक बनाने के लिए अब जयसिंहपुर के कुम्हार रात भर जागरण कर दीए बनाने में लगे हैं। अयोध्या में इस बार सातवां दीपोत्सव का आयोजन होना है। बीते छह दीपोत्सव में जयसिंहपुर के कुम्हारों ने हर वर्ष 14 लाख दीपक बना कर दिए थे। जिससे उनकी आय अच्छी हुई थी।

जब से योगी सरकार ने अयोध्या में दीपोत्सव मनाने का संकल्प लिया है। तब से हर वर्ष हो रही आय से कुम्हारों के परिवारों का भाग्य पलटने लगा है। वैसे इस वर्ष जब कुम्हारों ने 10 लाख दीपक बनाए थे तब तक कोई भी खरीदार उनके पास न पहुंचने से कुछ समय तक उनमें मायूसी थी। किंतु जब अवध विश्वविद्यालय ने 7 लाख का पहला आर्डर दिया तो इसके बाद उनको 20 लाख दीपक और बनाने का ठेका मिल गया।


कुम्हार विनोद कहते हैं कि हमारे

### कुम्हारों के घर पर लौटेगी रौनक

गांव के 40 कुम्हार परिवार इसी काम में लगे हैं और हम लोग यह मान कर चल रहे हैं कि दीपोत्सव से पहले ही 20 लाख दीपक तैयार कर अयोध्या पहुंचाया जाए। अयोध्या में प्रतिवर्ष हो रहे दीपोत्सव को लेकर विनोद ने कहा कि योगी सरकार ने हम लोगों को एक बड़ा रोजगार उपलब्ध कराया हैं। जिसके बदौलत हम लोग अब वर्षों से जो रोजी-रोटी के लिए इधर-उधर भटकते थे हमें कहीं अब जाने की जरूरत नहीं है। वर्ष में एक बार हम लोग मेहनत करके और अपने साल भर की कमाई कर लेते हैं। जो कुम्हारों पहले वर्ष भर में 25 से 20 हजार रुपए के बीच कमाते थे अब दीपोत्सव के लिए दीपक तैयार कर लगभग एक लाख रुपए कमा रहे हैं।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शनिवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय के छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

जानकारी के अनुसार 28 अक्टूबर को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में 'महर्षि वाल्मीकि जी' की जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यापर्ण करके आरती उतारी और बताया कि महर्षि वाल्मीकि का पुराना नाम रत्नाकरदास था। महर्षि वाल्मीकि को महर्षि और आदि कवि नामक उपाधियों से भी सम्मानित किया गया है। जहां महर्षि का अर्थ महान संत या महान ऋषि है, और आदि कवि का अर्थ प्रथम कवि । महर्षि वाल्मीकि संस्कृत रामायण के प्रसिद्ध रचयिता है। इन्होनें संस्कृत में रामायण की रचना की। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रची गई रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक महाकाव्य है जो कि राम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से, परिचित करवाता है। आदिकवि शब्द 'आदि' और 'कवि' के मेल से बना है। 'आदि' का अर्थ होता है 'प्रथम' और 'कवि' का अर्थ होता है 'काव्य का रचयिता'।

महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत के प्रथम महाकाव्य की रचना की थी जो रामायण के नाम से प्रसिद्ध है। प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना करने के कारण वाल्मीकि आदि कवि कहलाये। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर, रामायण की महाकाव्य शिक्षाएं आपको हर दिन एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करें, वाल्मीकि जयंती कलम की ताकत की याद दिलाती है। महर्षि वाल्मीकि के शब्द और कार्य हमेशा सच्चाई और अच्छाई को दर्शाते हैं। जयंती अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मानविक श्रीवास्तव ने भगवान वाल्मीकि का अभिनय किया। तत्पश्चात् एक समूह नृत्य का आयोजन हुआ। मेधावी सिंह, मरियम, रत्नप्रिया मिश्रा, सौम्या श्रीवास्तव, आरोही खण्डेलवाल, श्रृष्टि श्रीवास्तव बहुत ही मनमोहक व सुन्दर प्रस्तुति दी। अन्त मे प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने बच्चों द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुति को देखकर समस्त प्रतिभागिओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि महर्षि वाल्मीकि जंयती अश्विन माह के महीने (सितम्बर-अक्टूबर) के पूर्ण चन्द्रमा यानी पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर वाल्मीकि की प्रतिमा को फूल-माला चढ़ाकर और दियों की रोशनी करके मनाया जाता है। कुछ लोगों के द्वारा वाल्मीकि मंदिर को फूलों और अन्य सजावटी सामानों से सजाया जाता है। यह पर्व वाल्मीकि के प्रति प्यार और स्नेह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय, उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## स्वरोजगार के तहत एसएसबी ने किया मुर्गी पालन कार्यक्रम का शुभारंभ

जन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 9वीं वाहिनी ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांव के बेरोजगार युवको को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शनिवार को मुर्गी पालन के उद्देश्य से चूजों का वितरण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जानकारी के अनुसार 28 अक्टूबर को सशस्त्र सीमा बल 9वी वाहिनी की सीमा चौकी खंगरानाका के कार्यक्षेत्र मे बारसैया कैंप (ओल्ड लोकेशन) में द्वितीय कमान अधिकारी एसएसबी नवीं वाहिनी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मुर्गी पालन वितरण का शुभारंभ चूजो का वितरण करके किया गया। वितरण के दौरान बताया गया कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया जा रहा यह कदम सराहनीय है, जिससे इस योजना से सीमावर्ती ग्रामीणों के बेरोजगार युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय करके आय बढ़ाने में मदद मिलेगा। लाभार्थियों ने 09वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कार्यक्रम का प्रंशसा करते हुए सशस्त्र सीमा बल के कर्मियो को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान ... नें सिंगला उप.कमांडेंट नौवी वाहिनी उप नि0 बृजेश पांडे (फॉरेस्टर) ओमकार नाथ चौधरी ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्था, प्रधान राजेश कुमार सोनी (बरदोलिया) एवं प्रधान विनय कुमार (गोलियां) सहित 35 प्रक्षिक्षु व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति रहे।

क्र2

## श्मशान घाट के उच्चीकरण व सौंदर्यीकरण की तैयारी, शासन को भेजा प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस। बहराइच

### डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित, व्यापारी समस्याओं पर की चर्चा

शहर के श्मशान घाट के उच्चीकरण तथा सौंदर्यीकरण की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस आशय का प्रस्ताव जिला प्रशासन की ओर से शासन को भेजा गया है। इस आशय की घोषणा जिला उद्योग बंधु समिति, एमओयू क्रियान्वयन समिति तथा जिला निर्यात समिति की बैठक में कई गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की।

बैठक में डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायज समस्याओं का समयबद्धता एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए ताकि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

बैठक के दौरान श्मशान घाट के उच्चीकरण व सौन्दर्यीकरण के अतिरिक्त कल्पीपारा में औद्योगिक विद्युत फीडर स्थापना के सम्बंध में बताया गया कि जिलाधिकारी की ओर से शासन को पत्र प्रेषित किया गया है। स्वीकृति प्राप्त होने एवं बजट आवंटित होने पर कार्य करा दिये जायेगें। जिले में प्रेशर लेजुलेशन किट की स्थापना के लिए भूमि आवंटन के सम्बंध में उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया गया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी योजना की प्रगति संतोषजनक पायी गयी। जबकि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिये गये कि योजना से सम्बन्धित बैकों की विभिन्न शाखाओं में लम्बित ऋण पत्रावलियों को यथाशीघ्र निस्तारण कराते हुए ऋण वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित कराये ताकि लाभार्थी अपना रोजगार शुरू कर सके। इसके अलावा अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद को शहर में सीसीटीवी कैमरे व सड़कों पर पीली लाइन बनवाये जाने के निर्देश दिये गये। ताकि अतिक्रमण की समस्या से निजात मिल सके।

## जिले में 183 लाभार्थी पीएम आवास योजना के लिए अपात्र घोषित

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत 183 आवेदक अपात्र घोषित कर दिए गए हैं। डीपीआर में स्वीकृत नगर पालिका परिषद बहराइच के 151, नानपारा के 17 तथा नगर पंचायत पयागपुर के 15 मिलाकर कुल 183 लाभार्थी भिन्न-भिन्न कारणों से अपात्र हो गये हैं। इस योजना अन्तर्गत अपात्र हुए लाभार्थियों की सूची सम्बन्धित नगर निकायों के सूचना पट पर चस्पा करा दी गई है। यह जानकारी परियोजना अधिकारी डूडा ने दी। उन्होंने सम्बन्धित लाभार्थियों से अपेक्षा की है कि नगर निकायों के सूचना पट पर चस्पा सूची का अवलोकन कर अपनी पात्रता के सम्बन्ध में अभिलेखीय साक्ष्य 08 नवम्बर 2023 तक सम्बन्धित नगर निकाय व डूडा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## केडीसी में पढ़ाए जाएंगे महाराजा सुहेलदेव और चहलारी नरेश

जन एक्सप्रेस। बहराइच



पराक्रमी राजा सुहेलदेव

अब महाराजा सुहेलदेव और चहलारी नरेश वीर बलभद्र सिंह रैकवार किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऑटोनामस संस्था के पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे। महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ.एस.पी. सिंह के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए महाविद्यालय में मध्यकालीन इतिहास विभाग की बोर्ड ऑफ स्टडीज ने निर्णय लिया है कि एमए के पाठ्यक्रम में एक अध्याय के रूप में महाराजा सुहेलदेव और 1857 के अमर सेनानी वीर बलभद्र सिंह को शामिल किया जाएगा। मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सत्यभूषण सिंह ने बताया कि एमए द्वितीय सेमेस्टर के क्षेत्रीय इतिहास के प्रश्नपत्र में एक अध्याय के रूप में जिले के इन नायकों को स्थान दिया गया है यह जिले के लिए गौरव का विषय है। यह कार्य महाविद्यालय के ऑटोनॉमस होने के कारण ही हो पाया है क्योंकि पाठ्यक्रम के कुछ हिस्सों में परिवर्तन का अधिकार महाविद्यालय में स्थापित विभिन्न विषयों की बोर्ड ऑफ स्टडीज को है। इसी के अंतर्गत यह निर्णय लिया गया है। क्षेत्रीय इतिहास को प्रोत्साहन देने के लिए आईसीएचआर नई दिल्ली और अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली लगातार कार्य कर रहे हैं इस दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इससे विद्यार्थी अपने क्षेत्र के इतिहास से परिचित होंगे और नायकों के बारे में जानकारी प्राप्त करके अपने ज्ञान में वृद्धि करेंगे।

## निजी अस्पताल संचालक पर फायरिंग, पैर में लगी गोली, जिला अस्पताल में भर्ती

**बहराइच।** शहर में एक निजी अस्पताल का संचालन कर रहे युवक पर देर रात बाइक सवार युवकों ने फायरिंग कर दी। इस हमले में अस्पताल संचालक पैर में गोली लगने से जख्मी हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायरिंग की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी है सीसीटीवी फुटेज को भी कब्जे में लिया गया है।

शहर में एक निजी अस्पताल के संचालक करते हैं। विनीत सिंह शुक्रवार की देर रात बाइक पर सवार होकर घर से किसी आवश्यक कार्य से निकले थे। अस्पताल संचालक विनीत जब जिला अस्पताल चौराहे के निकट पहुंचे तो लघु शंका के लिए उन्होंने बाइक सड़क के किनारे खड़ी

# वरुण गांधी ने सांसद निधि से पांच करोड़ के 91 कार्यों का किया शिलान्यास

- गांधी स्टेडिएम में आयोजित हुआ शिलान्यास कार्यक्रम
- कार्यक्रम के बाद मरौरी के कई गांवों में की जनसभाएं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



सांसद वरुण गांधी दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को पीलीभीत पहुंचे। खमरिया पुल पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद गांधी स्टेडियम में वरुण गांधी ने सांसद निधि से पांच करोड़ की लागत से होने वाले 91 कार्यों का शिलान्यास किया। जिसमें सीसी रोड, इंटर लॉकिंग, शमशान शेड, बारातघर आदि कार्य शामिल हैं। सांसद ने कहा कि विकास कार्यों पर सांसद निधि समय से पहले खर्च करने का रिकार्ड यूपी में पीलीभीत के नाम होगा।शिलान्यास के बाद सांसद ने मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के खाग, सुंदरपुर, नवदिया कुर्रय्या, कुरैया, हट्ुआ विजुलियाई, कुठियारते, मुडैला, जैतपुर, अटकोना, अमखेड़ा, करनापुर, जार कल्लिया, नारायण ठेर, सिसइयां, सुकटिया आदि गांवों में जनसंवाद किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वह समझौते की नहीं बल्कि सिद्धांतों की रानीति करते हैं। वह उस राजनीति का हिस्सा बनेंगे जो अपनी चिंता न कर राष्ट्र की चिंता करे। राजनीति का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। लोगों के मन में अविश्वास पैदा हो रहा है कि राजनीति में जो लोग लालच के लिए आते है, न कि राष्ट्रीय निर्माण के लिए। वरूण बोले, वह नौजवान, महिला, बुजर्ग, किसान आदि की लड़ाई लड़ने के लिए राजनीति में आए हैं। कहा कि पीड़ितों की आवाज उठाने में उनको काफी नुकसान होता है, लेकिन वह अपने नुकसान की चिंता नहीं है। स्वतंत्रता सेनानियों का उदाहरण देते हुए कहा कि लोगों की भलाई के लिए जब स्वतत्रंता सेनानियों ने अपने बारे में नहीं सोचा तो वह क्यों पीछे रहे। सांसद ने कहा कि यहां पर वह आपकी बात करनेआए हैं। वह किसान, गरीब, मजदूरों की बात करने आए हैं। आखिर ऐसा क्यों है कि किसानों को समय पर गन्ना भुगतान नहीं होता है। सांसद बोले कि बच्चे परीक्षा की तैयारी करते हैं और पेपर देने जाते हैं, लेकिन इससे पहले ही पेपर लीक हो जाता है, इसका जिम्मेदार कौन है। उद्योगपतियों को आसानी से लोन मिल जाता है, लेकिन अगर कोई आम आदमी लोन लेने जाए तो नहीं मिलताहै,ऐसा क्यों आम, आदमी, अधिकारी या पुलिस से मिलने जाते हैं तो उनको दबकर अपनी बात रखनी होती है। यह तो अंग्रेजों के समय होता था, लेकिन आज यह सब हो रहा है। अगर यह सब प्रश्न नहीं उठाऊंगा तो लोगों के साथ गद्दारी होगी। अधिकांश लोग अच्छा-अच्छा बोलकर चुनाव में वोट ले लेते हैं और चुनाव जीतने के बाद बड़े-बड़े मकान बनवा लेते है। बड़ी-बड़ी गाड़ियों में चलते हैं। ऐसे लोगों ने अपनी हैसियत बना ली। यह भष्ट्राचार नहीं है तो क्या है। यह देशद्रोह से कम नहीं है। लेकिन वरुण गांधी के बारे कोई दुश्मन भी सवाल नहीं उठा सकता है। कोरोना कॉल में अपने बच्चे की एफडी तोड़कर लोगों के बच्चों की जान बचाई, उनका पेट भरा। शाम को सांसद ने शंकर सॉल्वेंट पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और जनसमस्याएं भी सुनीं। शिलान्यास कार्यक्रम में सीडीओ व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे वहीं जनसंवाद कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से सांसद सचिव कमलकांत, अमितगंगवार, सूरज शुक्ला, रामनरेश वर्मा, बबलू वर्मा, बंटी मिश्रा, मनोज कटियार, निर्दोष गंगवार, राजेश गंगवार, गुड्डु गंगवार, डॉ ऋषिपाल, अमित मौर्या, सतीश पांडेय, भूपराम मौर्या, डॉ बाबूराम, रमेश लोधी, ठाकुर दास, प्रदीप वर्मा, मलखान सिंह, मिलन मिश्रा, सुमित मिश्रा, रामस्वरूप, रविंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप मिश्रा, अवतार सिंह, पवन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# ट्रांस क्षेत्र की बदहाल सड़कों पर मुश्किल भरा सफर कर रहे राहगीर

- जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन तक गुहार लगा चुके ग्रामीण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



"ट्रांस शारदा क्षेत्र की जर्जर हो चुकी उपरोक्त दोनों सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए शीघ्र ही काम शुरू कराया जाएगा।
-अनूप कुमार
अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी

**हजारा(पूरनपुर)।** पूरनपुर के ट्रांस शारदा क्षेत्र की सड़कें लोगों के लिए सिरदर्द बन गई हैं। क्षेत्रीय विधायक,सांसद तथा पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मामले से अंजान बने हुए हैं।राहगीरों को गहरी नजरों से गड्ढों में सड़क को ढूंढ़ कर सफर करना पड़ रहा है। कहते हैं कि क्षेत्र का विकास सड़कों से होकर गुजरता है, लेकिन जिस क्षेत्र में सड़कें ही नहीं हैं वहां का विकास होने की उम्मीद करना अपने आप में बेमानी साबित होगा। ट्रांस शारदा क्षेत्र की लगभग पौने दो लाख की आबादी को जनप्रतिनिधियों तथा लोक निर्माण विभाग पीलीभीत ने नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर कर दिया है।बता दें कि भुरजूनियां फार्म से सम्पूर्णनानगर तक, सम्पूर्णानगर से मौरेनियां गांधीनगर तक जाने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं।जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।विकास की बात करने वाले सूबे के मुखिया की ट्रांस शारदा क्षेत्र की सड़कें लंबे अर्से से खराब हैं।इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों तथा क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान से गुहार लगाई। लेकिन समस्या का संज्ञान नहीं लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांस शारदा क्षेत्र की सड़कों को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग तथा जनप्रतिनिधियों ने ट्रांस शारदा क्षेत्र वासियों के प्रति हठधर्मिता तथा उदासीनता की सभी हदें पार कर दी हैं।जर्जर हो चुकी सड़कों को लेकर नाराज ग्रामीणों ने शासन का ध्यान टूटी सड़कों की तरफ दिलाने के लिए कई बार अलग अलग तरीकों से विरोध प्रदर्शन भी किया था।लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

दूसरी ओर गांधीनगर के एडवोकेट तथा ग्राम प्रधान मुकेश कुमार ने क्षेत्र की जर्जर हो चुकी मुख्य सड़कों को लेकर पिछले दिनों मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी थी।ग्राम प्रधान मुकेश कुमार ने बताया कि हम लोगों के द्वारा जिलाधिकारी पीलीभीत,विधायक बाबूराम पासवान तथा लोक निर्माण विभाग पीलीभीत के अधिकारीयों से सड़क निर्माण को लेकर कई बार मांग करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई।इसी गंभीर समस्या को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी थी।

# एक्शन में आई नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल



जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

- नगर पालिका अध्यक्ष स्वयं जाकर गली मोहल्ले में कर रही हैं फॉगिंग
- शहर के विशाल टॉकीज समीप बने बड़े नाले की जेसीबी मशीन से कराई सफाई

**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में नगर वासियों को संचारी रोगों से बचाव के लिए एवं संक्रामक रोगों के प्रसार पर अंकुश लगाने के लिए जहां हर एक बार गली मोहल्ले में मशीन का प्रयोग कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फॉगिंग का कार्य नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा लगातार किया जा रहा हैं। जिससे लगातार जनपद भर में पाव पसारे हुए संचारी रोगों एवं संक्रामक रोगों से बचाव मिल सके जनपद भर में फैली संक्रामक बीमारियों के बचाव हेतु जहां स्वयं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष आस्था अग्रवाल प्रत्येक शहर की गली मोहल्ले में स्वयं जाकर अपने सामने ही विभिन्न क्षेत्रों में फॉगिंग का कार्य नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा करवा रही हैं। तो वही शुक्रवार को शहर के विशाल टॉकीज के पास बने नाले की जेसीबी मशीन द्वारा सफाई कराई गई इतना ही नहीं जहां नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में साफ सफाई का प्रत्येक वार्ड्में साफ सफाई हो रही हैं। तो वहीं पालिका अध्यक्ष भी सभी नगर वासियों से निवेदन कर स्वच्छता अपनाने हेतु वातावरण को स्वच्छ रखने में योगदान करने हेतु आग्रह कर रही हैं। और लगातार नगर पालिका परिषद की ओर से कूड़ा गाड़ी भेज कर संदेश दिया जा रहा है कि कूड़े को कूड़े दान में ही डालें और शहर को स्वच्छ बनाने में आप भी अपनी भागीदारी निभाएं यह देख लगातार जनपद भर में तमाम गली मोहल्ले एवं शहर में लगातार साफ सफाई अभियान जारी हैं।

## नेपाल सीमावर्ती थाना में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस/हजारा पूरनपुर।** नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राजस्व संबंधी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है।

माह के चौथे एवं अंतिम शनिवार को नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा में थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राजस्व लेखपाल नरेश चंद्र गंगवार,आशीष कुमार निषाद,राहुल कुमार आदि लेखपाल समाधान दिवस में पहुंचकर क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना इस मौके पर राजस्व संबंधी दो प्रार्थना पत्र आए जिसका एक प्रार्थना पत्र का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है दूसरे प्रार्थना पत्र पर लेखपाल को समाधान करने के लिए कहा गया है इस मौके पर उप निरीक्षक तेजवीर सिंह प्रधान पति दीनानाथ गौतम सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## चाइल्ड केयर संचालक को एमओआईसी ने दिया नोटिस

**जन एक्सप्रेस/पूरनपुर।** गलत आई ड्राप देने से एक डेढ़ साल के बच्चे की आंखों की रोशनी चली गई। उसके पिता ने निजी क्लीनिक के डाक्टर एवं संचालक पर लापरवाही का आरोप लागते हुए स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के अलावा पुलिस से शिकायत की। मामले की एमओआईसी ने जांच शुरू कर दी है। निजी क्लीनिक को नोटिस भेजा गया है। इसमें 24 घंटे में क्लीनिक से संबंधित दस्ताबेज प्रस्तुत करने का अलटीमेटम दिया गया है। साथ ही शिकायतकर्ता को भी बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है। जांच शुरू होने और कार्रवाई के डर से क्लीनिक के डाक्टरों व संचालकों में खलबली मच गई है। मामला पूरनपुर के माधोटांडा रोड पर स्थित चाइल्ड केयर सेंटर का है। नगर के मोहल्ला खानकाह के याकूब खां ने शिकायती पत्र में कहा है कि उनके डेढ़ साल के पुत्र को बुखार आने व एक आंख में लालीमा होने पर 28 नवंबर को चाइल्ड केयर सेंटर पर ले गए थे। डाक्टर ने पर्चा बनाकर दवा दी। बच्चे की आंखो में दो दिन आई ड्राप डाला जिससे इंफेक्शन हो गया और दोनों आंखो से दिखना बंद हो गया। तत्काल डाक्टर के पास ले गए। आरोप है कि उन्होंने पीलीभीत अस्पताल में दिखाने की सलाह दी। वहां के डाक्टर ने गलत आई ड्राप से आंखों में दिक्कत आने की जानकारी दी। उपचार किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसपर उन्होंने दिल्ली ले जाने को कहा। बालक को बरेली के अस्पताल में ले जाने के बाद दिल्ली के अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया। आरोप है कि चाइल्ड केयर सेंटर के डाक्टर द्वारा गलत दवा देने से ऐसा हुआ है। उनसे शिकायत की तो आरोप है कि वह मारपीट पर अमादा हो गए और अस्पताल से भगा दिया। एमओआईसी डा. अनिकेत गंगवार ने बताया कि चाइल्ड केयर सेंटर की शिकायत मिली है। जांच शुरू कर दी गई है। डाक्टर पर गलत दवा देने का आरोप है। सेंटर के संचालक को 24 घंटे के अंदर दस्ताबेज प्रस्तुत करने के संबंध में नोटिस दिया गया है। शिकायतकर्ता को भी आज बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है। जांच में आरोप सिद्ध होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# समाजवादी पार्टी ने वाल्मिकी जयंती धूमधाम से मनाई

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को निवर्तमान जिलाध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के अध्ययता में महर्षि वाल्मीकि का जंयती बडे धूमधाम मनाया गया सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया । वहीं डां अवधनाथ पाल ने जंयती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि का नाम रत्नाकर था उनका पालन जंगल में रहने वाली भील जाति में हुआ था जिस कारण उन्होंने भीलों की परंपरा को अपनाया और आजीविका के लिए डाकू बन गए अपने परिवार के पालन पोषण के लिए राहगीरों को लुटते थें एवं जरूरत होने पर मार भी देते थें इस प्रकार वे दिन प्रतिदिन अपने पापों का घड़ा भर रहें थें । एक दिन उनके जंगल से नारद मुनि निकल रहें थें उन्हें देख रत्नाकर ने उन्हें बंदी बना लिया नारद मुनि ने उसे सवाल किया कि तुम ऐसा पाप क्यों कर हो रत्नाकर ने जवाब दिया अपने और परिवार की जीवन यापन के लिए तब नारद मुनि ने पूछा जिस परिवार के लिए तुम ये पाप कर रहे हो क्या वह परिवार तुम्हारे पापों की फल का भी वहन करेगा। रत्नाकर ने जोश के साथ कहा बिल्कुल करेगा मेरा परिवार मेरे साथ सदैव खड़ा रहेगा नारद मुनि ने कहा एक बार तुम अपने परिवार से पूछ लो अगर वह हां कहेंगे तो मैं तुम्हें अपना धन दे दूंगा । रत्नाकर ने अपने सभी परिवार जनों एवम मित्र जनों से पूछा लेकिन किसी ने इस बात पर हामी नहीं भरीं इस बात का रत्नाकर पर गहरा आधात पहुंचा और उन्होंने दुराचारी के उस मार्ग छोड़ तप का मार्ग चुना एंवम कई वर्षों तक ध्यान एवं तपस्या की जिसके फलस्वरूप उन्हें महर्षि वाल्मीकि का नाम एवम ज्ञान की प्राप्ति हुई और उन्होंने संस्कृत भाषा में रामायण महाग्रंथ की रचना की इस प्रकार जीवन की एक घटना ने डाकू रत्नाकर को महर्षि वाल्मीकि बना दिया।। जंयती के अवसर पर राजेन्द्र टाइगर, राहुल त्रिपाठी, हीरालाल विश्कर्मा, इर्शाद मंशूरी,मेवालाल गौतम,अजमत अली,अनील दूबे, अखिलेश यादव, रामू मौर्या,विरेन्द्र यादव,प्रवीण सरोज हरिचंद प्रभाकर,तारा त्रिपाठी, अन्नू देवंवशी,मुकेश यादव,अब्बूशाद,आदि संचालन निवर्तमान महासचिव अंखड प्रताप यादव ने किया

## फास्ट फॉरवर्ड

### मत्स्य विकास अधिकारी की रहस्यमय तरीके से मौत



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खेतासराय क्षेत्र के महरौड़ा गांव निवासी मत्स्य विकास अधिकारी की शुक्रवार की रात रहस्यमय तरीके से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मत्स्य विकास अधिकारी की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मत्स्य पालन विभाग जौनपुर में मत्स्य विकास अधिकारी पद पर कार्यरत 30 वर्षीय केशव प्रसाद बिंद को राजकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र गूजरताल का प्रभारी बनाया गया था। रात में वह गांव में चल रहे रामलीला देखने गए थे। रात्रि एक बजे वह रामलीला देखकर घर पहुंचे। इस दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन खेतासराय, शाहगंज और जिले के अस्पतालों में लेकर सुबह तक दौड़ते रहे। हर जगह डाक्टरों ने जवाब दे दिया। उनकी मौत की पुष्टि होने पर परिजन शव को घर लेकर चले आए। मौत कैसे हुई यह रहस्य बना हुआ है। ग्रामीण किसी विषैले जंतु के काटने से मौत की आशंका जता रहे हैं। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने का निर्णय लिया है। केशव प्रसाद की अभी अविवाहित थे। चर्चा है कि अगले वर्ष फरवरी माह में उनकी शादी तय हुई थी। उनकी मौत की खबर पाकर मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने उनके आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट किया।

### एस पी ने केराकत में किया पैदल मार्च



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर डा0अजयपाल शर्मा ने शुक्रवार को देर शाम केराकत नगर में अपने अधीनस्थों के साथ पैदल मार्च किया।केराकत कोतवाली प्रभारी राम जनम यादव और स्वयं एस पी साहब के मोबाइल फोन से सम्पर्क न होने के कारण उद्देश्य का पता तो नहीं चल पाया। किन्तु ऐसा समझा जाता है कि यह मार्च आमजन में पुलिस की साख मज़बूत करने,पुलिस एवं कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के ध्येय से ही किया गया है।दूसरे पहलू में यह भी कहा जा रहा है कि इस से अपराधियों और अराजक तत्वों में भय था आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना भी पैदा होगी। मार्च कोतवाली परागण से शुरू हो कर नगर भृमण करता हुआ कोतवाली आ कर समाप्त होगया। श्री शर्मा के साथ कोतवाली प्रभारी राम जनम यादव अन्य पुरुष एवं महिला सबइंस्पेक्टर व दर्जनों पुलिसकर्मी रहे।

### बीसी सखी में बेहतर लेन देन पर प्रीती सम्मानित



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** स्वयं सहायता समूह से जुड़ कर दर्जनों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली प्रीती चतुर्वेदी को गत गुरुवार को मल्हनी में आयोजित एक समारोह में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव व सीडीओ ने संयुक्त रूप से सम्मानित कर उन्हें समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए दो करोड़ दस लाख पचहत्तर हजार का चेक सौंपा। इस धन से समूहों को ऋण देकर जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। क्षेत्र के पुरा अंधरी गांव निवासी अरविंद चतुर्वेदी की पुत्री प्रीती को महिलाओं के उत्थान में विशिष्ट सहयोग पर राज्य सभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने भी सम्मानित किया था। लगभग छह माह पूर्व लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इन्हें सम्मानित किया था। प्रीती ने बताया कि हमें काम के पीछे पिता जी की प्रेरणा और बीडीओ गौरवेंद्र सिंह व मिशन प्रबंधक ऋषी मिश्रा का सहयोग व? मार्गदर्शन है।




# जरूरतमंदों तक मूल भूत सुविधाएं पहुंचाना सरकार का उद्देश्य: रमेश सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर जरूरत मंद परिवारों तक मूल भूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। सड़क, बिजली,पानी,आवास, शौचालय,शिक्षा, स्वास्थ्य और चिकित्सा जैसी प्राथमिक आवश्यकता की योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों तक सीधा पहुंच रही है। उक्त बातें उन्होंने रविवार को पटैला बाजार से रसूलपुर तक सड़क मार्ग का शिलान्यास करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह 1.2 किमी मार्ग 34 लाख रुपए खर्च कर गुणवत्ता युक्त नया बनाया जायेगा। इसके अलावा क्षेत्र के दर्जन भर अधिक टूटे फूटे संपर्क मार्गो का नव निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार धर्म जाति और मजहब से उठकर सिर्फ विकास का काम कर रही है। प्रदेश में गुण्डा ,माफायाओं से निर्भय होकर ब्यापारी, किसान,छात्र और महिलाएं अपना काम कर रही है। जिसका परिणाम है आधी आबादी जो घर के भीतर कैद रहती थी। आज स्वतंत्र रूप से नौकरी व ब्यवसाय कर रही हैं। इस मौके पर अजीत सिंह, रंगीले विश्वकर्मा,पप्पू सिंह ठेकेदार,राजू सिंह, कामेश्वर उपाध्याय,अन्नू दूबे, परवेज अहमद, अब्दुल खां, राजेश यादव गिरीश मौर्या गौरव रिगन बैजनाथ यादव सूरेश यादव अशोक निगम अमरनाथ मिश्रा सत्यनारायण बिनद आदि मौजूद रहे।

# बेसिक शिक्षा मंत्री प्रशांत मिश्रा व अमित सिंह के हाथों सम्मानित हुए जनपद के आठ उत्कृष्ट शिक्षक

- अलीगढ़ के कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में हुआ राज्य स्तरीय सम्मान समारोह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बेसिक शिक्षा मंत्री श्री संदीप सिंह ने टीम मिशन शिक्षण संवाद एवं बेसिक शिक्षा विभाग अलीगढ़ द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला में जनपद जौनपुर केआठ शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। टीम मिशन शिक्षण संवाद जनपद जौनपुर के संयोजक राजेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि दो दिवसीय 26 एवं 27 अक्टूबर 2023 को राज्य स्तरीय निपुण कार्यशाला में प्रदेशभर से चयनित शिक्षकों ने प्रतिभाग किया और अपने विद्यालयों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों एवं नवाचारों को बेसिक शिक्षा मंत्री श्री संदीप सिंह के समक्ष प्रस्तुत किया। बेसिक शिक्षामंत्री संदीप सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलीगढ़ डा. राकेश कुमार सिंह द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने गए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व प्रधानाध्यापक अमित सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश सिंह के डायट प्राचार्य के रूप में जनपद जौनपुर के कार्यो की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है तथा एक दूसरे से कुछ नया सीखने का अवसर प्राप्त होता है। सम्मानित होने वालों में डॉ अखिलेश सिंह एसआरजी, अमित कुमार सिंह प्रधानाध्यापक ताहिरपुर सिकरारा, प्रशांत मिश्र एआरपी, उपेन्द्रनाथ उपाध्याय, सहायक अध्यापक पीएस देवापट्टी बदलापुर बदलापुर, शिवम् सिंह सहायक अध्यापक पीएस लखेशर सिकरारा, मिहिर यादव सीएस पांडेपुर मुंगरा बादशाहपुर , कृष्णानंद पासवान सहायक अध्यापक सीएस जहीरूद्दीनपुर सुईथाकला, राजेश कुमार उपाध्याय प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बेलौना कला बरसठी, जौनपुर को सम्मानित किया गया।

# अशोक वाटिका में श्रीराम का संदेश पाकर भावुक हुई मां जानकी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर सदर तहसील के पचोखर गाँव मे संकट मोचन रामलीला समिति धर्म मंडल पचोखर के तत्वाधान में छठे दिन रामलीला मंचन में पात्रो द्वारा सीता हरण,शबरी भक्ति, रामसुग्रीव मित्रता,वाली वध,सीता की खोज,लंका दहन आदि लीलाओ का मंचन दिखाया गया।लक्ष्मण जी द्वारा सूपर्णखा की नाक काट लेने पर सूपर्णखा अपने भाई रावण के दरबार मे पहुचती है वहाँ पर सीताजी की सुंदरता का बखान करती है।सीता हरण के लिए रावण को उकसाती है।रावण अपने दरबार मे मामा मारीच को स्वर्ण मृग बनकर सीता को आकर्षित करने के लिए कहता है,मामा मारीच सीता जी के सामने जाकर अपनी लीला द्वारा श्रीराम जी को वन में अपने पीछे बुलाता है। मारीच नकली आवाज से लक्छ्मण को पुकारता है,लक्छ्मण मजबूर होकर लक्छ्मण रेखा खींच कर वन की तरफ दौड़ते है इतने में रावण साधु के वेश में सीता माँ को धोखे से रेखा के बाहर आने को कहता है ,सीता जी जैसे ही रेखा के बाहर आती है रावण उनका हरण करके अपने रथ पर सवार होकर आसमान में उड़ जाता है।रास्ते मे जटायु अपने चोंच से रथ को रोकने का प्रयास करते है लेकिन रावण उनके पंख को काट देता है वे अधमरा होकर धरती पर गिर पड़ते है।इधर दोनों भाई व्याकुल होकर सीता जी की खोज में वन की तरफ जाते है वहाँ जटायु को अधमरा होने पर पूछते है तो वे बताते है कि रावण लंका की तरफ सीता माता को ले गया है।राम के चरणों मे जटायु प्राण त्याग देते है।राम सुग्रीव मित्रता होती है ,वाली के आतंक से सुग्रीव को मुक्ति मिलती है,हनुमान जी वानर सेनाके साथ समुद्र किनारे पहुचते है ,वहाँ पर नल-नील की सहायता से समुद्र में रास्ता बनाते है ।श्रीराम जी की आज्ञा से हनुमान जी समुद्र के ऊपर से उड़कर जब लंका पहुचते है तो महाराज विभीषण से मुलाकात करते है जिनके घर पर भगवान श्रीराम का जप हो रहा था ।हनुमान जी अशोक वाटिका पहुँच कर सीता जी को भगवान श्रीराम जी का स्मरण चिन्ह प्रदान करते है।माता सीता बहुत भावुक हो जाती है और कहती है हनुमान आप जल्दी से यहाँ से चले जाइये ।रावण सेना आपको देख लेगी तो पकड़ लेगी।हनुमानजी भूख लगने पर वाटिका से फल खाते है और कई सैनिको का वध कर देते है।मेघनाद उन्हें पकड़ कर जब रावण दरबार मे लाते है तो उनको सजा के रूप मे पूंछ में आग लगाए जाने का आदेश होता है।इतने में हनुमान जी उड़ जाते हैं और पूरी लंका का दहन कर देते है।रामलीला समिति के पदाधिकारी , रमेश मिश्रा( छेदी गुरु ) भूपनारायन दुबे, अखिलेश तिवारी( मुन्ना), चंद्रभूषण पांडेय कृष्ण कुमार चौबे (रवि), रजनीश तिवारी, प्रवीण तिवारी,मनीष तिवारी का सक्रिय योगदान रहा साथ ही बजरंगी मिश्र, (चउआ दादा) विजय दुबे, संतोष तिवारी, संजय तिवारी, डॉ सचिन तिवारी, प्रमोद कुमार, प्रदीप तिवारी, राजेश मिश्रा प्रधानाचार्य, राजेश रंजन तिवारी, ताराचंद मिश्र अधिवक्ता, अमर नाथ तिवारी,राजेश मिश्रा समाजसेवी, अशोक मिश्रा, बैरिस्टर मिश्रा, विश्वकर्मा, कैलाश शर्मा, संजय शर्मा, मदन शर्मा,आदि सक्रिय रहे।

# पीईटी परीक्षा में पकड़े गए दो सॉल्वर, 25 हजार में दूसरे के स्थान पर दे रहा था परीक्षा

* शहर में बनाए थे 14 परीक्षा केंद्र, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट ने की निगरानी

जन एक्सप्रेस । दीप कृष्ण शुक्ला

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 28 अक्तूबर को दो पालियों में संपन्न हुई। पहली पाली परीक्षा में दो अलग अलग स्कूल से सॉल्वर पकड़े गए है। उधर द्वितीय पाली की परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुई। सुबह 10 बजे से शुरू हुई पहली पाली की परीक्षा शहर के 14 परीक्षा केंद्रों पर हुई। परीक्षा शुरू होने के बाद से ही सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट सभी केंद्रों पर चेकिंग शुरू की। सदर कोतवाली क्षेत्र के दो परीक्षा केंद्रों से सीओ सिटी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध परीक्षार्थी पकड़े गए। पूछताछ मे सैयद पब्लिक स्कूल से साल्वर मुकेश कुमार पुत्र श्यामनंदन यादव निवासी करहरा पोस्ट सेंधा जिला पटना बिहार और जी स्कूल से साल्वर सुजीत कुमार पटेल पुत्र श्याम बहादुर निवासी थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज को हिरासत मे लिया। कड़ाई से पूछताछ बताया कि वह दूसरे के स्थान पर पैसे लेकर परीक्षा देने आए थे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर आगे की जांच पड़ताल कार्यवाही शुरू की है। द्वितीय पाली की परीक्षा शाम 5 बजे समाप्त हुई। कई परीक्षार्थियों ने परीक्षा भी छोड़ी है।


पकड़ा गया साल्वर मुकेश


रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते सीओ सिटी व एसडीएम



परीक्षा देकर केंद्र से निकलते परीक्षार्थी

### क्या बोले सीओ सिटी

सीओ सिटी आशुतोष कुमार ने बताया उत्तर प्रदेश अधिनस्थ चयन बोर्ड की पीईटी परीक्षा में शहर के सर सैय्यद कालेज में बने केंद्र में मुकेश कुमार पुत्र श्यामनंदन मूल अभ्यर्थी अरुण कुमार पुत्र राम नरेश के स्थान पर परीक्षा देता पाया गया। जबकि जी स्कूल में सुजीत कुमार पुत्र श्याम बहादुर मोडीफाइड मोबाइल के जरिए पूछ पूछकर परीक्षा हल करता पाया गया। उसने पूछताछ में बताया इलाहाबाद में किसी ने रुपए लेकर प्रश्न पत्र हल कराने की जिम्मेदारी ली थी। उसी से वह प्रश्नों के जवाब पूछ रहा था। सुजीत के पकड़े जाने पर केंद्र के बाहर रहा उसका भतीजा नीरज कुमार भाग निकला। उसकी तलाश की जा रही है। सीओ ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य निकल कर आएंगे उस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इन केंद्रों पर हुई पीईटी परीक्षा

शहर के अटल बिहारी इंटर कालेज, चौधरी खजान सिंह महाविद्यालय, डीएसएन कालेज , देलही पब्लिक स्कूल, डा. हरिवंश राय बच्चन महाविद्यालय, मैचलेस विद्या मंदिर इंटर कालेज, माउंट लिटेरा जी स्कूल, न्यू एरा स्कूल, पैट्रियाट इंटर कालेज, जीजीआईसी, संट ज्यूड्स कालेज, सर सैयद पब्लिक स्कूल व वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल मे में इस परीक्षा के केंद्र बनाए गए थें। जहां सकुशल परीक्षा संपन्न कराई गई।

### सीओ, एसडीएम ने रेलवे स्टेशन की परखी सुरक्षा व्यवस्था

पीईटी परीक्षा को लेकर उन्नाव सदर एसडीएम नम्रता सिंह, सीओ सिटी आशुतोष कुमार रेलवे स्टेशन पहुचे। जंहा स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम देखे हैं। आरपीएफ और जीआरपी को निर्देश दिए हैं कि परीक्षार्थियों को ट्रेन रुकने और चलने से पहले सतर्क किया जाए ।ताकि वे सुरक्षित अपने गंतव्य को पहुंच सके।

### चप्पे चप्पे पर रही पुलिस की नजर

परीक्षा में लगे पुलिसकर्मी समय से ड्यूटी पर पहुचें। परीक्षा के निर्धारित समय से पूर्व ही ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मी अपने तैनाती स्थल पर मुस्तैद नजर आए। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड और सभ चौराहों पर पुलिस कर्मी मुस्तैदी से डटे रह कर चप्पे चप्पे की निगरानी करते नजर आए।

### जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट कर रहे थे निगरानी

पूरी परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में कराई गई। डीएम अपूर्वा दुबे ने सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से पूरी हो। जिससे परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न आए। परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों को अपने साथ किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, कैलकुलेटर, रूल, मोबाइल फोन, कैलकुलेटरयुक्त इलेक्ट्रानिक घड़ी आदि ले जाने की मनाही रही।

## हत्या आरोपी दो भाई गिरफ्तार, भेजे गए जेल

* आसीवन क्षेत्र में 25 अक्टूबर को पुरानी रंजिश में हुई थी हत्या

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

आसीवन थाना में पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने शनिवार हत्या में शामिल दो भाइयों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है। उनके पास से आला ए कत्ल यूकेलिप्टस का डंडा भी बरामद किया गया है। बता दें आसीवन के लोचनखेड़ा गांव निवासी शिवराज पुत्र हरिराज लोधी की बीती 25 अक्टूबर को गांव के ही मटरु उर्फ मलखान, नन्हेंलाल, पप्पू पुत्रगण स्व. गंगाप्रसाद को पुरानी रंजिश के चलते लाठी डंडों से पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर तीन नामित सहित चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। हत्या मे वांछित आरोपियों की पुलिस तलाश में जुटी पुलिस को शनिवार सफलता मिली। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भागने की फिराक में रहे नन्हेलाल उर्फ नन्हे व मटरु उर्फ मलखान पुत्र को मियाँगंज नहर पुल के पास से दबोच लिया। उनकी निशानदेही पर घर के पीछे छिपा कर रखे गया आला ए कत्ल यूकेलिप्टस का डंडा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में बीती 23 अक्तूबर को सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों की सूचना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बता दें कि कानपुर जिले के पेशवानगर निवासी गोपी गौतम (24) बीती 23 अक्तूबर को बाइक से सफीपुर तहसील के गांव मिर्जापुर स्थित ससुराल जा जा रहा था। परियर-चकलवंशी मार्ग पर एक निजी अस्पताल के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन निजी अस्पताल में परिजन उसका इलाज करा रहे थे। शुक्रवार रात हालत बिगडऩे पर कानपुर हैलट ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक राजमिस्त्री था। वह चार भाईयों में छोटा था। पांच महीने पहले ही उसका विवाह हुआ था। पति की मौत से पत्नी सुनीता, ससुराम आसरे, मां फूलमती सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। कोतवाल श्यामनारायन सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### टीचर की पिटाई से छात्र की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** थाना दही क्षेत्र के आवास विकास में कलोनी में रहने वाले परिवार ने अध्यापक पर गंभीर आरोप लगाया है। छात्र की मां ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनका पुत्र विकास दीक्षित विकास कॉलोनी में स्कूल में पढ़ता है उसी स्कूल में ही अमन त्रिपाठी नाम के अध्यापक ने मैथ का प्रोजेक्ट का कार्य न होने पर इतनी उठक बैठक कराई उनके पुत्र का स्वास्थ्य खराब होने लगा । पुत्र ने डर की वजह से अपने साथ हुई घटना को घर में किसी को नहीं बताया। जब उनका पुत्र लगातार कमजोर होने लगा और 10-10-2023को स्कूल में बेहोश हो गया तब प्रिंसिपल के पुत्र ने अपनी कार से उनके पुत्र को घर छोड़ गया । आरोप है कि जब उन्होंने अपने बेटे का चिकित्सीय परीक्षण कराया तो पता चला कि उनके बेटे की आंत फट गई है। पीड़ीत मां का कहना है कि टीचर की वजह से उनके बेटे की जिंदगी खतरे में पड़ गई है बेटे का अस्पताल में इलाज चल रहा है लगभग ?300000 अब तक इलाज में खर्च हो चुके हैं।

### डंपर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, दो घंटे लगा जाम

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज लखनापुर मार्ग स्थित लखनापुर गांव के मोड़ पर शनिवार दोपहर डंपर की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। हादसे के बाद नाराज परिजनों ने मार्ग जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखनापुर गांव के रहने वाले वृद्ध राजाराम उम्र 65 पुत्र खरगू दोपहर घर से गांव के निकट धान की फसल काटने के लिए खेत जा रहा था। इसी दरम्यान पीछे से नवाबगंज की ओर से जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने वृद्ध को चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से वृद्ध सड़क के निकट पानी भरे खंती में चला गया ।जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे निकट के निजी अस्पताल लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। नाराज परिजनों ने शव को लाकर घटनास्थल पर रखकर जाम लगा दिया ।सूचना पर इंस्पेक्टर अवनीश सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

### शरद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** शनिवार को शरद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से नही नगर के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। जहां श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दूध, घृत, शहद, अक्षत, रोली, चंदन, पुष्प, सुगंध, धूप, दीप व नैवेद्य आदि समर्पित कर पतित-पावनी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। उनसे सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, गंगा बिशुन घाट, शिव बाबा घाट, आनंद घाट, पुल के नीचे बने घाट व चंदन घाट पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान प्रारंभ कर दिया। श्रद्धालुओं ने गंगा के घाटों और तटों पर भगवान सत्य नारायन की कथा सुनी व प्रसाद बांटा। इसके साथ ही घाटों पर सत्यनारायण की कथा सुनी। इसके साथ ही घाटों के आस पास लगी दुकानों में भी श्रद्धालुओं ने खरीददारी की। वहीं शाम के समय नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से मां गंगा की महाआरती का आयोजन किया।

### गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जहां कुल 15 लोग फरियाद लेकर पहुंचे। जिसमें 9 मामले राजस्व से संबंधित आए। वहीं 6 मामले पुलिस से संबंधित भी आये। जिसमें एक मामलें को निस्तारित कर दिया गया। अन्य मामलों को निस्तारण के लिये संबंधित कर्मियों को सौंपा गया है। वहीं राजस्व के मामले न निस्तारित होने पर फरियादी मायूस होकर लौट गये।

### सूर्पणखा की नाक कटने का रामलीला में मंचन

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** अशोक वाटिका श्री राम लीला पंचायती समिति की ओर से शंकरपुर गांव में कराई जा रही है। जहां शनिवार को सूर्पणखा अपनी नाक काटने की जानकारी भाई रावण को देती है। खरदूषण बहन का बदला लेने के लिए युद्ध के लिए जाते हैं। श्रीराम उनका वध कर देते हैं। खरदूषण के मारे जाने की जानकारी मिलने पर रावण चिंतित हो जाता है। वह बहन सूर्पणखा का बदला लेने के लिए सीता हरण की योजना बनाता है। रावण साधु वेश में भिक्षा मांगने सीता के पास गया। वह लक्ष्मण द्वारा बनाई गई रेखा से बाहर आकर भिक्षा देने के लिए कह रहा है। बाहर आते ही रावण सीता जी का हरण कर वायु मार्ग से लंका ले जाता है। जिसके बाद रावण और जटायु में युद्ध होता है। इस मौके पर नरेन्द्र बाबा, अतुल अवस्थी श्याम दुलारे, अभिषेक, विष्णु नरायण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में युवक का फंदे से लटका मिला शव

* युवती से प्रेम संबंध के मामले में पुलिस ने की थी पूछताछ
* मामा के घर से अपने घर जाने की बात कह कर निकला था युवक

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा कोतवाली के गांव टीकर खुर्द निवासी युवक का शव नहर के बगल के खेत में जामुन के पेड़ में गमछे के फंदे से शनिवार दोपहर लटका मिला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के टीकर खुर्द निवासी भंवरेश्वर के मुताबिक बीते शुक्रवार को उसके पुत्र सोनू (25) को गांव की एक युवती से प्रेम संबंध की शिकायत पर पुलिस ने कोतवाली बुलाया था। जहां पूछताछ बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया था। जिसके बाद सोनू ग्राम रामपुर-मिर्रीकलां में अपने मामा के घर पर रुक गया था। शनिवार सुबह वहां से अपने घर जाने की बात कहकर निकला था। जहां शनिवार की दोपहर खेत पर काम करने गए ग्रामीणों ने सोनू का शव पेड़ में केसरिया रंग के गमछे के सहारे लटका देख उसके परिजनों को सूचना दी।मौके पर पहुंचे परिजनों में शव देखते ही कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को विच्छेदनगृह भेजा है। वहीं मृतक के परिजनों ने गांव की ही युवती के परिजनों पर धमकाने का आरोप लगाया है और इसी के चलते यह कदम उठाने की आशंका भी जताई है।सोनू की मौत से पिता भंवरेश्वर, मां रामावती व बहन नीलम का रो रोकर बेहाल है। मृतक का छोटा भाई मोनू दुष्कर्म के एक मामले में जेल में है। एसएसआई राममोहन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे कि कार्रवाई की जाएगी।

### सोनू की मां का पुलिस पर रुपये लेने का आरोप

सोनू की मां रामावती के मुताबिक दरोगा ने मामले के सुलह की बाबत उससे रुपये लेने के बाद और रुपये लाने पर कल मामला रफा दफा कराने का आरोप लगाया। जबकि दूसरे दिन की दोपहर बेटे की मौत हो गयी।

### गमछे के तीन टुकड़े कर लगाई फांसी

पड़ोसी के जामुन के पेड़ में लटके युवके के गले में तीन टुकड़ों में फाड़कर जोड़ा हुआ केसरिया रंग का गमछे का फंदा लगा मिला।

## बेटे के साथ जा रही महिला होमगार्ड से बाइक सवारों ने की मारपीट

* जिला अस्पताल गेट के निकट बताई जा रही घटना की बताई जा रही घटना
* पीड़िता ने दी तहरीर, पुलिस कर रही जांच

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बाइक की टक्कर से बेटे के साथ जा रही स्कूटी सवार महिला होमगार्ड गिर गई। विरोध करने पर बाइक सवार युवकों ने होमगार्ड से धक्कामुक्की की और उसके बेटे से भी हाथापाई की।भीड़ एकत्र होने पर आरोपी मौके से भाग निकले।




पीड़ित महिला ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। घटना शनिवार दोपहर जिला अस्पताल गेट के निकट की बताई जा रही है। सदर कोतवाली में तैनात महिला होमगार्ड कुसुमलता ने दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार वह अपने बेटे अभिराज (21) के साथ बीघापुर निवासी बीमार मां अनीता को देखने। स्कूटी से जा रही थी। जिला अस्पताल गेट से निकट लहराकर बाइक चला रहे युवक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह बेटे के साथ सड़क पर गिर गई। बाइक सवार युवकों ने बेटे को पीटना शुरू कर दिया। कुसुमलता विरोध किया तो बाइक सवार लोगों ने उसे भी पीटा और धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया। झड़प के दौरान उसके कान का एक बाला भी गिर गया। महिला होमगार्ड ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। अस्पताल चौकी प्रभारी प्रवीण पुंज ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## टी 20 लीग का फाइनल मैच चंद्रा क्रिकेट अकादमी ने जीता

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज, उन्नाव

उन्नाव शुक्लागंज क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित श्री राम सुंदर गणपति देवी टी 20 लीग का फाइनल मैच शनिवार को रामकली स्टेडियम में चंद्रा क्रिकेट अकादमी और हेलीजर बार्डन के बीच खेला गया। जिसमें चंद्रा क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट होकर 163 रन बनाए। बल्लेबाजी करते हुए सलमान ने 58, दीपू 51 रन बनाए। त्रिभुवन ने दो विकेट प्राप्त किये। जवाब में खेलने उतरी हेलिजर वार्डन की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी। जिसमें अखिलेश ने 21 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए सूरज ने चार व दीपू ने तीन विकेट झटके। फाइनल मैच में चंद्र क्रिकेट अकादमी ने 88 रनों से अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दीपू को मुख्य अतिथि एहसान इमरान ने दिया। लीग में बेस्ट बॉलर राज मथुर को अंकुर शुक्ला ने दिया। बेस्ट बैट्समैन का अमन चौहान को फुरकान ने पुरस्कार किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि हसन रूमी ने ट्रॉफी प्रदान की व विजेता टीम को ट्रॉफी दी गई। संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र




शुक्ला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला, कमल दोसर, अनिल रावत, अजीत सिंह, जॉनी, सुनील निषाद, अमित गुप्ता, अविरल शुक्ला, राजेंद्र कनौजिया, शहवाज आदि मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग का मजदूर पेड़ की डाल गिरने पर घायल

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज, उन्नाव

विकासखंड के गांव सेवरा में विद्युत लाइन बिछाने के दौरान अचानक पेड़ की डाल गिरने से नीचे खड़ा मजदूर गंभीर रूप घायल हो गया साथ ही खंबे पर चढ़ा मजदूर भी नीचे गिरकर घायल हो गया। ठेकेदार द्वारा प्रधान व ग्रामीणों की सहायता से घायल मजदूरों को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी अनुसार नवाबगंज विकासखण्ड के गांव सेवरा में विद्युत विभाग द्वारा नयी लाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा मजदूर उपलब्ध कराए गए हैं। शनिवार को भी ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए गए मजदूर विद्युत लाइन बिछाने का कार्य कर रहे थे। बताते हैं कि गांव में स्थानीय निवासी नीम का पेड़ छांट रहा था। इस दौरान पेड़ की कटी गयी डाल अचानक लाइन पर



गिरी जिससे विद्युत पोल पर काम कर रहा मजदूर फैज़ान पुत्र रियाजुल 22 वर्ष निवासी चमरवा जिला सम्भल गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वही नीचे खड़े मजदूर प्रीताम्बर पुत्र हरगोविंद 22 वर्ष निवासी भुभरा थाना आदमपुर जिला अमरोहा पर उक्त डाल गिरने से वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से ठेकेदार सोनू सिंह ने घायलों को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने घायलों को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेबर सप्लायर सोनू सिंह ने बताया गया की फिलहाल घायल मजदूरों का इलाज कराया जा रहा है। इसके बाद अजगैन कोतवाली में लिखित शिकायत की जाएगी।

### श्रीमद् भागवत कथा के पहले निकाली विशाल कलश यात्रा

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** श्री हनुमत बालाजी धाम मंदिर पैंगूपुर बरहट बिठूर में श्रीमद् भागवत कथा के पहले विशाल कलश यात्रा महिलाओं द्वारा एवं सभी सनातन प्रेमियों द्वारा निकाली गई। विशाल कलश यात्रा श्री हनुमत बालाजी धाम मंदिर पैंगूपुर बरहट से प्रारम्भ हुई यात्रा पैंगूपुर बरहट हिंगूपुर एवम् रमेल होते हुए बिठूर स्थित रामघाट पहुंची जहां मां गंगा के तट पर हजारों की तादाद में सनातन प्रेमियों ने कलश में गंगाजल भरकर वापस विशाल कलश यात्रा श्री हनुमत बालाजी धाम मंदिर में आई और कलश स्थापित किए गए।

## भगवंतनगर विधानसभा का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन संपन्न

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने महिलाओं में भरा जोश
* केंद्र व राज्य सरकारों की महिला संबंधी योजनाएं गिनाईं

अभी कुछ दिन पूर्व नवरात्रि हुए हैं। हमने शक्ति के विभिन्न रूपों की उपासना की है। नारी के पास सामर्थ्य की कमी नही है। यह बातें उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भगवंतनगर विधानसभा के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी देश की बागडोर थामते ही कहा था कि महिलाएं अपने ज्ञान और कौशल से घर, परिवार को तो संभालती, सजाती और संवारती हैं लेकिन वो अपने सामर्थ्य से देश की दिशा और दशा भी बदल सकती हैं। पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला बोलते हुए श्रीमती तिवारी ने कहा पहले की सरकारें महिलाओं के पास जाकर केवल वोट की बात करते थी। केवल उन्हें छलने का काम किया गया।

उन्होने आगे कहा हमारी सरकार में बेटी के जन्म से लेकर उसके विवाह तक की योजनाएं हैं। हर बहन बेटी मोदी जी को अपना काम छोड़कर वोट देने जाती हैं। क्योंकि उन्होंने उनके लिए योजनाएं बनाई हैं। योगी जी ने कहा था उत्तर प्रदेश में अगर किसी ने बहन बेटी पर कुदृष्टि डाली



तो प्रदेश में नहीं रहेगा।योगी मोदी सरकार उज्जवला, जनधन, राशन, शौचालय, आवास, आयुष्मान कार्ड, शिक्षा जैसी योजनाएं लाई और स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा दिया।

प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा चेतना पाण्डेय ने कहा अब पांच मीटर की साड़ी पहनकर केवल सर पर पल्ला करके बैठने की जरूरत नहीं है। अब आप को महिलाओं के लिए संसद और विधानसभाओं में कानून बनाने हैं। मोदी जी ने आप के लिए ये कानून पास कर दिया है।

जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा हमारी सरकार की ज्यादातर योजनाएं महिलाओं पर केंद्रित होती हैं। विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा जो सोच मोदी जी की है जो सोच योगी जी की है। महिलाओं के वंदन के साथ मैं प्रधानमंत्री जी को इस बिल के लिए धन्यवाद देता हूं। अध्यक्षता कर रही डॉ शशिरंजना अग्निहोत्री ने कहा शिव शक्ति के बिना संभव नही है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना दीक्षित ने कहा इसके लिए हम सबको प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद देना चाहिए। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन की मुख्य अतिथि के राज्य मंत्री रजनी तिवारी सहित विशिष्ट अतिथि व अतिथियों का पुष्प गुच्छ, माला और अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में चेतना पाण्डेय महिला मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, विधायक आशुतोष शुक्ला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साधना दीक्षित, कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ शशि रंजना अग्निहोत्री, विधानसभा संयोजक महिला मोर्चा किशोरी त्रिवेदी, रीता, अंजू, पूनम पांडे, सरोज गुप्ता, वीना, जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला आदि भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# दावा: इजराइल ने हमास के एयरफोर्स चीफ को किया ढेर!

## इसी ने 7 अक्टूबर को ड्रोन्स-पैराग्लाइडिंग अटैक करवाए, गाजा में 150 अंडरग्राउंड ठिकाने तबाह



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव**

इजराइल और हमास के बीच जारी जंग का 22वां दिन है। इस बीच इजराइली सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने हमास की एयरफोर्स के हेड इस्साम अबू रुकबेह को मार गिराया है। आईडीएफ के मुताबिक 7 अक्टूबर को इजराइल में पैराग्लाइडिंग से हमले के लिए रुकबेह ही जिम्मेदार था। दूसरी तरफ, लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी टैंकों के साथ गाजा पट्टी में घुसकर हमास के ठिकानों को निशाना बनाया। आईडीएफ ने बताया कि इस दौरान उनके सैनिकों की हमास के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई। इजराइल के कई सैनिक टैंकों के साथ अभी भी एक ऑपरेशन के तहत गाजा में ही मौजूद हैं। आईडीएफ ने कहा है कि वो गाजा में जमीनी हमलों को बढ़ा रहे हैं। हवाई हमलों के दौरान भी हमास के अंडरग्राउंड ठिकानों को खासतौर पर टारगेट किया जा रहा है। शुक्रवार रात को हमास के ऐसे 150 ठिकानों पर हमले हुए। इसकी वजह से गाजा के इलाके में कम्यूनिकेशन टूट गया है और इंटरनेट बंद हो चुका है। करीब 23 लाख लोग दुनिया से कट चुके हैं। इससे पहले यूएन की जनरल एसेंबली में शुक्रवार रात 2 बजे (भारतीय समयानुसार) इजराइल-हमास जंग रोकने का प्रस्ताव पास हुआ। प्रस्ताव के पक्ष में 120 वोट पड़े, वहीं विपक्ष में 14 देशों ने वोटिंग की। भारत सहित 45 देशों ने वोट नहीं किया। अमेरिका और इजराइल ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया। न्यूयॉर्क में हुई यूएन की बैठक में इजराइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने कहा, हम हमास को इस तरह के अत्याचार करने की इजाजत देकर चुपचाप नहीं बैठेंगे। इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। इस अधिकार का मतलब यह सुनिश्चित करना है कि इस तरह के अत्याचार कभी नहीं दोहराए जाएं। ऐसा तभी होगा जब हमास का पूरी तरह से खात्मा हो जाए। जंग शुरू होने के बाद नेतन्याहू से फोन पर बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि हम हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ हैं। भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजराइल के साथ हैं। विदेश मामलों के जानकार और ओआरएफ रिसर्चर कबीर तनेजा के मुताबिक पिछले 10 सालों में भारत सरकार की डिप्लोमेसी आतंकवाद के खिलाफ रही है। पीएम नरेंद्र मोदी का बयान उसी डिप्लोमेसी का हिस्सा है। तनेजा मानते हैं कि भारत का अब भी फिलिस्तीन को लेकर वही स्टैंड है जो इंदिरा या दूसरी सरकारों के समय में होता था। भारत इस समस्या के समाधान के लिए टू स्टेट सॉल्यूशन का समर्थन करता है। जंग के बीच भी भारत ने फिलिस्तीनियों की मदद के लिए जरूरी सामान भिजवाया। यही वजह है कि भारत ने यूएन प्रस्ताव से दूरी बनाई।

### अल-शिफा अस्पताल के नीचे हमास का मुख्य बेस

इस बीच मिलिट्री का हवाला देते हुए इजराइली मीडिया कैन ने बताया कि हमास की कैद में 200 से ज्यादा बंधक हैं। इनमें से 30 बच्चे हैं। 20 लोगों की उम्र 60 साल से ज्यादा है। अलजजीरा के मुताबिक, 12 साल का एक बच्चा कैद में है। उसकी मां ने कहा- मेरे परिवार के कई सदस्य मारे गए। हमास लड़ाके मेरे बेटे को उठाकर ले गए। कैदियों के कुछ वीडियो वायरल हुए। उनमें मेरा बेटा दिखा। उसे देखकर खुशी हुई। वो जिंदा है। इधर, इजराइली डिफेंस फोर्स का कहना है कि हमास का मेन ऑपरेशन बेस गाजा के सबसे बड़े अल शिफा अस्पताल के नीचे है। आईडीएफ ने इससे जुड़ी सैटेलाइट इमेज जारी की है। आईडीएफ के स्पोक्सपर्सन ने कहा- हमारे पास इस बात के सबूत हैं कि सैंकड़ों लड़ाके अस्पताल में छिपे हैं। इन बेस तक जाने के लिए लड़ाके सुरंगें का इस्तेमाल करते हैं।

### इजराइल-हमास के बीच युद्धविराम पर बातचीत

अलजजीरा के मुताबिक, कतर की मध्यस्थता में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम और प्रिजनर स्वैप एग्रीमेंट पर बातचीत हो रही है। इसके पहले ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन 26 अक्टूबर को न्यूयॉर्क में यूएन जनरल असेंबली में कहा था- हमास बंधकों को छोड़ने के लिए तैयार है, लेकिन फिर पूरी दुनिया को इजराइल की जेलों में बंद 6 हजार फिलिस्तीनियों की रिहाई का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा था- हमास ने हमसे कहा है कि वह बंधक बनाए गए आम नागरिकों को छोड़ने के लिए तैयार है। ईरान, कतर-तुर्किये के साथ मिलकर इस मानवीय काम में अपनी भूमिका निभाने को तैयार है।

# बीजेपी 18 साल से सत्ता में, 3 साल में मात्र 21 रोजगार दिए: प्रियंका गांधी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दमोह**



कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने दमोह में कहा, मध्यप्रदेश सरकार ने पिछले 3 साल में मात्र 21 रोजगार दिए हैं। पिछले 18 साल से सत्ता में हैं। यहां भर्ती से ज्यादा घोटाले हो रहे हैं। खाली पद भरे नहीं जा रहे। देश की संपत्ति बड़े-बड़े उद्योगपति मित्रों को कौड़ियों के दाम पर सौंप दी। इनसे रोजगार कैसे बनेंगे। शनिवार को आमसभा में उन्होंने कहा, सरकार और नेता से आपकी क्या उम्मीद है? इसका जनता की ओर से एक ही जवाब आता है- हमारे जीवन में मुश्किलें बहुत हैं। दावा करते हुए कहा, मध्यप्रदेश बड़े बदलाव के लिए तैयार है। 225 महीने के शासन में 250 घोटाले करने वाली भ्रष्ट भाजपा सरकार जा रही है। भारी बहुमत से कांग्रेस आ रही है।

### प्रियंका के भाषण की खास बातें

- **नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना:** नोटबंदी और जीएसटी लाकर छोटे दुकानदारों की कमर तोड़ दी। कोरोना में हमारे देश में किसी को राहत नहीं मिली, जबकि बाकी देशों में दुकानदारों को राहत दी गई। हर चीज पर जीएसटी लगा दी गई। बच्चों की किताबें, यूनिफॉर्म, इलाज, सीमेंट हर चीज पर जीएसटी लगा दी गई है।
- **जातिगत जनगणना:** हम कह रहे हैं कि जातिगत जनगणना करो। बिहार में जातिगत जनगणना की गई है। वहां 84 प्रतिशत जनता एससी, एसटी और ओबीसी है। लेकिन, अगर आप नौकरियों में बड़े-बड़े पदों को देखेंगे तो इन समुदायों का प्रतिनिधित्व क्या है? आप पाएंगे कि उतना प्रतिनिधित्व नहीं है।
- **पीएम मोदी और अडाणी:** ये लोग कहते हैं कि ओल्ड पेंशन और किसानों के कर्ज माफ करने के लिए पैसे नहीं हैं। अडानी जैसे उद्योगपतियों के हजारों करोड़ रुपए माफ करने के लिए पैसे कहां से आते हैं? आप खुद 8 हजार करोड़ रुपए के हवाई जहाज में घूम रहे हैं। आपने दिल्ली में एक बड़ा हॉल बनाया। 27 हजार करोड़ रुपए आप उसमें खर्च कर रहे हैं।
- **बेरोजगारी और महंगाई:** एक तरफ बेरोजगारी है तो दूसरी ओर महंगाई। मनरेगा को कमजोर बना दिया गया है। पेट्रोल, डीजल, खाद महंगा कर किसानों की कमर तोड़ दी। इससे रोजगार के जरिए बंद हो गए। महंगाई बढ़ती चली गई। मध्यप्रदेश में रोजगार के मौके बेहद कम हैं, इसलिए यहां पलायन बहुत हो रहा है।
- **लाड़ली बहना योजना:** चुनाव से पहले लाड़ली स्कीम क्यों? चुनाव के समय कह दिया कि लो लाड़ली स्कीम ले लो। कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को आरक्षण दिया, इसलिए आज गांव-गांव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। जब तक आप नहीं जागेंगे, आप इस सरकार से सवाल नहीं पूछेंगे, तब तक कुछ नहीं बदलेगा।
- **संसद में महिला आरक्षण:** ये महिला आरक्षण को लेकर सिर्फ इवेंटबाजी करते हैं। वे देश को गुमराह कर रहे हैं कि हमने महिलाओं को आरक्षण दे दिया। लेकिन, सच्चाई यह है कि महिला आरक्षण आने वाले 10 साल में लागू ही नहीं होगा।
- **छत्तीसगढ़ के सीएम की तारीफ:** मैंने छत्तीसगढ़ के सीएम (भूपेश बघेल) से पूछा कि आपका चुनाव कैसा चल रहा है? बोले- मैं जीतने वाला हूं। मैंने कहा- बड़े कॉन्फिडेंट से कह रहे हैं। उन्होंने जवाब दिया- हां, क्योंकि मैंने काम किया है। वे रोजगार देने में आगे हैं। कर्जमाफी में आगे हैं।
- **सीएम शिवराज को घेरा:** पिछले चुनाव की घोषणाएं इन्होंने पूरी कीं? 2018 में कहा था कि लाखों रोजगार देंगे? नेता समझ गया है कि चुनाव के समय खोखली घोषणाएं, जाति और धर्म की बात कर लो। नैया पार हो जाएगी, काम करने की जरूरत नहीं है। काम की बात नहीं करते, इसीलिए धर्म की बात करते हैं।
- **मेरे पिता को जनता की डांट पड़ी:** जब पिता प्रधानमंत्री थे, मैं उनके साथ अमेठी गई थी। वहां गांव में उन्होंने डांट खाई। लोगों ने कहा कि हमने आपसे कहा था कि ये सड़क बनाओ, अभी तक बनी नहीं है। बनवाओ, फिर वापस आओ राजू भैया। वे प्यार करते थे उनसे, लेकिन जवाबदेही थी उनकी। जनता जागरूक थी।
- **कांग्रेस की गारंटी:** कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल में पुराना पेंशन मिल रहा है। इन प्रदेशों में महिलाओं को भी पैसे मिल रहे हैं। धान का समर्थन मूल्य छत्तीसगढ़ में 2400 रु. मिल रहा है। हम जो गारंटी दे रहे हैं, वो इन प्रदेशों में देख सकते हैं। कांग्रेस पार्टी महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार लड़ रही है।

# दिमा हसाओ में 181 डीएनएलए उग्रवादियों ने हथियार डाले

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिमासा नेशनल लिबरेशन आर्मी (डीएनएलए) के 181 विद्रोहियों ने शनिवार को दक्षिण असम के दिमा हसाओ जिले में असम के मुख्यमंत्री के समक्ष हथियार डाल डाले। इस मौके पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने सभी का स्वागत करते हुए इसे एक ऐतिहासिक दिन करार दिया। उन्होंने कहा कि जिन्होंने हिंसा का रास्ता छोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के निर्माण के मिशन में शामिल हुए हैं, उनका मुख्यधारा में हार्दिक स्वागत है। यह क्षेत्र में शांति बहाली के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डीएनएलए उग्रवादियों ने समारोह में एके-सीरीज़ राइफलें, एम16 राइफलें और ग्रेनेड सहित भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार जमा किए। इसके लिए दिमा हसाओ जिले के मुख्यालय हाफलोंग में जिला खेल संघ मैदान में एक समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में असम के मुख्यमंत्री सरमा, दिमा हसाओ स्वायत्त परिषद के प्रमुख देबोलाल गार्लोसा, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जीपी सिंह और कई मंत्री, शीर्ष पुलिस और नागरिक प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएनएलए उग्रवादियों का आत्मसमर्पण असम और देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि सरकार दिमासा लोगों के विकास और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और जिन डीएनएलए कैडरों ने आत्मसमर्पण किया है, उन्हें समाज में फिर से शामिल होने के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि डीएनएलए का गठन 2019 में हुआ था और यह असम में एक अलग दिमासा मातृभूमि के लिए लड़ रहा था।

### हीरानंदानी को दिया था संसद का लॉगइन-पासवर्ड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** संसद में सवाल के बदले पैसे (कैश फॉर क्वेरी) मामले में फंसी टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को एथिक्स कमेटी ने पेश होने के लिए तारीख दे दी है। शनिवार 28 अक्टूबर को एथिक्स कमेटी ने महुआ को 2 नवंबर के पहले पेश होने को कहा है। कमेटी ने ये भी कहा कि इस तारीख में कोई बदलाव नहीं होगा। महुआ ने शुक्रवार 27 अक्टूबर को एथिक्स कमेटी को लिखा था कि वे 5 नवंबर के बाद ही मौजूद हो पाएंगी। इससे पहले कमेटी ने महुआ को 31 अक्टूबर को पेश होने को कहा था। इधर, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने स्वीकार किया है कि उन्होंने अपने मित्र और बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी को संसद का अपना लॉगइन पासवर्ड दिया था। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार किया कि उन्होंने इसके बदले में कैश या महंगे गिफ्ट लिए। तृणमूल कांग्रेस की सांसद ने कहा- उन्होंने बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी से सिर्फ एक स्कार्फ, लिपस्टिक और आईशैडो लिया था, वो भी एक फ्रेंड के तौर पर। इसके साथ ही अपने बंगले के रेनोवेशन के लिए उन्होंने हीरानंदानी से मदद मांगी थी। अंग्रेजी अखबार द इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में मोइत्रा ने कहा- कोई भी सांसद अपना सवाल खुद टाइप नहीं करता। मैंने दर्शन हीरानंदानी को पासवर्ड और लॉग-इन दिया था ताकि उनके दफ्तर में कोई कर्मचारी सवाल टाइप कर के अपलोड कर दे। महुआ ने कहा- सवाल अपलोड करते समय फोन पर एक ओटीपी आता है। इसके लिए मेरा फोन नंबर दिया गया है। ऐसे में ये सवाल नहीं उठता कि दर्शन या फिर कोई और मेरी जानकारी के बिना सवाल अपलोड कर सकते थे।

## बीजेपी विपक्ष को डराने का काम कर रही, एक दिन उन्हें भी भुगतना होगा: खरगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम और राजस्थान में इस बाबत सरगर्मियां तेज हैं। इस बीच, राजस्थान में ईडी की हालिया छापेमारी को लेकर विवाद तेज हो गया है। विपक्षी पार्टियां पहले से ही मोदी सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाती रही हैं। अब इस ताजा कार्रवाई को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भड़क गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन छापेमारी से नहीं डरेगी और एक दिन भाजपा को भी इसे झेलना पड़ेगा। खरगे ने आगे कहा कि %वे (बीजेपी) गहलोत के चुनाव को बर्बाद करना चाहते हैं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को डराना चाहते हैं। वह ऐसा हमेशा करते हैं लेकिन हम इससे नहीं डरेंगे और इसका मजबूती से सामना करेंगे। वह जो भी कर रहे हैं, वह सही नहीं है। हम 50 सालों से राजनीति कर रहे हैं लेकिन चुनाव के दौरान कभी भी ईडी, सीबीआई की छापेमारी नहीं हुई। लेकिन आज हो रही है क्योंकि वह सीएम से डरे हुए हैं लेकिन एक दिन उन्हें भी इसे झेलना पड़ेगा।

# 2014 के बाद सरकारी नौकरियों में महिलाओं की भर्ती दोगुनी: जितेंद्र सिंह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



बीते कुछ सालों में हर क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिध्त्व बढ़ा है। फिर चाहें बात खेल की हो या अंतरिक्ष के क्षेत्र की। वहीं, बीते नौ सालों में मोदी सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कई योजनाओं की घोषणा की है। जिसके बाद से महिलाएं और उत्साह से आगे आ रही हैं। इस बीच, केंद्र में मंत्री जीतेंद्र सिंह ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि 2014 के बाद से विभिन्न स्तरों पर सरकारी नौकरियों में महिलाओं की भर्ती दोगुनी हो गई है। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह शनिवार को 10वें रोजगार मेले में अपने स्वागत भाषण में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 से पहले के सालों में महिला भर्तियों की संख्या जहां लगभग 6-6.25त्न हुआ करती थी वहीं, 2014 के बाद, पिछले नौ वर्षों में उनकी संख्या दोगुनी से अधिक 12-13त्न हो गई है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम लागू करके और सशस्त्र बलों में महिलाओं को कमीशन रैंक प्रदान करके नारी शक्ति को सशक्त बनाया है। महिलाओं को इसरो में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इतना ही नहीं, संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण और सरकारी नौकरियों में महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व ने यह सुनिश्चित किया है कि विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में अगले 24 वर्षों में महिलाएं अमृतकाल के दौरान समान भागीदार के रूप में उभर कर आएं। इस दौरान उन्होंने 10वें रोजगार मेले के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि ये इसलिए भी खास है कि 50,000 से अधिक नई नियुक्तियों में से 21 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व महिलाएं करती हैं। बीते साल के दौरान आयोजित 10 रोजगार मेलों में 6.48 लाख से अधिक नियुक्तियों में से 1.1 लाख से अधिक महिला कर्मचारी हैं, जो कुल नई भर्ती का 17 प्रतिशत है। बता दें कि शनिवार यानी आज पीएम मोदी ने 10वें रोजगार मेले के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों में भर्ती हुए लगभग 51,000 लोगों को वर्चुअल नियुक्ति पत्र वितरित किए।

# स्मार्ट फुटवियर और एआई के इस्तेमाल से फुटवियर सेक्टर का लीडर बनेगा भारत

- मीट एट आगरा के दूसरे दिन तकनीकि सत्र में विषेशज्ञों ने साझा किये अपने अनुभव
- देर शाम तक चले फेयर में दूसरे दिन पहुंचे 3421 विजिटर्स, उद्यमियों में दिखा ख़ास उत्साह

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



फुटवियर तकनीकि की रचनात्मकता दुनिया में किस प्रकार भारतीय फुटवियर उद्योग नवीनतम तकनीकि और क्वालिटी के दम पर वर्ल्ड लीडर बनाने की राह में आगे बढ़ रहा है, कुछ ऐसी उत्साहजनक बातों के बीच शनिवार को गांव सिंगना स्थित आगरा ट्रेड सेंटर पर चल रहे मीट एट आगरा में ऐसी तमाम बाते सामने आईं जिससे साफ़ दिखा कि ताज नगरी की जमीं किस तरह औद्योगिक क्रांति का सिरमौर बनने जा रही है।

### तकनीकी सत्र में विषेशज्ञों ने रखी बात

एफमेक द्वारा आयोजित 'मीट एट आगरा' के 15वें संस्करण के दूसरे दिन तकनीकि सत्र में तीन पैनल्स में अलग अलग विषयों पर विषेशज्ञों ने अपनी बात रखी। प्रथम पैनल सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग एन्ड वे फॉरवर्ड यानी सतत विनिर्माण आगे बढ़ने का रास्ता विषय पर रहा। जिन्हे अपने प्रभावी अंदाज़ में सौरभ मनचंदा ने मॉडरेट किया।

### उद्यमी करें ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग को अडॉप्ट

सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश सरकार में पर्यावरण, वन जलवायु परिवर्तन के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह (आईएएस) ने सस्टेनेबिलिटी पर बात करते हुए कहा की उद्यमी ग्रीन मेन्युफेक्चरिंग को अडॉप्ट करें इसके लिए सरकार के सतत प्रयास जारी हैं हमारी कई योजनाएं इस दिशा में तेजी से काम कर रही हैं।

सीएलई के कार्यकारी निदेशक आर. सेल्वम (आईएएस) ने कहा बदलते दौर में इंडट्री मजबूती से खड़ी हो इसके लिए अलग-अलग क्लस्टर में हम जागरूक कार्यक्रम कर रहे हैं अधिकतर लेदर सेक्टर में एमएसएमसी काम कर रहे हैं, इनके विकास में सीएलई अहम् भूमिका निभा रही है। फिनिश्ड लेदर पैनल के संयोजक एन. शफीक अहमद ने सस्टेनेबिलिटी की दिशा में खुद को आगे लाकर किस प्रकार ग्लोबल स्पलाई चैन मजबूत कर सकते हैं इस



पर प्रकाश डाला। इफ्कोमा के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा की फुटवियर में 32 कम्पोनेंट्स इस्तेमाल होते हैं। हम लगातार सस्टेनेबिलिटी के जरिये ग्लोबल सप्लाई चेन को मजबूत करने पर काम कर रहे हैं। रैम्बल के निदेशक नीरज गर्ग ने इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी सोल्यूशन की बात करते हुए ग्लोबल बेस्ट प्रेक्टिस को अपनाने के लिए उद्यमियों का आह्वान किया। कॉन्सेप्ट कंसीवर्स और एक्ज़ीक्यूटर्स के एमडी गगन छाबड़ा और संतोष परगाल एंड कंपनी के एमडी संजय परगाल ने सस्टेनेबिलिटी के मायने समझते हुए इंडस्ट्री की जमीनी हकीकत से सभी को रूबरू कराते हुए सरकार से ग्रीन एनर्जी पर सब्सिडी बढ़ाकर इसके प्रोत्साहन पर जोर दिया।

### नई तकनीकि और इनोवेशन पर करें फोकस

दूसरे पैनल में एफमेक महासचिव राजीव वासन ने नई तकनीकि और इनोवेशन पर फोकस करने की बात कही। गुप्ता एच.सी. ओवरसीज के निदेशक चेतन गुप्ता ब्रांडिंग के महत्त्व पर प्रकाश डाला, वहीं ईशान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के निदेशक प्रो. (डॉ.) पंकज शर्मा ने स्मार्ट फुटवियर में एआई के इस्तेमाल के विभिन्न पहलुओं को समझाया। एफएएफएम के अध्यक्ष कुलदीप कोहली ने डिज़िटल मार्केटिंग के महत्व और इसकी उपयोगिता पर अपने अनुभव साझा किये, एस. लैमोस शूज़ के नकुल मनचंदा ने डिजिटल मार्केटिंग को वक्त कि जरुरत बताया, डीटीयू के प्रो. (डॉ.) राहुल कटारिया ने ग्लोबलाइजेशन और बदलाव के दौर में खुद को आगे ले जाने के लिए एआई और डिजिटल मार्केटिंग को इस्तेमाल में लाने की जरुरत पर जोर दिया।

### अनिश्चितता के माहौल में बैंक इंडस्ट्री को करें स्पोर्ट

बैंक फंडिंग बनाम वेंचर कैपिटल एन्ड इंफ्रा सॉल्यूशंस पर बात करते हुए एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा रसिया यूक्रेन युद्ध से वैश्विक बाज़ार में अनिश्चितता का माहौल है ऐसे में जरुरत हैं बैंक इंडस्ट्री को स्पोर्ट करें। साथ ही उन्होंने आगरा को लेदर फुटवियर में मिले जीआई टैग से इंडस्ट्री को मिलने वाले बल पर जानकारी दी। सीएलई के वाइस चेयरमैन आर.के. जालान में बताया की कई वेंचर आज फुटवियर सेक्टर में आना चाहते हैं यह इस इंडस्ट्री के लिए अच्छे संकेत हैं। डीजीएम-एसएमई दिल्ली सर्कल एसबीआई तपन शर्मा, एचडीफसी के वाईस प्रेजिडेंट एवं जोनल हेड मनोज चतुर्वेदी, रीजनल हेड एवं डीजीएम बिजनेस बैंकिंग, आईसीआईसीआई बैंक कमल सिंह ने अपने सम्बोधन में बताया कि बैंक किस प्रकार अपनी तमाम योजनाओं के माध्यम से इंडस्ट्री को गति देने का काम कर रहे हैं। सीए देवेश अग्रवाल ने फाइनेंशियल डिसीप्लेन के महत्त्व को बताया वहीं ईसीजीसी के उमेश वर्मा ने इंडस्ट्री रिस्क प्रबंधन पर विभागीय प्रयासों साझा किया। दौरान एनआईडी अहमदबाद के अशोक मंडल ने एक प्रजेंटेशन के जरिये वर्तमान समय में फुटवियर इंस्ट्री में नवाचार को समझाया।

### शाम तक आते रहे विजिटर्स

दूसरे दिन सुबह से लेकर देर शाम तक लगातार विज़िटर्स का आना जारी रहा, न सिर्फ फैक्ट्री ऑनर्स ने इस आयोजन में सिरकत की बल्कि भविष्य की उद्यमियों ने भी इस एग्जिविशन में हिस्सा लिया। ऐसा लग रहा था इस आयोजन में सहभागिता के मौके को इंडस्ट्री से जुड़ा कोई भी कारोबारी चूकना नहीं चाहता था। शनिवार को कुल 3421 विजिटर्स ने भाग लिया।

### मुख्य रूप से हुए शामिल

इस दौरान एफमेक के सचिव ललित अरोरा, प्रदीप वासन, सुधीर गुप्ता, एफएएफएम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह कोहली, एएसएमए के अध्यक्ष ओपिंदर सिंह लवली, एफमेक के चन्द्रशेखर जीपीआई, रोमी मगन आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# हरियाणा में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बदले गए कई नेताओं को लगा जोर का झटका

जन एक्सप्रेस | बी.पी. पाण्डेय



**गुरूग्राम।** हरियाणा प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष बदले जाने से प्रदेश से लेकर ग्लोबल सिटी गुडग़ांव में कई बीजेपी नेताओं को जोर का झटका लगा है। मालूम हो कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्तर पर कई राज्यों में बीजेपी संगठन में बदलाव करते हुए हरियाणा बीजेपी के अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ को बदल कर नायब सैनी को प्रदेश बीजेपी का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। जिससे प्रदेश लेकर गुडग़ांव के तमाम बीजेपी नेताओं को बड़ा झटका लगा है। जो कुछ सालों में ओम प्रकाश धनखड़ के नियर डियर बन गए थे। जिनको आने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट मिलने की आस थी। जेपी नड्डा ने ओम प्रकाश धनखड़ को बीजेपी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। नायब सैनी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करीब माने जाते हैं। ओम प्रकाश धनखड़ का मुख्यमंत्री मनोहर लाल से 36 का आंकड़ा जगजाहिर था। ओम प्रकाश धनखड़ के बदले जाने से राजनीतिक चर्चा गुडग़ांव बीजेपी में दिन भर होती है। गुरूकमल में पूर्व सांसद डॉ सुधा यादव की पत्रकार वार्ता के दौरान ओम प्रकाश धनखड़ के अचानक बदले जाने की चर्चा हुई। जिस पर केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डॉ सुधा यादव ने संगठनात्क बदलाव की बात कर अन्य मुद्दों की तरफ बढ़ गई है। राजनीतिक जानकारों कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के बदले जाने का असर निश्चित रूप से हरियाणा प्रदेश की राजनीति पर पड़ेगा और नए अध्यक्ष नायब सैनी अब अपनी तरह से प्रदेश बीजेपी संगठन की पारी को आगे बढ़ाएंगे।

# महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित महाकाव्य रामायण सदा है प्रासंगिक: सुमेर सिंह तंवर


जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम



महाकाव्य रामायण युगों-युगों तक हिंदू धर्म के एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक ग्रंथ के तौर पर पढ़ा जाएगा। रामायण लिखने का श्रेय एक ऐसे ऋषि को जाता है, जो नारद मुनि के साथ हुई मुलाकात के बाद उनका हृदय परिवर्तित हो गया था और उन्होंने सत्कर्म का मार्ग अपना लिया था। उन्होंने ब्रह्मा जी का कठोर तप कर अपने कार्यों का पश्चाताप किया था, जिस पर ब्रह्माजी ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें वाल्मीकि का नाम दिया था। उन्होंने महाकाव्य रामायण की रचना की थी, जो प्रासंगिक है। उक्त उद्गार भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी सुमेर सिंह तंवर ने वाल्मीकि जयंती पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब प्रभु श्रीराम ने माता सीता को त्याग दिया था, तब वह ऋषि वाल्मीकि के आश्रम में रहने लगी थीं, जहां उन्होंने अपने दोनों पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि को रत्नाकर के नाम से भी जाना जाता है। रत्नाकर को जब अपने कार्यों का आभास हुआ तो उन्होंने नया पथ अपनाने का फैसला लिया। ऐसी मान्यता है कि रत्नाकर ने लंबे समय तक राम नाम का जप किया, हालांकि कुछ समय के बाद राम शब्द मरा हो गया। मरा शब्द को कई सालों तक जपने के कारण वाल्मीकि का शरीर दुबला हो गया और उस पर चीटियां भी लग गईं, अपनी कठोर साधना से वाल्मीकि ने ब्रह्मा को प्रसन्न किया, जिसके परिणाम स्वरूप ब्रह्मा ने उन्हें ज्ञान दिया और रामायण लिखने का सामर्थ्य दिया उन्होंने रामायण की रचना की, जो एक पवित्र धार्मिक ग्रंथ है और सदा प्रासंगिक है। आमजन को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# पंडित दीन दयाल जी के अंत्योदय के सपने को साकार करेगा वाल्मीकि चौपाल का पुनर्निर्माण: नवीन गोयल

जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम



आदिकवि, महर्षि महान संत, भगवान वाल्मीकि की जयंती यहां नई बस्ती में भगवान वाल्मीकि समाज कल्याण सभा की ओर से धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने वाल्मीकि प्रकटोत्सव समारोह में भगवान वाल्मीकि के चरणों में माथा टेका और सभी को बधाई दी। नवीन गोयल ने भगवान वाल्मीकि चौपाल के जीर्णोद्धार के लिए नींव रखी। यह कार्य 2.5 करोड़ रुपये के खर्च से पूरा होगा। भगवान वाल्मीकि चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए उनके प्रयासों के लिए संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, डॉ. सुधा यादव, राव इंद्रजीत सिंह, अर्बन बॉडी मंत्री कमल गुप्ता, निगम अधिकारी वाईएस गुप्ता, निगम आयुक्त पीसी मीणा, पूर्व आयुक्त मुकेश आहूजा, एक्सईएन मनोज व रोहताश का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में सभी का पूर्ण सहयोग मिलता है। इस कार्य में सांसद धर्मबीर सिंह, मेयर मधु आजाद, पार्षद दलीय साहनी का पूरा सहयोग मिला। नवीन गोयल ने संस्था के पदाधिकारी सुल्तान सिंह चावरिया, कुलदीप सिंह, जुगेश कुमार, ईशू वाल्मीकि, राजकुमार, ज्ञानेश्वर समेत सभी साथियों को बधाई दी। नवीन गोयल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने पवित्र रामायण के रूप में प्रभु श्री राम के जीवन को वर्णित किया। युगों-युगों से रामायण संपूर्ण विश्व को प्रभु श्री राम के जीवन, धर्मनिष्ठा, तप और संघर्ष का दर्शन कराकर सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें भगवान वाल्मीकि द्वारा दिखाए सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। समाज के उत्थान के लिए काम करना चाहिए। हम सबको भगवान वाल्मीकि की शिक्षाओं का अनुसरण करते समाजसेवा के कार्य करने चाहिए। नवीन गोयल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि भारत के पहले संस्कृत के कवि थे। हिदू महाकाव्य रामायण उनकी एक महान रचना है। उन्होंने माता सीता को अपने आश्रम में शरण दी थी। वहीं पर माता सीता जी ने अपने पुत्रों लव और कुश को जन्म दिया। लव कुश को शिक्षा भगवान वाल्मीकि ने ही दी। उन्होंने कहा कि इंसान की अगर इच्छा शक्ति उसके साथ हो तो कोई काम बड़े आराम से कर सकता है। अपनी इच्छा शक्ति से ही वह अपने मार्ग पर आगे बढ़ता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने रामायण महाकाव्य की रचना करके सर्व समाज को जीवन में नेकी, ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी। उनके इस महाकाव्य को भारत देश में न केवल अपनाया गया, बल्कि उनकी शिक्षाओं पर चलते हुए सर्व समाज तरक्की कर रहा है। इस अवसर पर अनिल अटवाल जिला खनन अधिकारी, मधु आजाद महापौर गुरुग्राम, दलीप साहनी पार्षद, संजय शर्मा समाज सेवी, जितेन्द्र एसएचओ महावीर एसओ नगर निगम मानेसर, धर्मेन्द्र कौशिक चेयरमैन जीएवी स्कूल, राजेश गुलिया प्रदेश सह संयोजक पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा, त्रिलोक चंद सारवान संरक्षक, सुल्तान वाल्मीकि प्रधान, रोशन लाल गर्ग चेयरमैन सदर बाजार एसोसिएशन गुरुग्राम, समाजसेवी विनोद कटारिया, समाज सेवी गुरुग्राम, राजेश सैनी, सीमा पाहुजा पूर्व पार्षद नगर निगम गुरुग्राम, पवन पाहुजा (बंटी), गजेंद्र गुप्ता, सतीश चोपड़ा, विनय गहलोत, ईशू वाल्मीकि समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# लोगों ने मिलकर नई जिम्मेदारी के लिए प्रदीप यादव को दी बधाई



जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की हुई घोषणा के तहत गुरुग्राम निवासी युवा नेता प्रदीप यादव को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा ने पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए नवीन कार्यकारिणी को बधाई दी। इस मौके पर प्रदीप यादव ने बताया कि वो इस घोषणा से काफी खुश हैं व हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री ओमपकाश धनखड़, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा समेत शीर्ष प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। राष्ट्रवादी छात्र संगठन एबीवीपी से छात्र राजनीति से शुरुआत करने वाले प्रदीप यादव पूर्व में विभिन्न पदों पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं इसे पद नही बल्कि दायित्व समझता हूँ और जिस विश्वास के साथ संगठन ने यह जिम्मेदारी सौंपी है मैं पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारी का निर्वाह करूँगा। प्रदेश भाजपा संगठन को बल देने और युवाओं के मध्य राष्ट्रवाद के विचारों के साथ भाजपा को मजबूत करने के लिए कार्य करूँगा। बीजेपी नेता एवं समाजसेवी सुरेश यादव ने प्रदीप यादव को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके सफल प्रयास से युवा भाजपा मजबूत होगी। सुरेश यादव ने कहा कि प्रदीप यादव ने अपनी राजनीतिक कार्यकुशलता की बदौलत काफी युवाओं को बीजेपी से जोड़ने का काम किया है।

# स्वाधीनता संग्राम व सामाजिक कार्यों में मार्गेट एलिजाबेथ का रहा बड़ा योगदान: विजय परमार


जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम



देश के स्वतंत्रता संग्राम सामाजिक कार्यों में विदेशी मूल के नागरिकों का भी सहयोग रहा है। आयरलैंड मूल की मार्ग्रेट एलिजाबेथ नोबल जिन्हें सिस्टर निवेदिता के नाम से जाना जाता है, उन्होंने देश में रहकर काफी सामाजिक कार्य किए थे। उनकी जयंती पर उन्हें याद करते हुए नगर निगम के भावी पार्षद उम्मीदवार व आरडब्ल्यूए सेक्टर 7 एक्सटेंशन हाउसिंग बोर्ड के प्रधान विजय परमार ने कहा कि उनका जन्म आयरलैंड में हुआ था। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना, राष्ट्रीय चेतना, एकता, पुनर्जागरण व राष्ट्रीय स्वाधीनता में योगदान दिया था। स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों से मार्गेट बड़ी प्रभावित थी। स्वामी विवेकानंद के इंग्लैंड प्रवास के बाद भी मार्गेट वेदांत आंदोलन के लिए काम करती रही। स्वामी विवेकानंद ने ही उन्हें निवेदिता नाम दिया था, जिसका अर्थ है जो समर्पित है। परमार ने बताया कि मार्गेट भारत में एक शिक्षिका के रुप में आई थी। उन्होंने देश के बच्चों को शिक्षा देने के लिए स्कूल की स्थापना की थी। वह समाजसेवा के प्रति पूरी तरह से समर्पित रही। कलकत्ता में भीषण रुप से प्लेग फैलने पर उन्होंने बस्तियों में जाकर लोगों की बड़ी सेवा की थी। कलकत्ता में बालिका विद्यालय की स्थापना उनके द्वारा की गई थी। अरविंदो घोष जैसे राष्ट्रवादियों से उनका घनिष्ठ संबंध था। विजय परमार देशवासियों से आग्रह किया कि देश की स्वतंत्रता में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को सदैव याद रखना चाहिए। उनकी बदौलत ही देशवासी खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर को करेंगे कलश यात्रियों को संबोधित

जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम



आजादी के अमृत काल में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के ध्येय के साथ शुरू की गई अमृत कलशों में गुरुग्राम सहित देश के प्रत्येक गांव व कस्बों से एकत्रित की गई मिट्टी को 29 अक्टूबर को दिल्ली ले जाया जाएगा। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के महान वीरों के सम्मान में 31 अक्टूबर को इन अमृत कलशों की मिट्टी दिल्ली में बनी अमृत वाटिका में रखेंगे। धनचिरी कैंप में करीब 12 हजार यात्रियों के ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है गुरुग्राम जिला के मानेसर व गुरुग्राम नगर निगम, पटौदी व सोहना नगर परिषद, नगर पालिका फरुखनगर तथा सोहना, पटौदी, फरुखनगर व गुरुग्राम खण्ड से एक-एक अमृत कलश दिल्ली भेजा जाएगा। जिला के सभी 9 कलश यात्री व नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर रविवार को 12 बजे सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल जॉन हॉल परिसर के शहीद स्मारक से धनचिरी कैंप के लिए रवाना होंगे। गुरुग्राम जिला से फरुखनगर पंचायत समिति के चेयरमैन सुधीर कुमार के नेतृत्व में अमृत कलश यात्री दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इस दल में नगर निगम, गुरुग्राम से पार्षद कुलदीप बोहरा, नगर निगम, मानेसर से सरपंच सुंदर लाल, नगर परिषद पटौदी मंडी से शुभम, नगर परिषद सोहना से पार्षद नितिन यादव, नगर पालिका फरुखनगर से पार्षद कप्तान सिंह, गुरुग्राम खण्ड से अंजू देवी, पटौदी खंड से अजीत सिंह, सोहना खण्ड से यशपाल के सा नेहरू युवा केंद्र से कपिल, रोहित, राजकुमार व मंजीत इस दल में शामिल होंगे। यात्रियों के ठहराव के लिए धनचिरी कैम्प में कुल बारह हैंगर बनाए गए हैं। जिसमें दस हैंगर पुरूष यात्रियों व दो हैंगर महिला यात्रियों के लिए होंगे। 30 अक्टूबर को इस कार्यक्रम की इंडिया गेट पर रिहर्सल होगी और 31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

# महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मोदी और मनोहर सरकार ने अनेक काम किए हैं: डॉ. सुधा यादव

जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम



भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य तथा पूर्व सांसद डॉ. सुधा यादव ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार के 9 सालों का कार्यकाल व्यवस्था परिवर्तन, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास - सबका प्रयास, संवेदनशील व पारदर्शी प्रशासन और अंत्योदय उत्थान का साक्षी रहा है। प्रदेश सरकार ने हरियाणा का चौतरफा विकास किया है। इन 9 सालों में व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन और सुशासन से सेवा के संकल्पों के परिणाम को प्रदेशवासी महसूस कर रहे हैं। पार्टी कार्यालय गुरुकमल में मनोहर सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को पत्रकारों के साथ साझा करते हुए डा. सुधा यादव ने कहा कि जनहित के कार्यों की बदौलत 2024 में केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, जिला महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव व जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, सह मीडिया प्रमुख जयवीर यादव व नीरज यादव उपस्थित रहे। डा. सुधा यादव ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार दक्षिण हरियाणा की माइनरों में 39 साल के बाद सभी टेल तक पानी पहुंचा। हर घर नल से पहुंच रहा है। डा. सुधा यादव ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मोदी और मनोहर सरकार ने अनेक काम किए हैं। महिलाएं सुरक्षित रहें इसके लिए महिला थाने खोले, अलग से कालेज बनाकर महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। प्रदेश के किसान खुशहाल है, उद्योग का पहिया तेजी से घूम रहा है, विश्व स्तर का इन्फ्रास्ट्रक्चर, गरीब से गरीब व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है डा. सुधा यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाएं मील का पत्थर साबित हो रही हैं। भाजपा ने जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया। जम्मू कश्मीर से धारा-370 को हटाया जम्मू कश्मीर में टूरिज्म बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित होने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जी-20 की सफलता से भारत की प्रतिष्ठा दुनिया में और बढ़ी है। दूसरे देशों के राष्ट्राध्यक्ष प्रधानमंत्री के पैर छू रहे हैं यह बदलता हुआ भारत है।

# मनोहर सरकार के कार्यकाल में प्रदेश का निर्यात बढ़कर हुआ 245453 करोड़ रूपए: अनुराग बख्शी

जन एक्सप्रेस | गुरुग्राम



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में नौ वर्षों में प्रदेश का निर्यात वर्ष 2022-23 में बढ़कर 245453 करोड़ हो गया है। पूरे देश में सबसे अधिक निर्यात करने वाले राज्यों में हरियाणा सातवें स्थान पर पहुँच गया है। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बख्शी ने कहा कि अपना कार्यकाल एक वर्ष और बढ़ाये जाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हरियाणा औद्योगिक विकास और निर्यात में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। देश के कुल खाद्यान भंडार में हरियाणा का योगदान दूसरे स्थान पर है और भारत से होने वाले बासमती चावल के निर्यात का लगभग 60त्न केवल हरियाणा से है। बख्शी ने कहा की हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां पर विदेशों के साथ व्यापार और दूसरे सामाजिक आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विदेश सहयोग विभाग और प्रदेश से निर्यात को गति देने के लिए हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन किया गया है यह मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरगामी सोच का प्रमाण है एक सितम्बर को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा सरकार और विदेश मंत्रालय भारत सरकार के आला अधिकारियों के साथ 18 अफ़्रीकी देशों के राजदूतों को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया जिससे हरियाणा और अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार और दूसरे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

ये सब प्रयास हरियाणा के समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गो ग्लोबल सोच का परिणाम है। जिसके आने वाले समय में दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में मददगार साबित होंगे।